RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net वर्ष 33 ■ अंक 300 ■ मुंबई, गुरुवार 22 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 संरक्षक : आरएन सिंह



...ताकि यूनुस सरकार का दिमागी बैलेंस ठीक रहे
पेज-4



यूपी के 19 अमृत भारत स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी
पेज-6



इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल
पेज-9



सनी देओल पर बच्चों की तरह प्यार लुटाते दिखे पापा धर्मेंद्र
पेज-10

## 'वक्फ सिर्फ दान, यह इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं'

### केंद्र ने SC में दी दलील; गैर मुस्लिमों की नियुक्ति को बताया जरूरी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान बुधवार को केंद्र सरकार ने अपनी दलीले पेश कीं। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने कहा कि वक्फ सिर्फ एक इस्लामी अवधारणा है। यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। केंद्र ने कहा कि इस्लाम में वक्फ का मतलब केवल दान है, इसके अलावा कुछ नहीं। दान को हर धर्म में मान्यता प्राप्त है। इसलिए इसे धर्म का अनिवार्य सिद्धांत नहीं माना जा सकता। तुषार मेहता ने तर्क दिया कि वक्फ बाय यूजर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। यह केवल वैधानिक मान्यता है, जिसे छीना जा सकता है।

सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया कि





हिंदू बंदोबस्ती पूरी तरह से धार्मिक है। इसमें आयुक्त मंदिर के अंदर जाकर पुजारी की नियुक्ति कर सकता है। लेकिन वक्फ मस्जिद, दरगाह, अनाथालय या स्कूल कुछ भी हो सकता है। इसलिए इसमें गैर मुसलमानों का शामिल किया गया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, 'एक झूठी कहानी गढ़ी जा रही है कि उन्हें दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे, नहीं तो वक्फ पर सामूहिक रूप से कब्जा कर लिया जाएगा।' मेहता ने कहा कि दान अन्य धर्मों का भी हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं में दान की परंपरा है। सिखों में भी यह व्यवस्था है। इस्लाम में भी दान की व्यवस्था है और वही वक्फ है।

**चीफ जस्टिस की बेंच कर रही सुनवाई**

वक्फ कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई चीफ जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ कर रही है। तुषार मेहता ने कहा कि वक्फ बोर्ड केवल धर्म निरपेक्ष काम करता है। इसलिए बोर्ड में दो गैर मुस्लिमों की नियुक्ति से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।

## ट्रंप के टैरिफ का भारत पर नहीं होगा असर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक व्यापार में व्यवधानों के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए भारत अच्छी स्थिति में है। मूडीज रेटिंग का मानना है कि घरेलू विकास कारक और निर्यात पर कम निर्भरता अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करती है। बता दें कि मूडीज ने इस महीने की शुरुआत में 2025 कैलेंडर वर्ष के लिए अपने आर्थिक विकास पूर्वानुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।





हालांकि इसके बावजूद भारत की विकास दर जी-20 देशों में सबसे ज्यादा रहने की उम्मीद जताई थी। रेटिंग एजेंसी ने भारत के संबंध में जारी एक रिपोर्ट में कहा कि निजी खपत को बढ़ावा देने, मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता का विस्तार करने और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने के लिए सरकारी पहलों से वैश्विक मांग के कमजोर होते दृष्टिकोण को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

**पाकिस्तान को झेलना पड़ेगा नुकसान**

महंगाई में कमी से ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ेगी और यह अर्थव्यवस्था को समर्थन प्रदान करेगी। अगर ब्याज दरों में कटौती होती है तो बैंकिंग सेक्टर के कर्ज संबंधी समस्याओं को कम करेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के साथ तनाव पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर ज्यादा असर डालेगा। मूडीज ने कहा, 'पड़ोसी देश के साथ तनाव में निरंतर वृद्धि के बावजूद हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधानों की उम्मीद नहीं करते हैं, क्योंकि भारत के पाकिस्तान के साथ संबंध न्यूनतम हैं। इसके अलावा, भारत के जिन हिस्सों की कृषि और औद्योगिक उत्पादन में ज्यादा हिस्सेदारी है, वे इन संघर्ष क्षेत्रों से भौगोलिक तौर पर काफी दूर हैं।'

## एक्शन: 24 घंटे में देश छोड़े पाक अधिकारी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा एक्शन लिया है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में काम कर रहे अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाक अधिकारी को भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के विपरीत गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। सरकार ने पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी सख्ती से सुनिश्चित करने को कहा गया कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी किसी भी तरह से अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का दुरुपयोग न करे। निष्कासित अफसर पर भारत के खिलाफ जासूसी जैसे गंभीर आरोप हैं।

'पर्सोना नॉन ग्राटा' किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछनीय घोषित करने की वह स्थिति होती है, जिसमें उसे देश से तुरंत चले जाने को कहा जाता है। यह कूटनीतिक स्तर पर बेहद सख्त और गंभीर प्रतिक्रिया मानी जाती है।

## सोनिया-राहुल की बढ़ीं मुश्किलें

### नेशनल हेराल्ड मामला: कोर्ट में रोजाना होगी सुनवाई

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट में नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले ने नया मोड़ ले लिया है, जहां कांग्रेस के दिग्गज नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई का फैसला किया है। यह मामला 90.25 करोड़ रुपये के लोन और 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है।

**लोन, शेयर और साजिश का खेल**

नेशनल हेराल्ड मामला इंडियन नेशनल कांग्रेस (INC) और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) के बीच 90.25 करोड़ रुपये के लोन से शुरू होता है। ईडी का आरोप है कि यह लोन यंग इंडियन नामक कंपनी को सिर्फ 50 लाख रुपये में हस्तांतरित कर दिया गया, जिसके पीछे 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा करने की साजिश थी। कोर्ट ने ईडी से सवाल किया कि AJL की संपत्ति का असली मालिक कौन है? क्या शेयरधारक ही मालिक



हैं? इस सवाल का जवाब जुलाई की सुनवाई में मिल सकता है।

**यंग इंडियन: मुखौटा या मास्टरमाइंड?**

ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि यंग इंडियन एक 'मुखौटा' कंपनी थी, जिसका इस्तेमाल जनता के दान के पैसे को निजी हितों में बदलने के लिए किया गया। अडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) एस.वी. राजू ने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी के पास यंग इंडियन के 76% शेयर हैं, और उन्होंने 50 लाख रुपये में 90.25 करोड़ रुपये की संपत्ति पर नियंत्रण कर लिया। यह धोखाधड़ी का साफ मामला है, ऐसा ईडी का दावा है।


**दानदाताओं के साथ धोखा?**

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कोर्ट में कहा कि कांग्रेस को दान देने वाले लोग इस मामले के असली पीड़ित हैं।

## Short News एक नजर

### इंडिगो विमान पर गिरी बिजली, सभी सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-2142 पर उस समय हड़कंप मच गया, जब



खराब मौसम के बीच विमान को तीव्र टर्बुलेंस और बिजली गिरने की घटना का सामना करना पड़ा। यह घटना उस समय हुई, जब फ्लाइट श्रीनगर के ऊपर थी और वहां तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि हो रही थी। सूत्रों के अनुसार, विमान में सवार सभी 227 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, और फ्लाइट ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की।

### पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने



उन्हें अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वे जांच में सहयोग करें। पूजा पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि उन्होंने कौन सा गंभीर अपराध किया है? वह कोई ड्रग माफिया या आतंकी नहीं है। उसने कोई हत्या नहीं की है।

### कांग्रेस देश भर में करेगी जय-हिंद

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सेना के सम्मान में 25 मई से देश भर में जय हिंद सभा करने जा रही है। इस दौरान सैनिकों, पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एनडीए सरकार से कुछ सवालों के जवाब भी मांगे जाएंगे। उन्होंने आगे कहा – 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सभी विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए केंद्र सरकार का हर फैसले में समर्थन किया है। हमने सरकार से कहा था कि हम आपके साथ हैं। आतंकियों के आका जहां कहीं भी बैठे हों और चाहे वे कोई भी हों, उन्हें सबक सिखाइए। लेकिन कुछ सवाल हैं जिनका देश को जवाब नहीं मिल रहा है। कांग्रेस देशभर में जयहिंद सभा करके सरकार से इन्हीं सवालों के जवाब पूछेगी।

## नक्सली बसव राजू ढेर

### पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों को सराहा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ हुई।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 3 दशक में ऐसा पहली बार हुआ है





जब नक्सलियों का इतना बड़ा नेता मारा गया है। नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू नक्सल आंदोलन की रीढ़ की हड्डी था। इस ऑपरेशन को नक्सलवाद को खत्म करने की जंग में यह एक बड़ी सफलता है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को देश से पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।

शाह ने आगे कहा, मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे सुरक्षाबलों और एजेंसियों को बधाई देता हूं।' गृहमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 ने सरेंडर किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी 18,000 से 51,000 हो जाएगी

**नई दिल्ली।** सरकार 8वें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू करेगी। वेतन आयोग को 16 जनवरी 2025 को मंजूरी दी गई थी। इस बीच सरकार को सुझाव दिया गया है कि कर्मचारियों के लेवल को मर्ज किया जाए। साथ ही उम्मीद की जा रही है कि वेतन आयोग 2.86 तक का फिटमेंट फैक्टर लागू कर सकता है। इससे केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी 40,000 रुपए से बढ़कर 1 लाख रुपए तक हो सकती है। वहीं सैलरी, पेंशन और अलाउंस (भत्ते) को रिवाइज किए जाने से 50 लाख से ज्यादा केंद्र सरकार के कर्मचारियों और लगभग 65 लाख पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। यह आयोग सैलरी और पेंशन में एडजस्टमेंट्स का आकलन करेगा।

## स्कूल बस पर हमला, चार बच्चों की मौत

**पाक के आरोप को भारत ने बताया बेबुनियाद**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत ने सोमवार को बलूचिस्तान के खुजदार शहर में एक स्कूल बस पर हुए आत्मघाती हमले में भारत की संलिप्तता के पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस हमले में चार बच्चे मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाता है। भारत ने घटना में हुई मौतों पर



भी संवेदना व्यक्त की।

जायसवाल ने एक बयान में कहा, भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसी सभी घटनाओं में हुई मौतों पर शोक व्यक्त करता है। हालांकि, आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा से ध्यान हटाने और अपनी खुद की बड़ी विफलताओं को छिपाने के लिए, अपने सभी आंतरिक मुद्दों के लिए भारत को दोष देना पाकिस्तान के लिए दूसरी प्रकृति बन गई है।

## 64 झोपड़पट्टियों के विकास का विशेष प्रयास

### मनपा ने बिल्डरों से मंगाया रुचि पत्र

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मनपा प्रशासन ने मुंबई की 64 झोपड़पट्टी पुनर्विकास योजनाओं के लिए डेवलपर्स से रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए हैं। यह कार्य डीसीपीआर-2034 के नियम 33(10) के अंतर्गत किया जाएगा। राज्य सरकार ने शहर में रुके पड़े झोपड़ पट्टी पुनर्वसन के प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए मनपा सहित अन्य संस्थाओ को अधिकार दिया जिसके आधार पर मनपा ने कार्रवाई शुरू की। मनपा को मिलने वाले 25 प्रतिशत प्रीमियम में बढ़ोत्तरी का अनुमान है क्योकि यह बोली के आधार पर बिल्डर को प्रोजेक्ट मिलेगा। मनपा को और अतिरिक्त पीएपी भी मिलने की संभावना अधिकारियो ने व्यक्त की।

मुंबई में मनपा की जमीन पर रुके 64 झोपड़पट्टी पुनर्विकास का राज्य सरकार ने मनपा को करने की



अनुमति दी है उन पर करीब 51,582 झोपड़ियाँ हैं। जिनके अब पुनर्विकास का रास्ता साफ़ हो गया है। सालो साल से रुके इन झोपड़ पट्टियों का पुनर्विकास अब समय पर हो सकेगा।

मनपा ने पुनर्विकास के लिए योग्य और अनुभवी डेवलपर्स से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित किया है। यह प्रक्रिया डीसीपीआर 2034 के अंतर्गत विनियमन 33(10) के अनुसार क्रियान्वित की जाएगी। इन झोपड़पट्टियों में बोरीवली के शिंपोली, गोरेगांव पूर्व, मालाड पूर्व, लोअर परेल, दिंडोशी, वडाला, गोवंडी और घाटकोपर जैसे क्षेत्र शामिल हैं। डेवलपर्स को झोपड़पट्टी का सर्वेक्षण करने, पुनर्विकास योजना तैयार करने, आवश्यक अनुमतियां लेने, पुनर्वास और विक्री घटकों के निर्माण तथा कब्जे के बाद की देखरेख तक की पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी दी जाएगी। केवल वही डेवलपर्स पात्र माने जाएंगे जिनके पास झोपड़पट्टी या आवास पुनर्विकास का पूर्व अनुभव हो और जो आवश्यक तकनीकी एवं वित्तीय मानदंडों को पूरा करते हों। इच्छुक डेवलपर्स के लिए प्री-बिड मीटिंग 23 मई को आयोजित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून है।

## कोर्ट ने बेटियों को नियुक्त किया बुजुर्ग का अभिभावक



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2 बेटियों को उनके बुजुर्ग पिता का अभिभावक नियुक्त किया है, जो बिस्तर पर पड़े हैं। दरअसल, हाईकोर्ट ने हार्ट अटैक के दौरान ब्रेन इंजरी के चलते बिस्तर पर पड़े 73 वर्षीय एक व्यक्ति के लिए उनकी दो बेटियों को यह कहते हुए अभिभावक नियुक्त किया कि वह (बुजुर्ग) अपनी या अपनी संपत्ति की देखभाल करने में असमर्थ हैं। जस्टिस अभय आहूजा की बेंच ने 8 मई के अपने आदेश में कहा कि अदालतें ऐसी स्थितियों में मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकतीं। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। हाईकोर्ट ने दोनों बेटियों को उनके पिता का अभिभावक नियुक्त करते हुए कहा कि बुजुर्ग मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और खुद की देखभाल करने या अपनी संपत्ति का प्रबंधन करने में असमर्थ हैं। जस्टिस आहूजा ने कहा, ''हमारे देश की उच्च अदालतें 'पैरेंस पैट्रिया' क्षेत्राधिकार (स्वयं की रक्षा करने में असमर्थ नागरिकों का कानूनी रक्षक) का प्रयोग करती हैं, क्योंकि वास्तविक जीवन की स्थिति जैसे मामलों में अदालतें मूकदर्शक नहीं रह सकतीं।''

## वेटिंग टिकट का फर्स्ट-AC तक अपग्रेड बंद

**IRCTC के नए नियम जारी, वेटिंग टिकट अब सिर्फ दो क्लास ऊपर अपग्रेड होगा**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट टिकट से जुड़े ऑटो अपग्रेड प्रक्रिया में बदलाव किए हैं। IRCTC के अनुसार, स्लीपर क्लास के टिकट अब फर्स्ट AC में अपग्रेड नहीं किए जाएंगे, भले ही बर्थ खाली हों।

अब तक, वेटिंग लिस्ट वाले यात्री का टिकट सीट अवेलेबल न होने पर बुकिंग की गई कैटेगरी से ऊपर की कैटेगरी में अपग्रेड कर दिया जाता था, लेकिन इस नियम को बदल दिया गया है।



यह बदलाव ट्रेन में रिजर्व्ड कोचों में सीट बांटने को अधिक व्यवस्थित करने और हायर कैटेगिरी के कोचों में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए किया गया है। सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉरमेशन सिस्टम (CRIS) इस नए नियम को लागू करने के लिए अपने सॉफ्टवेयर को अपडेट कर रही है।

नए नियम के अनुसार, अब स्लीपर क्लास के टिकट को केवल दो श्रेणी ऊपर तक ही अपग्रेड किया जाएगा। उदाहरण के लिए- स्लीपर क्लास (SL) टिकट को अधिकतम थर्ड AC (3A) या सेकेंड AC (2A) में अपग्रेड किया जा सकता है, लेकिन फर्स्ट एसी (1A) में नहीं। इसी तरह, थर्ड AC (3A) के टिकट को अधिकतम सेकेंड AC (2A) में अपग्रेड किया जा सकता है। पहले, अगर स्लीपर क्लास या अन्य निचली कैटेगिरी के टिकट वेटिंग लिस्ट पर होते थे और उच्च श्रेणी (जैसे 3A, 2A या 1A) में सीटें उपलब्ध होती थीं, तो यात्रियों को ऑटोमेटिक फर्स्ट AC (1A) तक अपग्रेड किया जा सकता था।

ऑटो-अपग्रेड सुविधा सिर्फ तभी लागू होगी, जब पैसेंजर ने टिकट बुकिंग के समय ऑटो-अपग्रेड ऑप्शन को सिलेक्ट किया हो या इसे डिफॉल्ट रूप से 'हां' (Yes) पर छोड़ा हो।

## जासूस ज्योति बोली- पाकिस्तान में शादी करवा दो

**महानगर नेटवर्क**

**हिसार/चंडीगढ़**

पाकिस्तान के लिए जासूसी के शक में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी से एक और वॉट्सएप चैट सामने आई है। इसमें ISI एजेंट हसन अली उसे दुआ दे रहा है, तो जवाब में ज्योति उससे पाकिस्तान में शादी कराने को कह रही है।

ज्योति एक साल पहले पठानकोट गई थी। उसने वहां कोई वीडियो रिलीज नहीं किया था, लेकिन फेसबुक पर शेयर की गई फोटो और एक छोटी सी क्लिप से उसके वहां जाने का खुलासा हो गया। जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी



(NIA) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) की टीम उसे पठानकोट लेकर गई। NIA ने उसके पठानकोट विजिट को संदिग्ध माना है। संदेह है कि वह आर्मी कैंट और एयरबेस की रेकी के मकसद से गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आर्मी ने पठानकोट में आर्मी कैंट और एयरबेस को टारगेट करने की कोशिश की थी। यहां 2016 में भी हमला हो चुका है।

**अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन मिली:** फोरेंसिक जांच में ज्योति के मोबाइल से सेना से जुड़ी चीजें मिली हैं। साथ ही बैंक अकाउंट में दुबई से ट्रांजैक्शन भी पाया गया। जम्मू-कश्मीर के एक यूट्यूबर को भी वहां की पुलिस चंडीगढ़ लेकर आई। उसे भी ज्योति के सामने बैठाकर पूछताछ की गई। यह भी सामने आया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उसने पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी दानिश से चैटिंग की थी। उसमें सायरन बजने के अलावा प्रशासन के लोगों को भेजे गए ब्लैकआउट मैसेज को भी दानिश से शेयर किया, मगर इसके बाद वह चैट डिलीट कर दी गई।



# कल्याण-डोंबिवली में मौत बन गई हैं इमारतें

## प्रशासन अब भी सो रहा चैन की नींद

## KDMC के क्षेत्र में 176 इमारतें खतरनाक घोषित

## 1,872 लोग अब भी उन्हीं ढांचों में जीने को मजबूर

**ठाणे।** क्या किसी मां को अपनी बेटियों के साथ एकसाथ जलती चिता पर बैठाना कोई हादसा भर है? क्या ढहती इमारतें तब तक प्रशासन की नजर में नहीं आतीं, जब तक वे किसी का घर, किसी की जिंदगी, किसी की दुनिया लील न जाएं? कल्याण के कार्पेवाड़ी इलाके में श्री सप्तश्रृंगी इमारत का स्लैब गिरा और एक पल में छह जिंदगियां खत्म हो गईं। प्रमिला साहू (56), अपनी बेटियों सुनीता (38) और सुजाता (32) से मिलने आई थीं। सोचा था कुछ दिन साथ बिताएंगी, हंसी बाँटेंगी, मगर किसे पता था कि वह मुलाकात आखिरी होगी। अब तीनों की तस्वीरें एकसाथ अंतिम यात्रा में लगीं और कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) मूक दर्शक बनी बैठी है। इस हादसे में 2 साल की नन्हीं नमश्री शेलार भी मारी गई। जिस उम्र में बच्चे पहली बार 'मम्मी' बोलते हैं, उस उम्र में नमश्री की आवाज अब कभी नहीं गूंजेगी। 78 वर्षीय सुषिला गुजर, जिनके जीवन की शाम चैन से गुजरनी थी, वह अब कभी सूरज नहीं देख पाएंगी। और विनायक चव्हाण (42), जो चौथी मंजिल पर मरम्मत का काम कर रहे थे वो भी अब घर नहीं लौटेंगे।

### प्रशासनिक संवेदनहीनता की हद

हैरानी की बात यह नहीं है कि इमारत गिर गई। हैरानी इस बात की है कि केडीएमसी को पहले से पता था कि यह इमारत खतरनाक है। 176 इमारतों को खतरनाक घोषित किया गया है, मगर 1,872 लोग अब भी उन्हीं ढांचों में जीने को मजबूर हैं। क्यों? क्योंकि प्रशासन ने नोटिस देने के अलावा कुछ किया ही नहीं। न पुनर्वास की व्यवस्था, न किराये की मदद, न ठोस कार्रवाई। केडीएमसी की लापरवाही अब जानलेवा होती जा रही है। हर साल मॉनसून से पहले सिर्फ खानापूर्ति होती है। खतरनाक इमारतों की सूची बनाई जाती है, नोटिस चिपकाए जाते हैं, और फिर सभी अफसर फाइलें समेटकर अपने कमरों में बैठ जाते हैं।

### मौत के सौदागर बने हैं जिम्मेदार अधिकारी

श्री सप्तश्रृंगी बिल्डिंग में यह हादसा तब हुआ जब चौथी मंजिल पर मरम्मत का काम चल रहा था। बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों के, बिना विशेषज्ञों की निगरानी के यह काम कैसे चल रहा था? क्या KDMC को इसकी भनक नहीं थी? अगर थी, तो रोक क्यों नहीं लगाया गया? और अगर नहीं थी, तो फिर निगरानी तंत्र कहां है?

### न्याय की पुकार

पीड़ित परिवार आज इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। मुआवजे की मांग हो रही है, दोषियों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है, लेकिन सवाल ये है कि क्या ये जानें लौटेंगी? क्या नमश्री फिर से हंसेगी? क्या सुनीता और सुजाता की मां उन्हें फिर से देख पाएंगी? शहर के लोगों में अब सिर्फ गुस्सा नहीं है, डर भी है। हर खड़खड़ाती दीवार, हर दरकती छत उन्हें आने वाले खतरे का एहसास करा रही है। कल्याण-डोंबिवली प्रशासन से यही सवाल है? कब तक आप नोटिस चिपकाते रहेंगे और जानें जाती रहेंगी? क्या मौतें ही अब आपकी नींद तोड़ेंगी? इस बार लोग सिर्फ मुआवजा नहीं, जवाब चाहते हैं, ईमानदार जवाब, और ठोस कार्रवाई।

# पार्सल लेकर आये शख्स ने महिला से की छेड़खानी

**मुंबई।** अंधेरी पश्चिम इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला वकील के साथ डिलीवरी बॉय ने छेड़खानी की और मौके से फरार हो गया। पीड़ित 30 वर्षीय वकील ने अंबोली पुलिस स्टेशन में इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता के अनुसार, 6 मई को उनके भाई ने फ्लिपकार्ट ऐप से फॉग कंपनी के दो परफ्यूम ऑर्डर किए थे। 8 मई की शाम करीब 7:50 बजे एक व्यक्ति, जिसने अपना नाम अलताफ मिर्झा बताया, डिलीवरी के लिए उनके घर आया। भाई के घर न होने पर बहन ने पार्सल ले लिया और कहा कि पैसे भाई जीपे से भेज देगा। अलताफ ने अपना मोबाइल नंबर 8286019686 दिया और भाई का नंबर वह ले गया। रात 8:58 बजे अलताफ दोबारा घर आया और कहा कि पैसे नहीं मिले, इसलिए पार्सल वापस चाहिए। निशा ने पैसे न होने के कारण दोनों पार्सल वापस कर दिए। तभी अलताफ ने उनके साथ छेड़खानी की, छाती और पेट को गलत तरीके से छूते हुए गंदी गालियां दी और मौके से फरार हो गया।

# मुंबई महानगर देश का स्टार्टअप हब: शिंदे

## स्टार्टअप्स में महाराष्ट्र देश में सबसे आगे

**देश के कुल स्टार्टअप का 24 प्रतिशत महाराष्ट्र में स्थित**



महानगर संवाददाता
मुंबई

स्टार्टअप और उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए फिनटेक नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। मुंबई देश के सबसे अधिक वित्त पोषित स्टार्टअप का केंद्र बन गया है, देश के कुल स्टार्टअप का 24 प्रतिशत महाराष्ट्र में स्थित है, इसलिए महाराष्ट्र स्टार्टअप में देश में अग्रणी है। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह बात बुधवार को गोरेगांव के नेस्को में सीएसआईआर और तीन प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों की तरफ से आयोजित 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025' में कहीं।

इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि स्टार्टअप के मामले में महाराष्ट्र पूरे देश में पहले स्थान पर है और आर्थिक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार महाराष्ट्र में 26,686 स्टार्टअप हैं, जो देश के कुल स्टार्टअप का 24 प्रतिशत है। निवेशकों और उद्यम पूंजी निधि की उपलब्धता ने मुंबई को स्टार्टअप के लिए सबसे उपयुक्त स्थान बना दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य ने महाराष्ट्र स्टार्टअप सप्ताह, मुंबई फिनटेक हब और पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर महिला स्टार्टअप योजना बनाई है। ऐसे में मुंबई वित्तीय और तकनीकी नवाचार का केंद्र बन गया है। शिंदे ने बताया कि फिनटेक, ई-कॉमर्स, हेल्थटेक, एडटेक और डीप टेक स्टार्टअप तेजी से विकसित हो रहे हैं और देश में सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न कंपनियां महाराष्ट्र में हैं, जिनकी संख्या 27 है।

### स्टार्टअप्स से जुटाए 3.7 बिलियन डॉलर

उन्होंने कहा कि इस वर्ष स्टार्टअप्स ने कुल 3.7 बिलियन डॉलर का वित्तपोषण जुटाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 154 प्रतिशत की वृद्धि है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी, ऑटोमोटिव उद्योग और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुणे प्रथम स्थान पर है। अब नवी मुंबई में 300 एकड़ में देश की सबसे आधुनिक इनोवेशन सिटी का निर्माण कार्य चल रहा है। शिंदे ने कहा कि यहां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, डेटा विज्ञान और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में स्टार्टअप फल-फूल सकेंगे। शिंदे ने कहा कि भारत में इस समय 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप चल रहे हैं और भविष्य में भारत दुनिया का सबसे अच्छा स्टार्टअप हब बन सकता है। शिंदे ने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए सीएसआईआर-एनसीएल, सीएसआईआर एनआईआरआई और सीएसआईआर एनआईओ को धन्यवाद दिया।

# मंगलवार की शाम अचानक हुई बारिश ने मनपा की खोली पोल

## साकीनाका सहित अंधेरी सबवे में भर गया पानी

महानगर संवाददाता
मुंबई

मंगलवार की शाम मुंबई में हुई मानसून पूर्व बारिश ने मनपा प्रशासन के नाला सफाई की पोल खोल कर रख दी। पहली बारिश में ही अंधेरी सबवे सहित साकीनाका में पानी भर गया। साकीनाका में पानी के साथ कचरा इस तरह बह रहा था जैसे पूरा कचरे का अंबार सड़क पर पड़ा रहा हो। मानसून पूर्व बारिश में ही पवई में एक पेड़ गिरने से परिवार के दो लोग जख्मी हो गए, जिन्हे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बता दें कि मुंबई में मंगलवार की शाम हुई बारिश से



मुंबई के कई इलाकों में पानी भरने की घटना घटी। बुधवार की सुबह 8 बजे तक मुंबई के शहरी भाग में 24 मिमी,पूर्व उपनगर में 26 मिमी और पश्चिम उपनगर में 40 मिमी बारिश हुई थी,जिससे अंधेरी सबवे सहित साकीनाका और उसके आस पास के इलाको में पानी भरने की घटना घटी।

### पवई में विशाल गुलमोहर का पेड़ गिरा

इसी तरह पवई के जलवायु विहार सोसायटी में मंगलवार शाम अचानक हुई तेज बारिश के दौरान एक विशाल गुलमोहर का पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में शोभा तोरणे 51 और प्रशांत तोरणे 54 गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। पेड़ गिरने से सोसायटी का एकमात्र प्रवेश और निकास द्वार अवरुद्ध हो गया। शोभा अपने पति प्रशांत को लेने के लिए जा रही थी बिल्डिंग गेट तक ही पहुंची थीं जो सोसायटी में चौकीदार के रूप में काम करते हैं।

# कम बरसात में ही शहर में हुआ जल जमाव

**भायंदर ।** मीरा-भायंदर शहर में थोड़ी बरसात से ही मनपा की सफाई की पोल खुल गयी। वहीं जो मनपा अधिकारी शहर में विकास का ढिंढोरा पीट रहे थे , इस बरसात ने उनको भी आइना दिखा दिया हैं। शहर में बरसात के कारण कई जगहों पर जल जमाव हो गया था। भायंदर (पश्चिम) के बैकरी गली में हर साल की तरह इस साल भी पानी भर गया था। इसके अलावा जय अंबे नगर,नेहरू नगर,लाल बहादुर शास्त्री नगर आदि झुग्गी बस्तीयों में लोगों के घरों में भी पानी भर गया। हालांकि मनपा द्वारा नाला सफाई का दावा किया जा रहा है। अभी तक बरसात की शुरुआत भी



नहीं हुई है सिर्फ कुछ समय की बरसात में शहर की यह हालत है तो बरसात के मौसम में शहर का क्या हाल होगा यह समझा जा सकता है। पूर्व नगरसेवक पंकज पांडेय ने मनपा पर आरोप लगाया की मनपा के अधिकारी सिर्फ कागजों पर ही सफाई अभियान चला रहे हैं जबकि जमीनी हकीकत एकदम अलग है।

# इंस्टाग्राम पर भाईगिरी का दिखावा बना जुर्म का कारण

## 15 वर्षीय किशोर का अपहरण कर की गई बेरहमी से पिटाई

**ठाणे।** ठाणे के वागले इस्टेट इलाके में सोशल मीडिया की दिखावटी 'भाईगिरी' ने अब हिंसक रूप ले लिया है। इंस्टाग्राम पर लाइव आकर एक-दूसरे को गालियां देने वाले युवाओं के विवाद में अब मासूम किशोर निशाना बन रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें 15 वर्षीय एक लड़के का अपहरण कर उसे रात के अंधेरे में सुनसान इलाके में ले जाकर बेरहमी से पीटा गया।

बता दें कि पीड़ित किशोर वाल्मीकि पाड़ा, वागले इस्टेट में रहने वाला है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार,उसके एक दोस्त ने 15 मई को इंस्टाग्राम पर लाइव आकर बाळकूम इलाके के एक युवक को गालियां दी थीं। इसके जवाब में 17 मई को उसी युवक ने भी इंस्टाग्राम लाइव कर पलटवार किया। इस वीडियो में पीड़ित किशोर भी नजर आया। इसी बात से नाराज होकर बाळकूम के युवकों ने किशोर को सबक सिखाने की साजिश रची। 17 मई की रात को किशोर अपने दोस्त के साथ आंबेवाड़ी इलाके में खड़ा था, तभी बाळकूम से आए कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। उन्होंने धमकी देते हुए कहा, "भाई को गाली दी है, अब भाई ने तुझे खत्म करने का कहा है।" इसके बाद किशोर को जबरन बाइक पर बैठाकर अंबिकानगर की जलवाहिनी के पास ले जाया गया, जहां उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई।

# बुधवार को मुंबई में पाए गए 25 कोरोना मरीज



**मुंबई।** राज्य में कोरोना संक्रमित मामलों में हल्की वृद्धि दर्ज की गई है। 21 मई को कुल 26 नए मामलों की पुष्टि हुई, जिनमें से 25 मरीज मुंबई से और 1 मरीज पुणे से मिला है। इसके साथ ही मई महीने के अंत तक मुंबई में कुल संक्रमितों की संख्या 126 तक पहुंच गई है। जनवरी 2025 से अब तक राज्य में कुल 6,206 कोविड परीक्षण किए गए हैं, जिनमें से 132 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें से 126 मरीज अकेले मुंबई से हैं। अब तक 46 मरीज पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। वर्तमान में सक्रिय मरीजों में केवल हल्के लक्षण पाए गए हैं और वे सभी घर पर ही इलाज करवा रहे हैं।

# नालासोपारा में इमारत का स्लैब गिरा

## फायर ब्रिगेड ने मां-बेटे को बचाया

**नालासोपारा।** शहर में एक ईमारत का स्लैब गिरने की घटना सामने आई है। नालासोपारा पूर्व के आचोले स्थित साईं सिमरन अपार्टमेंट नामक चार मंजिला इमारत है। यह इमारत 13 से 14 साल पुरानी है, जिसमें से 22 फ्लैट और 3 दुकानें हैं। मंगलवार की रात 10 बजे के आसपास इस बिल्डिंग के फ्लेट नंबर 404 का स्लैब अचानक गिर गया। इस घटना से ईमारत में रहने वाले लोगों में भय का माहौल बन गया। वसई- विरार मनपा के फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना मिली, वह मौके पर पहुंचे और फ्लेट में फंसे 14 वर्षीय लड़के और 47 वर्षीय महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना से ईमारत में रहने वालों में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद मनपा और फायर ब्रिगेड ने इमारत के 22 कमरों को खाली कराकर वहां रहने वाले लोगों को जिला परिषद स्कूल में उनके आवास की व्यवस्था की है। घटना के बाद शहर में एक बार फिर अति धोखादायक इमारतों का मुद्दा उठ खड़ा हुआ है।

### नगारिकों ने मनपा पर लगाए आरोप

इस घटना के बाद नागरिकों का आरोप लगाया है कि वसई - विरार मनपा शहर की धोखादायक इमारतों को अनदेखा कर रही है। एक ओर जहां समय से पहले मानसून ने दस्तक दे दी है बावजूद इसके वसई विरार मनपा द्वारा शहर की धोखादायक इमारतों की न तो सूची प्रकाशित की गई और ना ही कोई आवश्यक कदम उठाये गए। इसलिए शहर में खतरनाक इमारतों की सुरक्षा का मुद्दा फिर से सामने आ गया है। इस घटना के बाद मनपा क्या सकारात्मक निर्णय लेती है इस प्रतीक्षा की जा रही है।



# मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम की बड़ी कार्रवाई

**मुंबई।** जोन-III के अंतर्गत एयरपोर्ट कमिश्नरेट के अधिकारियों ने 20-21 मई 2025 की रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मामलों में कुल 0.247 किलोग्राम सोना,जिसकी कीमत 21.96 लाख रुपये है तथा एक अन्य मामले में विदेशी मुद्रा जब्त की। जिसकी भारतीय मूल्य के अनुसार कीमत 76.23 लाख रुपए है। इस कार्रवाई में एक यात्री को गिरफ्तार भी किया गया है।

# APMC ड्राई फ्रूट मार्केट में टैक्स चोरी का खुलासा

## अखरोट व्यापारियों पर CBIC की बड़ी कार्रवाई



**मुंबई।** करोड़ों रुपए की कर चोरी के मामले में नवी मुंबई की एपीएमसी ड्राइ फ्रूट मार्केट में बड़ा खुलासा हुआ है। अखरोट के आयात में जानबूझकर मूल्य कम दिखाकर (अंडर इन्वॉयसिंग) टैक्स बचाने की रणनीति अपनाई गई थी, जिसे लेकर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते सात दिनों से बाजार में जांच अभियान चल रहा है, जिससे व्यापारियों में भारी हलचल मच गई है। जानकारी के मुताबिक, कुछ व्यापारी विदेशों, विशेषकर चिली से आयात किए गए अखरोट की कीमत चालानों में कम दर्ज कर रहे थे, जिससे कस्टम ड्यूटी और अन्य टैक्स कम चुकाए जा सकें। इस तरह की गतिविधि सरकार को राजस्व में नुकसान पहुंचाती है और बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को भी प्रभावित करती है।

**कर्मचारियों की आवाजाही पर रखी जा रही है सख्त निगरानी**

CBIC की इंटेलिजेंस यूनिट, मुंबई जोन के तहत, लगभग 15-20 अधिकारियों की टीम पिछले सप्ताह से एशिया की सबसे बड़ी थोक मंडी एपीएमसी ड्राइ फ्रूट मार्केट में तलाशी अभियान चला रही है। जांच के चलते कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें व गोदाम बंद कर दिए हैं, जबकि कुछ ने केवल आधा शटर खोला है। सभी कर्मचारियों की आवाजाही पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

### गहराई से की जा रही है जांच

सूत्रों का कहना है कि टैक्स चोरी के इस मामले में व्यापारियों ने एक से अधिक कंपनियों के नाम पर अलग-अलग चालानों के जरिए हेरफेर की है और हवाला चैनलों का इस्तेमाल कर आयात के लिए भुगतान किया गया है. ये सभी गतिविधियां कानून के दायरे से बाहर हैं और अब इनकी गहराई से जांच की जा रही है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई व्यापारी नेपाल के रास्ते अखरोट भारत मंगवाते हैं ताकि वे सीधा आयात दिखाकर टैक्स न देना पड़े। साथ ही, VLI के तहत दर्ज किए गए माल का मूल्यांकन संदेह के घेरे में है, जिसे लेकर विभाग जांच व पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया अपना रहा है।

## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर सफर होगा और भी आरामदायक

# 16 नए सेवा केंद्र जल्द होंगे शुरू

**ठाणे।** महाराष्ट्र सरकार के महत्त्वाकांक्षी हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग पर यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (MSRDC) ने इस महामार्ग पर 16 नई अत्याधुनिक सेवा-सुविधा केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे सफर करने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। इन सेवा केंद्रों में स्वच्छ शौचालय, पेट्रोल पंप, वाहन



मरम्मत केंद्र, पार्किंग की सुविधा, फूड स्टॉल और प्राथमिक उपचार जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे पहले भी इस महामार्ग पर 22 स्थानों पर ऐसी सुविधाएं दी जा चुकी हैं, लेकिन यात्रियों की संख्या बढ़ने और सफर को अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से ये नए केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। 701 किलोमीटर लंबे इस महामार्ग का निर्माण चार चरणों में किया गया है। नागपुर से शिर्डी तक का पहला चरण दिसंबर 2022 में शुरू हुआ था। इसके बाद शिर्डी से भरवीर तक मई 2023 में, और भरवीर से इगतपुरी तक मार्च 2024 में लोकार्पण किया गया। चौथे और अंतिम चरण इगतपुरी से भिवंडी तक के 76 किलोमीटर हिस्से का कार्य भी अब पूरा हो चुका है और इसका लोकार्पण जल्द होने की संभावना है। इसके शुरू होते ही नागपुर से मुंबई तक सीधा और तेज़ सफर पूरी तरह साकार हो जाएगा।


**Directorate Veterinary Services,Chhattisgarh**
**Indrawati Bhawan, Block-3, Nawa Raipur**
Phone no. 0771-2331393,94,95 Fax no. 0771-2331392/95
email—dirvet.cg@nic.in

**e Tender Invitation Notice**

Online Tenders are invited from licensed manufacturers/importers for supply of Allopathic Medicines for financial year 2025-26 of Department of Veterinary services, Chhattisgarh. The detailed schedules are as follows.

| S. No. | Tender Details | Name of Work |
|---|---|---|
| 1 | **Tender No. 3130 Date 20.05.2025** | **RATE CONTRACT AND SUPPLY OF ALLOPATHIC MEDICINES** |
| 2 | Starting Date of online Tender Submission **22.05.2025.** at **5.30 PM** | |
| 3 | **Pre Bid Meeting Date - 26.05.2025, Time 1.00 PM** (Venue -DVS CG Indrawati Bhawan, Block-3, Nawa Raipur) | |
| 4 | Last Date of Tender Submission **22.06.2025, Upto - 5:30 PM** | |

The detailed tender documents and the list of items are made available under Department-Livestock Development Department (LDD) on website **https:/www.eproc.cgstate.gov.in** and **https:/agriportal.cg.nic.in/ahd**

**Sd/-**
**Director**
**Veterinary Services**
**Chhattisgarh**

G- 252601032/3


# 'विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**मुंबई।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने मंगलवार को इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम "प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक" पर आधारित था, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण "श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति" के अभियान को सशक्त करता है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु,



वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों, और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया। यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रूप राशि की

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया 'हनी मिशन'

मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा, "मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया 'हनी मिशन' आज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है।" उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने जब 'स्वीट क्रांति' का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया; जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।"

अध्यक्ष केवीआईसी ने विशेष रूप से केवीआईसी के 'हनी मिशन' की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं, जिससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। इससे मधुमक्खी पालकों को लगभग 325 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद विदेश में निर्यात किया है।

# पश्चिम रेलवे बांद्रा और जयपुर के बीच चलाएगी वन-वे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए बांद्रा टर्मिनस और जयपुर के बीच विशेष किराये पर वन-वे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है।

ट्रेन संख्या 04708 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशलः

ट्रेन संख्या 04708 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 23 मई को बांद्रा टर्मिनस से 15:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.40 बजे जयपुर पहुंचेगी।

यह ट्रेन बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, अजमेर और किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी।

**इस ट्रेन में एसी 3 टियर (इकोनॉमी) कोच होंगे।**

ट्रेन संख्या 04708 की बुकिंग 22 मई से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस के सीनियर नेता ने उगला 'जहर'

# भड़के फडणवीस, बोले- "मैं मूर्खों को जवाब नहीं देता"

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और आतंकियों को भारी नुकसान पहुंचाने वाली भारतीय सेना की वीरता को देशवासी जहां सैल्यूट कर रहे हैं। वहीं, तुच्छ मानसिकता के शिकार कुछ नेता अनाप-शनाप बयानबाजी कर सेना का अपमान करने में जुटे हैं। अपने प्रतिद्वंद्वी को घेरने के लिए कुछ नेता इस स्तर तक गिर गए हैं,जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। ताजा मामला महाराष्ट्र से सामने आया है। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के सीनियर नेता और विधायक विजय वडेट्टीवार ने एक ऐसा विवादित बयान दिया जिसपर अब विवाद हो रहा है।

**विजय वडेट्टीवार ने दिया विवादित बयान:**महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस पक्ष के नेता और विधायक विजय वडेट्टीवार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। इसके पहले विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि "आतंकवादियों के पास धर्म पूछकर गोली मारने का समय था क्या"। अब एक बार फिर विजय वडेट्टीवार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सवाल उठाए हैं और कहा है कि 5000,10000, 15,000 रुपए के ड्रोन के लिए हमने 15 लाख की मिसाइल दागी। ऐसी चर्चा है। सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।



### 10-15 हजार के ड्रोन के लिए 15 लाख की मिसाइल दागी

विजय वडेट्टीवार ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना को हुए किसी भी नुकसान के बारे में "सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुना है कि पाकिस्तान ने सस्ते चीन निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया जबकि भारत ने महंगी मिसाइलों से जवाब दिया। वडेट्टीवार ने कहा कि चर्चा है कि उन्होंने (पाकिस्तान) 5,000 चीन निर्मित ड्रोन लॉन्च किए और ड्रोन की कीमत 5 से 15 हजार रुपये थी। 15,000 रुपये के प्रत्येक ड्रोन को नष्ट करने के लिए, हमने 15 लाख रुपये की मिसाइलें लॉन्च कीं। यह चीन की चाल का एक हिस्सा था, ये चर्चाएँ हैं, हालाँकि मुझे सच्चाई नहीं पता।"



### विजय वडेट्टीवार के बयान पर देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया

वडेट्टीवार ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे राफेल गिराये। केंद्र सरकार को इस पर स्पस्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब इस बारे में सवाल पूछना लोकतंत्र में गलत क्या है? हमें पता होना चाहिए कि कितने लोग हताहत हुए, कितने सैनिक घायल हुए, कितने राफेल विमान गिराए गए।

कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं मुर्खों को जवाब नहीं देता हूं। इनको पता नहीं है कि ड्रोन क्या होता है। जिनको मिसाइल ड्रोन और खेती के लिए यूज होने वाले ड्रोन में फर्क नहीं पता... उनके बारे में क्या कहूं.. इनको देश से कोई लेना देना नहीं है।

## चार माह में 1 हजार किसानों ने की आत्महत्या

**मुंबई।** विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने जानकारी दी कि जनवरी से अप्रैल 2025 के चार महीनों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण 54,533 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ, इस अवधि के दौरान एक हजार किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने राज्य सरकार से तुरंत प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराने और प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

दानवे ने कहा कि मार्च 2023 से दिसंबर 2024 के बीच विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान के लिए किसानों को कुल 13,819 करोड़ रुपए वितरित किए जाने बाकी हैं। पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर प्राकृतिक आपदाएं आई हैं, लेकिन सरकार कुछ भी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के मानदंड के आधार पर फसल बीमा मुआवजा का भुगतान किया जाएगा, यह किसानों के साथ अन्याय है और वह इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। विपक्ष के नेता ने कहा कि देश के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई के राजशिष्टाचार के प्रति सरकारी अधिकारी लापरवाह रहे। मुख्य न्यायाधीश द्वारा इस पर नाराजगी जताए जाने के बाद सरकार ने शाही शिष्टाचार के पालन के संबंध में एक परिपत्र जारी किया।

# महाराष्ट्र में औसत से अधिक बारिश का अनुमान

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में खरीफ सीजन की समीक्षा बैठक
- खरीफ सीजन से 204 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में बुधवार को वाईबी चव्हाण सेंटर में खरीफ सीजन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मौसम विभाग की तरफ से दिए गए प्रेजेंटेशन में बताया गया कि राज्य में इस बार औसत से अधिक बारिश होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अलग-अलग विभागों में औसत से 60 से 17 फीसदी तक अधिक बारिश होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध है। इसकी कोई कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल खरीफ सीजन में रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद है। इस साल 204 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। पिछले साल 1.87 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। खेती से अधिक उत्पादन कैसे मिले? इसके प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार, सभी जिलों के पालक मंत्री, रेलवे, केंद्र सरकार और आईएमडी के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में बीज का स्टॉक है। बोगस बीज पर नियंत्रण के लिए अब बीज उत्पादक कंपनियों को केंद्र सरकार के साथी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से अभी जो बीज बिकते हैं, उनमें 75 फीसदी बीज, बीज उत्पादकों की तरफ से तैयार नहीं किए जाते।



### डिजिटल खेती शाला

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि डिजिटल खेती शाला के माध्यम से किसानों का मार्गदर्शन किया जाएगा। कृषि विभाग ने महाविस्तार ऐप लांच किया है। इस ऐप पर खेती की पूरी जानकारी उपलब्ध है, वीडियो उपलब्ध है। मराठी में चैटबोट है, ताकि किसानों के सभी सवालों के जवाब मिल सके। ऐसे में यह किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि एसएलबीसी की बैठक में बैंकों से किसानों को कर्ज देते वक्त सिबिल स्कोर की शर्त को हटाने को कहा गया है। जो भी बैंक की शाखाएं इसका पालन नहीं करेंगी, उन पर कार्रवाई की जाएगी।


**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल** म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

टेली नं. : 022-66405250, ईमेल : eee.east1@gmail.com

संदर्भ क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ईनिविदा/26/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 26**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदार की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 01 कार्य के लिये खुली /नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 22.05.2025, सुबह 10.30 बजे से है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 29.05.2025, सायं. 6.15 बजे तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि है, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/414

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था


## म्हाडा की 96 इमारतें अत्यंत खतरनाक घोषित



**मुंबई।** मुंबई म्हाडा के अंतर्गत मुंबई इमारत दुरुस्ती और पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा मुंबई शहर के पुराने और जर्जर हो चुकी हैं। म्हाडा ने मानसून पूर्व पुरानी इमारतों का सर्वेक्षण किया जिसमें 96 इमारतों को अत्यंत खतरनाक घोषित किया गया है। इनमें से दो इमारतें पिछले वर्ष भी अत्यंत खतरनाक की सूची में थीं। म्हाडा ने जानकारी दी कि 96 अत्यंत खतरनाक इमारतों में कुल 3162 निवासी रहते हैं,जिनमें से 2577 निवासी और 585 गैर-निवासी किराएदार हैं। बोर्ड द्वारा 184 निवासी किराएदारों को इमारत खाली करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से केवल 3 किराएदार संक्रमण शिविरों में स्थानांतरित हुए हैं,जबकि 176 किराएदारों ने अब तक अपने घर खाली नहीं किए हैं। इन इमारतों में रहने वाले अन्य किराएदारों को भी निष्कासन की सूचना दी गई है और घर खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बोर्ड ने यह भी बताया कि 2577 निवासी किराएदारों को संक्रमण शिविरों में स्थानांतरित करना आवश्यक होगा और इसके लिए कार्यवाही की जा रही है। सभी किरायेदारों और निवासियों से अपील की गई है कि वे बोर्ड के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग दें और अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि को रोका जा सके। म्हाडा ने यह भी जानकारी दी कि बोर्ड का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत है। यदि किसी इमारत में खतरे के लक्षण दिखाई दें या कोई दुर्घटना घटित हो तो इसकी सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को देने का अनुरोध किया है।

## मीठी नदी घोटाले में अब ईडी की एंट्री

### परियोजना में हुए 65 करोड़ रुपये के घोटाले



**मुंबई।** मीठी नदी सफाई परियोजना में हुए बड़े घोटाले में अब ED की भी एंट्री हो गई है। ED ने मुंबई EOW की जांच के आधार पर ECIR दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। ED की एंट्री के बाद इस घोटाले में शामिल अभियंताओं,मिडलमैन और ठेकेदारों की मुसिबतें और बढ़ने वाली हैं। वहीं EOW ने मीठी नदी सफाई परियोजना में हुए 65 करोड़ रुपए के घोटाले को लेकर एक और बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि टेंडर देने से पहले और उसके बाद, BMC के अभियंताओं ने यह कभी जांचा ही नहीं कि वास्तव में मीठी नदी में कितनी गाद मौजूद थी।


**जन्मतिथी मे परिवर्तन**

मै, ARCHANA KUMARI पत्नीः **दुर्गा दत्त** आर्मी नं. JC-522575X, निवासी ग्राम-कामरू, पोस्ट-कामरु, तहसील-सांगला, जिला किन्नोर (हिमाचल प्रदेश), राज्य पिन-172106 घोषित करती हू मेरे पती के आर्मी रिकॉर्ड में गलती से मेरी जन्मतिथी **15/05/1982** दर्ज है सही जन्मतिथी **15/05/1980** है. शपथपत्र 19.05.2025 को नोटरी वाय. एम. खोकलेकर, बेळगावी (कर्नाटका) समक्ष किया .


## सायबर ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण विभाग साइबर पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी मामले में आरोपी मोहम्मद आरिफ यूसुफ खान कक पायधूनि, से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अकाउंट प्रोवाइडर होने कारण की गई है, जिसमें पीड़ित से 5.39 करोड़ रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई थी। यह ठगी जुलाई 2024 से फरवरी 2025 के बीच की गई। शिकायतकर्ता से आकृति देसाई नाम की महिला ने व्हॉट्सऐप और टॉपफेस जैसे सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए संपर्क किया। महिला ने अधिक मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित का विश्वास जीता और सुनियोजित तरीके से उन्हें विभिन्न बैंक खातों में कुल 5,39,60,000 रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। जब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

## ई-बाइक परमिट के खिलाफ ऑटो यूनियन का विरोध प्रदर्शन



**मुंबई।** महाराष्ट्र में ऑटो चालकों ने बुधवार को ई-बाइक टैक्सी/बाइक पूलिंग को महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दिए गए परमिट के खिलाफ आरटीओ कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने मांग की कि ई-बाइक को दी गई अनुमति तुरंत रद्द की जाए। ऑटोरिक्शा चालक मालिक संघ,संयुक्त कार्रवाई समिति महाराष्ट्र के संबद्ध संगठनों के माध्यम से राज्य के सभी आरटीओ कार्यालयों के बाहर आंदोलन किया गया और इस मुद्दे पर सरकार को एक बयान दिया गया। ऑटो रिक्शा मालिक चालक संगठन के शशांक शरद राव ने कहा, "महाराष्ट्र सरकार ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के नाम पर ई-बाइक टैक्सियों को अनुमति देने का फैसला किया है। हमारे संगठन ने ई-बाइक टैक्सियों को लाने का फैसला करने के लिए राज्य द्वारा नियुक्त समिति के समक्ष लाइसेंस का विरोध किया और इसके कारणों को पैनल के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया. महाराष्ट्र सरकार को ई-बाइक टैक्सी/बाइक पूलिंग सेवा की अनुमति देने से पहले हमारे संगठन के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए थी।


**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E.H.V. Civil Const. cum Maint. Division, Panvel**

**SRM e-Tender Notice No. 06/2025-26**

Online bids (SRM e-Tenders) are invited for following works from the registered contractors. :

| SRM e-Tender No. | RFx no. | Name of work | Estimated cost in Rs. |
|---|---|---|---|
| 09/ 2025-26 | 7000036378 | Annual civil maintenance works at 220KV Taloja. 100KV Taloja, 220KV Apta, 220KV Tambati, 100KV Khopoli and Wasambe colony along with other civil works for the F.Y.2025-26. | 4550992.00 |
| 10/ 2025-26 | 7000036379 | Annual civil maintenance works for 220KV Mahad/100KV Mhasala/100KV Roha/100KV Thal along with other civil works for the F.Y 2025-26. | 3914060.00 |
| 11/ 2025-26 | 7000036390 | Annual civil maintenance works at 400KV Kharghar, 220KV Uran, 220KV Ulwe, Switching stations at Khandeshwar and Waghivali and 220KV GIS New Panvel along with other civil works for the F.Y 2025-26. | 4099597.00 |
| 12/ 2025-26 | 7000036402 | Annual civil maintenance works at 220KV ONGC, 100KV Jite, 100KV Patalganga, 100KV Bhokarpada, Takka premises, Kalamboli colony, Bhingari premises and 220KV Wadkhal for the F.Y 2025-26. | 2224705.00 |
| 13/ 2025-26 | 7000036397 | Annual civil maintenance works at 220KV Kandalgaon substation with colony and 220KV Vilebhagad substation for civil works for the F.Y 2025-26. | 2203612.00 |
| 14/ 2025-26 | 7000036396 | Annual civil maintenance works at 400KV Nagothane substation for civil works the F.Y 2025-26. | 2245576.00 |

For detailed information, please see SRM e-Tender section of our website: www.mahatransco.in. Contact person: Dy. Executive Engineer (Civil), Panvel. Telephone No. (022)27480325/ Mob no. 9765644291

Sd/-
Executive Engineer (Civil), Panvel.


## दोषी ठेकेदारों पर लगाएं भारी जुर्माना : शेलार

**मुंबई।** सड़क काम अधूरे छोड़ने वाले अथवा सड़क काम में लापरवाही बरतने वाले तथा घटिया गुणवत्ता वाले काम करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ठेकेदारों पर भारी जुर्माना लगाने का निर्देश शेलार ने मनपा प्रशासन को दिया। इस बीच मनपा प्रशासन ने निर्देश दिया है कि 20 से 31 मई के बीच सभी अधूरी सड़कें मस्तिक डामर से सुरक्षित की जाएं। आगामी मानसून को देखते हुए कांक्रीटीकरण कार्यों को अस्थायी रूप से रोक दिया जाए और यह कार्य अक्टूबर 2025 में दोबारा शुरू होगा।

मुंबई में इस समय सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। संरक्षक मंत्री शेलार ने बुधवार सुबह पूर्वी उपनगरों में चल रहे कुछ सड़क कार्यों का निरीक्षण किया। उस समय, पालकमंत्री शेलार के ध्यान में आया कि घाटकोपर, विक्रोली पार्क साइट, भांडुप आदि स्थानों पर ठेकेदारों ने कुछ समय पहले सड़क के काम के लिए सीमेंट कंक्रीट का ऑर्डर दिया था, जबकि कुछ स्थानों पर सड़क का स्तर उचित नहीं था और कुछ स्थानों पर सड़क का काम ठीक से नहीं किया गया था। इस दौरान कई स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि छह महीने तक सड़कें खोदी जाती हैं और उन सड़कों का काम समय पर पूरा नहीं होता, जिससे सड़क यातायात और पैदल चलने वालों को असुविधा होती है।


**जाहीर नोटीस**

एतदवरा सभी लोगो को सुचित किया जाता है की, रेवेन्यु विलेज दिवे - केवणी, भिवंडी, जि. ठाणे का सर्व्हे नं. ३२ हिस्सा नं. ४ क्षेत्र ०-१०-२० (हे . आर. चौमी) यह जमिन हमारे अशिल खरीदने सौपने तथा हस्तांतरीत करने का तय कीया है एवं इस बारे मे दोनो पक्षकारो मे बात हुई है .

अतएव सर्वसाधारण जनता अथवा प्राधिकारीयों मे से कोई भी, जिनका उपरोक्त संपत्ती एवं उक्त वर्तमान मालिक जिन्होने मेरे अशिल के पक्ष मे विक्री / हस्तांतर हेतु अनुबंध क्रीयान्वीत करने जा रहे रहे है, के विरूदध किसी भी प्रकार से तथा विक्री, उपहार, पट्टा, गिरवी, प्रभार, विनीमय, लीव एवं लायसेंस, सदा के लिए पट्टा अथवा किरायेदारी अथवा उत्तराधिकार, अंतर्गत कीसी अन्य वैध दावा अथवा कीसी भी सिवील अथवा अपराधिक मुकदमा अंतर्गत कानुन नियुक्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा जमिन राजस्व बकाया के तौर पर वसुली प्रक्रीया अंतर्गत कीसी भी स्वरूप मे कोई भी दावा अथवा आपत्ती है तो यह नोटीस प्रसिदध होने के १५ दिनो के अंदर निम्नलिखीत प्रते पे वैध दस्ताऐवज प्रमाणो के साथ अपनी आपत्ती वा हरकत जताए अन्यथा यह नोटीस प्रसिद्ध होने के १५ दिनो के बाद आनेवाले हरकत / दावा मेरे अशिल पर बंधनकारक नही रहेगी, इसपे कृपया ध्यान दिया जाए.

पत्ता - ५४, केशव सदन, केवणी
ता. भिवंडी, जि. ठाणे,
मो.नं. ९८५०८३३३९७ / ८१७७८५७६७८

ॲड. जतिन अ. पाटील
Adv. JATIN A. PATIL
MAH/1119/2016 B.A.LLB 54, Keshav Sadan Kewani Tal. Bhiwandi, Dist. Thane Mob.: 9850833397



**जाहीर नोटीस**

एतदवरा सभी लोगो को सुचित किया जाता है की, रेवेन्यु विलेज दिवे-केवणी, ता. भिवंडी, जि. ठाणे का सर्व्हे नं. १०३ हिस्सा नं. ३९ क्षेत्र ०-०७-३० (हे . आर. चौमी) यह जमिन हमारे अशिल यह मालिक निरा नरसु माळी और अन्य इनसे खरीदने सौपने तथा हस्तांतरीत करने का तय कीया है एवं इस बारे मे दोनो पक्षकारो मे बात हुई है .

अतएव सर्वसाधारण जनता अथवा प्राधिकारीयों मे से कोई भी, जिनका उपरोक्त संपत्ती एवं उक्त वर्तमान मालिक जिन्होने मेरे अशिल के पक्ष मे विक्री / हस्तांतर हेतु अनुबंध क्रीयान्वीत करने जा रहे रहे है, के विरूदध किसी भी प्रकार से तथा विक्री, उपहार, पट्टा, गिरवी, प्रभार, विनीमय, लीव एवं लायसेंस, सदा के लिए पट्टा अथवा किरायेदारी अथवा उत्तराधिकार, अंतर्गत कीसी अन्य वैध दावा अथवा कीसी भी सिवील अथवा अपराधिक मुकदमा अंतर्गत कानुन नियुक्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा जमिन राजस्व बकाया के तौर पर वसुली प्रक्रीया अंतर्गत कीसी भी स्वरूप मे कोई भी दावा अथवा आपत्ती है तो यह नोटीस प्रसिदध होने के १५ दिनो के अंदर निम्नलिखीत पते पे वैध दस्ताऐवज प्रमाणो के साथ अपनी आपत्ती वा हरकत जताए अन्यथा यह नोटीस प्रसिदध होने के १५ दिनो के बाद आनेवाले हरकत / दावा मेरे अशिल पर बंधनकारक नही रहेगी, इसपे कृपया ध्यान दिया जाए.

पला - ५४, केशव सदन, केवणी
ता. भिवंडी, जि. ठाणे.
मो.नं. ९८५०८३३३९७ / ८१७७८५७६७८

ॲड. जतिन अ. पाटील
Adv. JATIN A. PATIL MAH/1119/2016
B.A.LLB54, Keshav Sadan Kewani Tal. Bhiwandi, Dist. Thane Mob.: 9850833397



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**मु.अभि./पर्या. एवं जल. परि./345/दि. 20.05.2025**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :

| कार्य का नाम | महाटेंडर बोली क्र. | बयाना रकम जमा | निविदा जांच शुल्क | बोली की आरंभिक तिथि एवं समय | बोली समाप्ति तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| बीएमसी परिसर में मौजूदा ओपन वेल्स/सर्फेस वेल्स/ बोरवेल्स हेतु ग्राउंड वॉटर रिचार्ज पिट्स/रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम्स के निर्माण का कार्य | 2025_एमसीजीएम_1182325 | रु. 28,310/- | रु. 6,600/- + 18% जीएसटी | 22.05.2025, सुबह 11.00 बजे | 02.06.2025, सायं. 04.00 बजे |

निविदा प्रति महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (महाटेंडर्स) (http://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है और साथ ही निविदा प्रति बीएमसी के पोर्टल https://portal.mcgm.gov.in पर ई-निविदा अनुभाग से डाउनलोड की जा सकती है.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(पर्यावरण एवं जल. परि.) – II

पीआरओ/472/विज्ञा./2025-26

कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.



**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

**पाणी पुरवठा विभाग**

**जाहिर सर्व साधारण निविदा सूचना क्र.०७, सन २०२५-२६. (फेर निविदा)**

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खालील नमुद कामे योग्य वर्गातील नोंदणीकृत ठेकेदाराकडून जाहिर सर्व साधारण निविदा बी - १ नमून्यात निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधिन राहून दिनांक २२/०५/२०२५ रोजी मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम (GST वगळुन) | अनामत रक्कम | कोऱ्या निविदा प्रतिची किंमत (१८% GST सह) | कामाचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | उल्हासनगर महानगरपालिके अंतर्गत असलेल्या रमाबाई पंपिंग स्टेशन करीता टाकण्यात आलेल्या एक्सप्रेस फिडर केबल वर रेडी मिक्स सिमेंट क्रॉक्रीट टाकण्याच्या कामा बाबत. | रु. ५,८५,४२८/- | रु. ५८५४/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |

**अटी व शर्ती :-**

१) या कामी निविदा प्रपत्र रोख रक्कम भरणा करून दिनांक २२/०५/२०२५ पासून दिनांक २८/०५/२०२५ पर्यंत दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध होतील.
२) सीलबंद निविदा दिनांक २९/०५/२०२५ रोजी दुपारी ०३.०० वाजेपर्यत उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या पाणी पुरवठा विभागात स्वीकारण्यात येतील.
३) मुदतीत प्राप्त झालेल्या निविदा दिनांक ३०/०५/२०२५ रोजी दु. ०३.०० नंतर शक्य झाल्यास अथवा इतर सोयीच्या दिवशी उपस्थित निविदाधारक किंवा त्यांच प्रतिनिधी समक्ष उघडण्यात येतील.
४) अटी व शर्ती युक्त निविदाचा विचार केला जाणार नाही.
५) कामांची देवके निधी उपलब्धतेनुसार अदा करण्यात येतील.
६) प्रत्यक्ष कामांची ठिकाणे पाहून निविदा भराव्यात.
७) प्राप्त निविदेतील १ अथवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता मंजूर अथवा नामंजूर करण्याचा हक्क उल्हासनगर महानगरपालिकेने राखून ठेवला आहे.
८) २% सुरक्षा अनामत रक्कम देयकातून वजा करण्यात येईल.
९) सदरच्या अंदाजपत्रकीय रक्कमेमध्ये GST पकडण्यात आलेली नाही.
१०) देयकास लागणारी GST रक्कम स्वतंत्रपणे देण्यात येईल.
११) निविदा अंतिमत: स्विकारणे / नाकारणेचे अधिकार मा. आयुक्तांचे राहतील.

सही/-
(किशोर गवस)
अतिरिक्त आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालकि

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/१२०/२०२५
दि. २१/०५/२०२५

# फील्ड मार्शल या फेल्ड मार्शल?

फील्ड में हारने वाले को वैसे तो फेल्ड कहते हैं लेकिन पाकिस्तान ऐसे लोगों को फील्ड मार्शल कहता है। देखा जाये तो भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान बुरी तरह पिटने वाले पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मौलाना असीम मुनीर को पाकिस्तान सरकार की ओर से प्रमोशन देकर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना उसी पुरानी कड़ी का दोहराव है जिसके तहत हर हार के बाद पाकिस्तानी सेना को वहां का शासन 'हार' पहनाता है।

इसके अलावा, अपनी सेना के विफल होने के बावजूद जिस तरह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष की हर मंच से जमकर तारीफ की और फिर उन्हें फील्ड मार्शल बनाना पड़ा वह दर्शाता है कि वह नहीं चाहते कि जैसा उनके भाई ने भुगता वैसा ही वह भी भुगतें। उल्लेखनीय है कि शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ की सत्ता को पलट कर तत्कालीन पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाकिस्तान की सत्ता संभाल ली थी। असीम मुनीर भी पाकिस्तान पर राज करना चाहते हैं यह बात वहां के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भलीभांति जानते हैं इसलिए वह पर्दे के पीछे से सारा नियंत्रण असीम मुनीर को चलाने दे रहे हैं ताकि उनकी खुद की गाड़ी भी चलती रहे। जरदारी और शहबाज अच्छी तरह जानते हैं कि उनका अपने पद पर बने रहना लोकतंत्र पर नहीं, बल्कि मुनीर की कृपा पर निर्भर करता है। फील्ड मार्शल बनने के बाद असीम मुनीर अगली पदोन्नति के रूप में कौन-सा पद चाहेंगे यह देखने वाली बात होगी, वैसे यह तो है कि पाकिस्तान के इतिहास में इस पद पर पदोन्नत होने वाले वह दूसरे शीर्ष सैन्य अधिकारी बन गये हैं। उनसे पहले जनरल अयूब खान को 1959 में फील्ड मार्शल का पद दिया गया था। मुनीर ने पाकिस्तान की दोनों शक्तिशाली जासूसी एजेंसियों- आईएसआई और मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) का नेतृत्व किया है। वह पाकिस्तान के इतिहास में MI और ISI दोनों का नेतृत्व करने वाले एकमात्र अधिकारी हैं और पहले ऐसे सेनाध्यक्ष भी हैं जिन्हें प्रतिष्ठित "स्वॉर्ड ऑफ ऑनर" से सम्मानित किया गया है। असीम मुनीर ने नवंबर 2022 में सेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने जनरल कमर जावेद बाजवा का स्थान लिया था जो लगातार तीन वर्षीय दो कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए थे।

वैसे असीम मुनीर ने अब तक कोई लड़ाई जीती नहीं है और सिर्फ कट्टरपंथ को ही आगे बढ़ाया है। लेकिन फिर भी उनकी पदोन्नति को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए यह याद करना ज़रूरी है कि पाकिस्तान के पहले फील्ड मार्शल अय्यूब ख़ान अपने देश के पहले सफल सैन्य तख्तापलट के सूत्रधार भी थे। 1958 में तत्कालीन राष्ट्रपति इस्कंदर मिर्ज़ा के समर्थन से अय्यूब ख़ान ने मार्शल लॉ लागू किया और जल्द ही राष्ट्रपति पद से मिर्ज़ा को हटाकर स्वयं सत्ता संभाल ली थी। यही वह उदाहरण था जिसने पाकिस्तान में सैन्य शासन की परंपरा को जन्म दिया और सेना के नागरिक शासन में दखल को सामान्य बना दिया।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान में फील्ड मार्शल के प्रभाव की कोई संवैधानिक सीमा नहीं है, खासकर उस व्यवस्था में जो बार-बार अपने ही संविधान की अनदेखी करती है। इतिहास भी यही दर्शाता है कि पाकिस्तान में सत्ता मतपेटियों में नहीं, सेना की छावनियों में रहती है। पाकिस्तान का इतिहास यही बताता है कि सरकार के नेतृत्व के लिए यही बेहतर होता है कि वे अपने पासपोर्ट हमेशा तैयार रखें। दरअसल पाकिस्तान में नाममात्र का लोकतंत्र है, वास्तव में वह शुरू से ही सेना-प्रधान राष्ट्र बना हुआ है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*छगन मगन अब गगन तक,डांस करें इस बार*
*जलत अगन पर गिर गई, मानो जल की धार*
*मानों जल की धार, धनंजय मुंडे भइया*
*तुमने ही इस बार पार की हमरी नइया*
*कह सुरेश यदि आप स्वयं पद नहीं छोड़ते*
*राह बगावत की धर अपना शीश फोड़ते*

आज का कार्टून




साभार

# ...ताकि यूनुस सरकार का दिमागी बैलेंस ठीक रहे

जनेस थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की 18 मई को प्रकाशित रिपोर्ट में भारत की ओर से लगाई गई पाबंदियों से बांग्लादेश को यह नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। यह उसके कुल आयात का करीब 42 प्रतिषत है। इन पाबंदियों के तहत कई उत्पादों का कारोबार अब सड़क मार्ग की जगह केवल निश्चित किए बंदरगाहों तक सीमित कर दिया गया है।

सिंधु भारत ने बांग्लादेश से आने वाले कई उत्पादों पर पाबंदियां लगाई है। इससे बांग्लादेश को करीब 770 मिलियन डॉलर (करीब 6415 करोड़ रुपए) का आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसका सबसे अधिक प्रभाव बांग्लादेश के गारमेंट और प्रोसेस्ड फूड आइटम्स के उद्योग पर पड़ेगा। इस्लामी सरकार के नेतृत्व में गंभीर आर्थिक चुनौतियों और आंतरिक अस्थिरता से जूझ रहे बांग्लादेश के लिए यह किसी झटके से कम नहीं है।

बिजनेस थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की 18 मई को प्रकाशित रिपोर्ट में भारत की ओर से लगाई गई पाबंदियों से बांग्लादेश को यह नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। यह उसके कुल आयात का करीब 42 प्रतिषत है। इन पाबंदियों के तहत कई उत्पादों का कारोबार अब सड़क मार्ग की जगह केवल निश्चित किए बंदरगाहों तक सीमित कर दिया गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी ) के निर्देश पर 18 मई से बांग्लादेश से आयातित कई श्रेणियों के सामानों पर तत्काल बंदरगाह प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। इस निर्णय के तहत प्रमुख वस्तुएँ जैसे वस्त्र, तैयार खाद्य पदार्थ, प्लास्टिक और पीवीसी उत्पाद और लकड़ी का फर्नीचर अब केवल चुनिंदा समुद्री बंदरगाहों से ही भारत में आ सकेंगे जबकि भूमि मार्गों से इनका आयात पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। नई नीति के अनुसार, बांग्लादेश से आने वाले कपड़े जो करीब 618 मिलियन डॉलर (करीब 5130 करोड़ रुपए) के होते हैं, अब केवल दो बंदरगाहों के जरिए ही भारत में लाए जा सकेंगे। इनके सड़क मार्ग से आयात पर पाबंदी लगा दी गई है। इसी तरह की पाबंदी फूड प्रोसेस्ड आयटम, फ्रूट ड्रिंक्स, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, कपास और अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों पर भी लगाई गई है।



जानकारी के अनुसार, बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स का आयात अब किसी भी सड़क मार्ग से नहीं होगा। इनका आयात अब केवल मुंबई के न्हावा शेवा और कोलकाता के समुद्री बंदरगाहों से ही होगा। इसके अतिरिक्त असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के किसी भी भूमि सीमा शुल्क स्टेशन (एलसीएस)/एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी), तथा पश्चिम बंगाल में चंगराबांधा और फुलबारी के एलसीएस के माध्यम से फ्रूट्स ड्रिंक, कार्बोनेटेड पेय, बेक्ड सामान, स्नैक्स, चिप्स, कन्फेक्शनरी, कपास और सूती धागे, प्लास्टिक, पीवीसी और लकड़ी का फर्नीचर आयात करने पर पाबंदी लगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय कपड़ा निर्माता लंबे समय से इस बात को लेकर चिंतित रहे हैं कि बांग्लादेशी प्रतिस्पर्धियों को अनुचित लाभ मिल रहा है। उन्हें चीन से बिना शुल्क के कपड़ा आयात और सरकारी निर्यात सब्सिडी का फायदा मिलता है जिससे वे भारतीय बाजार में 10-15 प्रतिषत तक सस्ती दरों पर सामान बेच पाते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने नई पाबंदी इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखकर लगाए हैं। ये प्रतिबंध चीन की ओर बांग्लादेश के बढ़ते कूटनीतिक झुकाव के प्रति भारत की प्रतिक्रिया भी है। इस साल फरवरी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कपड़ा मंत्रालय के बजट में 19 प्रतिशत की वृद्धि की थी जिससे उद्योग को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन मिला है। वित्त वर्ष 2024-25 के 4417.03 करोड़ रुपए की तुलना में अब मंत्रालय को 5272 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही सरकार ने कपास उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 5 वर्षीय कपास मिशन शुरू करने की घोषणा भी की है।

पूर्व में बांग्लादेश कपड़ों का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक था,लेकिन वहां का कपड़ा क्षेत्र इस समय वित्तीय संकट, बिजली की कमी और बढ़ती हिंसा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, इटली और नीदरलैंड जैसे प्रमुख बाजारों में कपास और वस्त्र निर्यात बढ़ाने का मौका है। ऐसे में भारत उन सभी रणनीतिक कदमों को अपना रहा है जिनसे बांग्लादेश से हट रहे वैश्विक व्यापार को अपनी तरफ किया जा सके। भारत द्वारा बांग्लादेशी सामानों पर पाबंदी लगाने के फैसले को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की विवादास्पद टिप्पणी की प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा जा रहा है। चीन में दिए गए एक भाषण के दौरान यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड बताते हुए बांग्लादेश को समंदर का इकलौता गार्जियन बताया था। इस बयान को भारत में कूटनीतिक रूप से आपत्तिजनक माना गया क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र की कनेक्टिविटी और रणनीतिक स्थिति को कमतर दर्शाने वाला बताया। इससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव और गहरा गया है। जीटीआरआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में चीन के साथ बढ़ती निकटता भारत के लिए रणनीतिक चिंता का विषय बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के मध्य में भारत समर्थक शेख हसीना सरकार के पतन और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम प्रशासन के गठन के बाद ढाका ने बीजिंग के साथ गठबंधन की दिशा में रुख किया है। मार्च 2025 में यूनुस की चीन यात्रा के दौरान 2.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 17430 करोड़) के नए निवेश और सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके साथ ही तीस्ता नदी विकास जैसी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में चीनी भागीदारी से क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। 2024 के अंत से बांग्लादेश ने भारतीय निर्यात पर कई प्रकार के प्रतिबंध लागू किए हैं। इनमें अप्रैल 2025 तक 5 प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारतीय धागे के आयात पर प्रतिबंध, चावल के शिपमेंट पर कड़े नियंत्रण, कागज, तंबाकू, मछली तथा पाउडर दूध सहित कई भारतीय उत्पादों के आयात पर रोक शामिल है। इसके अलावा, ढाका ने भारत से गुजरने वाले सामान पर 1.8 टका प्रति टन प्रति किलोमीटर का पारगमन शुल्क भी लगा दिया है, जिससे तनाव और बढ़ गया है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, इन सभी कार्रवाइयों में सख्त बंदरगाह निरीक्षण, परिचालन में देरी और प्रतिबंधों ने भारतीय निर्यातकों के लिए गंभीर बाधाएं खड़ी कर दी हैं और भारत में एक संतुलित, जवाबी नीति की माँग को जन्म दिया है।


**- रामस्वरूप रावतसरे**

# कोरोना वायरस ने रूप बदलकर एक बार फिर से दस्तक दे दी है

कोरोना वायरस ने रूप बदलकर एक बार फिर से दस्तक दे दी है। सिंगापुर और हांगकांग में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी होने से भारत के लोग डरे हुए हैं। कोरोना का नाम सुनते ही हर किसी के जहन में फिर से साल 2020-21 की वो खौफनाक यादें ताजा हो उठती हैं, जिनको सोचने मात्र से ही रूह कांप जाए। एक बार फिर से केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र में कोरोना मरीज तेजी से बढ़ने लगे हैं। मुंबई के केईएम अस्पताल में दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत के बाद शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। पिछले कुछ महीनों से देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमती नजर आ रही थी। लोग राहत की सांस ले ही रहे थे कि, दो लोगों की मौत ने फिर से चेतावनी की घंटी बजा दी है। एक बार फिर कोविड-19 बता दिया है कि, ने उसे नजरअंदाबज करना भारी पड़ सकता है।

बताया जाता है कि हांगकांग में पिछले 10 हफ्तों में हर वीक कोविड केस 30 गुना से अधिक बढ़ गए हैं। लेकिन ये उछाल सिर्फ हांगकांग तक सीमित नहीं है। सिंगापुर में भी एक हफ्ते में करीब 30 फीसदी केस बढ़े हैं। चीन और थाईलैंड से भी कोविड के बढ़ते मामलों की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं।हांगकांग ने 10 मई को खत्म हुए हफ्ते में कुल 1,042 कोविड केस रिपोर्ट किए। उससे पिछले हफ्ते ये आंकड़ा 972 था। मार्च की शुरुआत में यहां हफ्ते के सिर्फ 33 केस थे। यानी मार्च से लगातार केस बढ़ते जा रहे हैं।

सबसे बड़ी चिंता की बात ये है कि यहां पॉजिटिविटी रेट लगातार बढ़ रही है। 1 मार्च को खत्म हुए हफ्ते में पॉजिटिविटी रेट सिर्फ 0.31% थी। ये 5 अप्रैल तक 5.09% हो गई और 10 मई को खत्म हुए हफ्ते में बढ़कर 13.66% तक पहुंच गई।कोरोना का नया वेरिएंट JN.1 कितना खतरनाक है, ये अब तक साफ नहीं हो सका है। अधिकारियों के मुताबिक, ऐसा कोई सबूत अब तक मिला नहीं है जिससे ये कहा जा सके कि ये वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक है। या फिर ये ज्यादा तेजी से फैल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कमजोर इम्युनिटी वालों को थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है। ऐसे लोगों को ये आसानी से अपना



निशाना बना सकता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को बुलाई थी। बैठक में देश में मौजूदा कोविड-19 की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना की स्थिति कंट्रोल में है। 19 मई तक भारत में कोरोना के 257 एक्टिव मामले पाए गए। ये आंकड़ा देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम है। मुंबई में 2 मरीजों की जान भी संक्रमण से जा चुकी है। भारत में कोरोना के ज्यादातर केस केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से मिले हैं। हालांकि, भारत में JN-1 कोरोना वेरिएंट के सर्कुलेट होने की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पीटीआई ने एक आधिकारिक सूत्र के हवाले से कहा, " देश में पाए गए कोरोना के मामलों में लगभग सभी मामले हल्के हैं, इससे अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आश्वासन के बावजूद देखा जाय तो कोरोना वायरस आम से खास लोगों तक भी पहुंच गया है। हाल ही में बिग बॉस 18 में नजर आईं एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम के जरिए अपने फॉलोअर्स से अलर्ट रहने की अपील की। उन्होंने लोगों से सुरक्षित रहने और मास्क पहनने की अपील की है। मुंबई में तो पिछले तीन महीनों में मुंबई में हर महीने औसतन 7 से 10 नए कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जो भले ही संख्या में कम हैं, लेकिन इनको पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। खासकर तब जब एशिया के कुछ देशों जैसे हांगकांग और सिंगापुर में कोरोना संक्रमण एक बार फिर तेजी से फैल रहा है।

बताया जाता है कि जो लोग पहले कोरोना वैक्सीन ले चुके हैं, उनके लिए भी कोरोना के नए वेरिएंट JN।1 का खतरा है। एक स्टडी के मुताबिक, JN1 का असर इम्यून सिस्टम पर न हो, ये कहना मुश्किल है। पहले की वैक्सीनें या इन्फेक्शन से बनी एंटी बॉडीज इसके खिलाफ कम प्रभावी हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि XBB.1।5 मोनोवैलेंट बूस्टर डोज JN1 वेरिएंट से लड़ने में मददगार है। WHO के मुताबिक, इस बूस्टर वैक्सीन को खासकर ओमिक्रॉन के XBB1.।5 सब-वेरिएंट के लिए बनाया गया है। इसेस शरीर में एंटीबॉडीज बढ़ती हैं। ये डोज JN1 से होने वाली बीमारी को 19% से 49% तक रोक सकती है।

हांगकांग सरकार ने लोगों से साफ तौर पर कहा है कि सभी लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए पर्सनल और आस-पास की सफाई का ध्यान रखें। ताकि खुद को और दूसरों को कोविड से बचाया जा सके।कोविड केस बढ़ने के बाद हांगकांग सरकार ने खासतौर पर जिन्हें पहले से कोई बीमारी है या जिनकी इम्युनिटी कमजोर है, ऐसे हाई-रिस्क लोगों को सलाह दी है कि वे पिछली डोज़ या संक्रमण के कम से कम 6 महीने बाद एक और कोविड वैक्सीन की डोज जरूर लें। चाहे उन्होंने पहले कितनी भी डोज क्यों न ली हों।

सिंगापुर में कोविड केस 27 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में 11,100 थे, जो 3 मई के हफ्ते में बढ़कर 14,200 हो गए। यानी एक हफ्ते में करीब 30% का उछाल। यही नहीं, अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी रोज औसतन 102 से बढ़कर 133 हो गई है। ये आंकड़े सिंगापुर सरकार के हैं।सरकार का कहना है कि ये उछाल कई वजहों से हो सकता है। जैसे कि लोगों में वैक्सीन से बनी इम्युनिटी का धीरे-धीरे कम हो जाना। इस वक्त सिंगापुर में जो कोविड वेरिएंट सबसे अधिक फैल रहे हैं, वो हैं LF।7 और NB।1।8। दोनों JN।1 वेरिएंट की ही अगली पीढ़ी हैं। ध्यान देने वाली बात ये है कि JN।1 वेरिएंट ही मौजूदा कोविड वैक्सीन बनाने में इस्तेमाल हुआ था।थाईलैंड में भी हाल ही में छुट्टियों के बाद कोविड केस तेजी से बढ़े हैं।

**- अशोक भाटिया**

# शस्त्र और शास्त्र, दोनों धरातलों पर ध्वस्त पाकिस्तान

जैसा कि 'बाजीराव मस्तानी' फिल्म में सभी ने देखा कि पेशवाई के लिए साक्षात्कार के समय बाजीराव ने अपने तीर से मोरपंख का आकार कम कर अपनी 'शस्त्र और शास्त्र' के ज्ञान में पारंगता का प्रमाण दिया। उनका संदेश था कि मोर का पंख मुगल साम्राज्य है, इसकी जड़ पर प्रहार करो , अपने आप नष्ट हो जाएगा। अभी पाकिस्तान के साथ हुए टकराव के समय भी भारत ने 'शस्त्र और शास्त्र' दोनों धरातलों पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। शस्त्र के धरातल पर तो सभी जानते हैं कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, वहां की वायु रक्षा कवच को तहस नहस करते हुए अपनी अचूक नभ सुरक्षा व्यवस्था का परिचय दिया लेकिन इसके साथ-साथ हमने पाकिस्तानी सेना अध्यक्ष जनरल मुनीर द्वारा अलापे गए धर्म के नाम पर दो राष्ट्र के सिद्धांत को भी धाराशाही कर दिया।

सन 1817 में पैदा हुए मुस्लिम विद्वान सर सैयद अहमद खान ने अंग्रेज सरकार के सामने यह सिद्धांत दिया था कि मुसलमान एक अलग राष्ट्र हैं। उनका यही विचार आगे चल कर दो राष्ट्र सिद्धांत बना जिससे 1947 में धर्म के नाम पर देश का विभाजन हुआ। कट्टरपंथ, जनूनी हिंसा और हमारे नेतृत्व की कमजोरी के चलते चाहे भारत ने धर्म के नाम पर हुए इस बंटवारा स्वीकार कर लिया परन्तु वैचारिक धरातल पर यह कभी नहीं माना कि पूजा पद्धति अलग होने से किसी की राष्ट्रीयता अलग हो जाती है। भारत की युगों से अवधारणा रही है 'एकम् सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात ईश्वर एक है, पर विद्वान उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। इसी विश्वास के कारण ही हम 1947 में हुए विभाजन को अप्राकृतिक व ईश्वर की इच्छा के विपरीत मानते हुए पुनः अखण्ड भारत की बात करते हैं। लेकिन पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि 'इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिन्दू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।' मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाक सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड को सम्बोधित करते हुए कहा, 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिन्दू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं जैसे धर्म, रीति-रिवाज, परम्परा, सोच और आकांक्षाओं में हिन्दुओं से अलग हैं।' जनरल मुनीर सम्बोधित चाहे पाकिस्तानी रंगरूटों को कर रहे थे परन्तु उनकी चिट्ठी का पता भारतीय मुसलमान थे। याद करें कि यह लगभग वही समय था जब भारत में कुछ छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों की तुष्टिकरण की नीति के चलते वक्फ बोर्ड अधिनियम में संसद द्वारा किए गए संशोधन के कारण यहां मुस्लिम भावनाएं भडक़ी हुई थीं। इस दौरान बंगाल में साम्प्रदायिक दंगे भी हुए जिसमें कई निर्दोष हिन्दुओं ने जानें भी गंवाई और अपमान भी झेले। जनरल मुनीर ने ऐसे संवेदनशील मौके पर आंच में भूसा झोंकने का काम करते हुए भारत के मुसलमानों में फिर से द्वि-राष्ट्र सिद्धांत स्थापित करने का कुत्सित प्रयास किया।

**- राकेश सैन**

# रूस-यूक्रेन: युद्ध- विराम की उम्मीद!

रूस - यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की स्थिति बनती दिख रही है। ट्रंप-पुतिन के बीच हुई दो घंटे की लंबी बातचीत से ये आसार देख रहे हैं। आपको बता दूं कि अमेरिका की अगुआई वाले नाटो की हरकतों से तंग आकर रूस ने जब यूक्रेन पर धावा बोला था, उस समय उसकी अर्थव्यवस्था दुनिया में चौथे नंबर पर थी लेकिन महाबली रूस को इस युद्ध का बड़ा झटका लगा। अगले सालभर में उसकी जीडीपी 13% घट गई। दूसरी ओर अमेरिका और यूरोपीय देशों के सहारे रूस का सामना कर रहे यूक्रेन की जीडीपी 28% से ज्यादा घट गई। उसके बाद से दोनों ही देशों में लोगों को ज्यादा महंगाई और दूसरी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार से लौट तो आए हैं लेकिन तनाव बना हुआ है।

पाकिस्तान की गोलीबारी से सीमावर्ती इलाकों में लोगों के घरों को नुकसान हुआ। हालांकि पाकिस्तान की हरकतों पर चुप नहीं रहा जा सकता, लिहाजा भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, लेकिन युद्ध से बचा जाना चाहिए क्योंकि हर जंग अपनी कीमत वसूलती है। इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डिवेलपमेंट के सीनियर इकनॉमिस्ट डॉ. सारथी आचार्य ने कहा, 'इतिहास देखें तो जंग का खर्च किसी भी देश की इकॉनमी का एक अहम हिस्सा रहा है। कई बार ऐसी लड़ाइयां जरूरी होती हैं लेकिन इनकी अपनी बहुत बड़ी ह्यूमन और मटीरियल कॉस्ट भी होती है।1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दिनों में हमें अमेरिका से अनाज मंगाना पड़ा। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को एक वक्त खाना न खाने की अपील करनी पड़ी थी। इससे पता चलता है कि युद्ध किस तरह का असर डाल सकता है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने आतंकियों और उनके आकाओं को खत्म करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके तहत पाकिस्तान के भीतर मौजूद कई आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की गई।

रूस और यूक्रेन पिछले तीन साल में युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत के इतने करीब कभी नहीं पहुंचे। यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में जब दोनों देश आमने-सामने होंगे, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस लड़ाई को रुकवाने के लिए कोई हल निकल आएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी इस दौरान तुर्किये में मौजूद रहने के संकेत दिए हैं जो सकारात्मक कहा जा सकता है। इस बार उम्मीद ज्यादा इसलिए है क्योंकि मुलाकात का प्रस्ताव रूस की तरफ से आया है। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के सामने 30 दिनों के संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा था। मॉस्को ने इसे तो अस्वीकार कर दिया लेकिन कहा कि वह सीधी बातचीत के लिए तैयार है। अभी तक रूस और यूक्रेन के बीच किसी न किसी मध्यस्थ की मौजूदगी जरूर रही है। पहली बार यह मुलाकात सही अर्थों में द्विपक्षीय होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन इसमें खुद मौजूद रहते हैं या उनका कोई प्रतिनिधि जाता है, इस बारे में मॉस्को ने अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है पर उसका वार्ता की मेज तक पहुंचना ही बड़ा डिवेलपमेंट है। रूस और यूक्रेन अगर इस स्थिति तक पहुंचे हैं, तो इसमें ट्रंप की भूमिका से इनकार नहीं कर सकते। दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभालने के पहले से ही उन्होंने युद्ध रुकवाने की बात कहनी शुरू कर दी थी। यूक्रेन को लेकर ट्रंप और उनके डेप्युटी जेडी वेंस के रवैये की आलोचनाओं के बावजूद यह मानना होगा कि अमेरिका ने हिचक तोड़कर रूस से सीधी बात की। उसने सभी पक्षों पर लड़ाई रोकने का दबाव बनाया है। इस सीधी मुलाकात के लिए भी जब रूस की तरफ से प्रस्ताव आया तो ट्रंप ने यूक्रेन को सुझाव दिया कि उसे तुरंत इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। यूरोप चाहता था कि सीजफायर स्वीकार न करने की स्थिति में रूस पर नए प्रतिबंध लगाए जाएं और अमेरिका इसमें साथ दे। जब यूक्रेन से ट्रंप नाराज हो गए थे, तब भी यूरोप उसके साथ खड़ा रहा। ऐसे में बातचीत भले आमने-सामने की हो लेकिन इसमें यूरोप का पहलू जरूर शामिल होगा। उम्मीदें बहुत हैं, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम तभी मिलेगा जब रूस-यूक्रेन समझौते को लेकर प्रतिबद्धता दिखाएं। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के चार दिन बाद ही शांति को लेकर कोशिशें की गई थीं। बाद में इस्तांबुल में ही एक मीटिंग भी हुई थी, लेकिन कई मुद्दों पर बात नहीं बन पाई। दोनों देश अपनी जगह अड़े रहे।

**- संजय सिन्हा**

# महिलाओं के लिए कांग्रेस का बड़ा ऐलान

## बिहार में लागू की जाएगी "माई बहिन मान" योजना

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस एक्शन मोड में है। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बिहार की महिलाओं को बड़ी सौगात दी। बुधवार (21 मई) को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी की तरफ से घोषणा की गई कि महागठबंधन की सरकार बनने पर "माई बहिन मान" योजना बिहार में लागू की जाएगी। योजना के तहत हर जरूरतमंद महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये दिए जाएंगे।



**जरुरतमंद महिलाओं को मिलेगी आर्थिक सहायता**

अलका लांबा ने कहा कि गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी को कम करने का कांग्रेस प्रयास करेगी। परेशानियों से जूझ रही महिलाओं को योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र करते हुए अलका लांबा ने बताया कि उन्होंने आधी आबादी को पूरा हक देने की मुहिम शुरू की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी राजीव गांधी के संकल्प को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि महिलाओं के लिए सम्मान की बात है। महागठबंधन की सरकार बनने पर माई बहिन मान योजना का लाभ महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि माई बहिन मान योजना का फायदा पहुंचाने के लिए एक फॉर्म जारी होगा। फॉर्म पर नाम, जगह, धर्म और जाति का जिक्र होगा।

**महागठबंधन सरकार देगी हर महीने 2500 रुपए**

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मिस्ड कॉल नंबर भी जारी किया गया है। महागठबंधन की बैठक में माई बहिन मान योजना शुरू करने का फैसला लिया गया था। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने वादाखिलाफी का आरोप लगाया। दिल्ली में भाजपा ने महिलाओं को आर्थिक मदद देने का ऐलान किया था। सरकार बनने के बाद उस वादे को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए कांग्रेस पार्टी हर संभव प्रयास करेगी।

# घर के बाहर खेल रहे भाइयों को कुत्तों ने नोचा

**भोजपुर।** भोजपुर में बुधवार को कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों को काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई है। दूसरे की हालत गंभीर है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। आवारा कुत्तों के हमले के शिकार दोनों बच्चे अयांश कुमार(6) और रेयांश कुमार(3) सगे भाई हैं। दोनों गर्मी की छुट्टी मनाने तीन दिन पहले नानी के घर आए थे। घटना भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के आदित्य नगर की है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उनपर हमला कर दिया। कुत्तों ने अयांश के गर्दन, पेट, हाथ और पैर को बुरी तरह नोच डाला।

# बेटे-बहू ने बुजुर्ग माता-पिता को पीटा, फिर घर से निकाला

- महिला बोली- दवा के लिए पैसे नहीं देता
- 28 साल पहले पति ने अपनी नौकरी दी थी

महानगर नेटवर्क

भोजपुर

भोजपुर में बेटा-बहू ने एक बुजुर्ग माता-पिता की पिटाई कर दी। मारपीट के बाद बेटे-बहू ने बुजुर्ग को धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। अन्य लोगों की मदद से बुजुर्ग दंपती को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है। इनके चेहरा और सिर के साथ शरीर के अलग-अलग जगहों पर चोटें आई है। मामला बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव का है। जख्मियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी स्वर्गीय नरजीत पासवान के 85 साल के बेटे भदई पासवान और उनकी 80 साल की पत्नी मनबसिया देवी शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए बुजुर्ग महिला मनबसिया देवी बताया कि उनके एक बेटे की मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद उनके इकलौते बेटे तेजन पासवान को साल 1997 में उनके पति की तबीयत ठीक नहीं रहने के कारण चौकीदार की नौकरी दे दी गई थी। इसके बाद से बेटे और उसके परिवार बिना किसी वजह के रह रहकर प्रताड़ना करते हैं।



**बुजुर्ग माता-पिता को खर्च के लिए नहीं देते पैसे**

बेटे बुजुर्ग माता-पिता को खर्च के लिए पैसे दिए देते हैं, ना ही दवा के लिए पैसे देते हैं। किसी तरह अलग रहकर घर के बाहर दलान पर गुजारा करते हैं। उसके बावजूद भी मारपीट किया जाता है। घायल बुजुर्ग महिला ने बताया कि पति ने घर के बाहर गलती से थूका दिया था। इसके बाद बेटे के परिवार ने गाली-गलौज की। मारपीट शुरू कर दी गई। पोती ने मेरा सिर दीवार से टकरा दिया, पीठ पर मारा गया और पति को लात-घुसे से मारा गया, फिर घर से बाहर भगा दिया गया।

# शिक्षा विभाग ने 61 शिक्षकों को किया बर्खास्त

## 264 हुए निलंबित, 500 से ज्यादा पर मंडरा रहा खतरा



महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार राज्य के शिक्षा विभाग से बड़ी खबर सामने आ रही है। शिक्षा विभाग की जांच में दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों पर बड़ा एक्शन लिया है। जांच में दोषी मिलने वाले 61 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ 264 शिक्षक निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई कार्य में लापरवाही, विभागीय आदेश नहीं मानने पर और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण की गई है। हालांकि, राज्य के सरकारी विद्यालयों से गैरहाजिर, शिक्षण कार्य के प्रति लापरवाही तथा विभागीय आदेश नहीं मानने वाने 556 शिक्षकों पर कार्रवाई की गाज गिरी है।

**पांच सौ से अधिक शिक्षकों पर कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग ने राज्य के 61 शिक्षकों को बर्खास्त किया है। वहीं 264 शिक्षकों को निलंबित किया है। 273 शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एवं निदेशक (प्रशासन) सुबोध कुमार चौधरी के हस्ताक्षर के बाद सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

**गूगल शीट में उपलब्ध कराने का निर्देश**

शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश में सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों से कहा गया है कि सभी जिलों में शिक्षकों के खिलाफ निलंबन, विभागीय कार्रवाई एवं बर्खास्तगी का अद्यतन आंकड़े शिक्षा विभाग के गूगल शीट में उपलब्ध कराएं। दरअसल, शिक्षकों के खिलाफ निलंबन, विभागीय कार्रवाई एवं बर्खास्तगी के संबध में समीक्षा विभाग के स्तर पर की जाती है।

**गूगल शीट-2 में अपूर्ण सूचना**

गूगल शीट में सभी जिलों से शिक्षकों के विरुद्ध निलंबन, विभागीय कार्रवाई एवं बर्खास्तगी की सूचना भी सभी जिलों से मांगी गई है। इसका अनुश्रवण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भी विभाग द्वारा किया जाता है। अधिकतर जिलों द्वारा गूगल शीट-2 में अपूर्ण सूचना अंकित की गई है। प्रदेश के अररिया, जमुई, नालंदा, पटना, सहरसा, शेखपुरा, सारण, सीतामढ़ी, सुपौल एवं सीवान द्वारा गूगल शीट में कोई भी आंकड़ा अंकित नहीं किया गया है।

# कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने बिहार को गाली दी

- सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल
- 7 जून को पटना में होने वाले शो के बहिष्कार की उठी मांग

महानगर नेटवर्क

पटना

स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने एक शो के दौरान बिहार को गाली दी है। शो का वीडियो यूट्यूब पर अपलोड होते ही वो सोशल मीडिया पर विवादों में घिर गए हैं। 7 जून को पटना में होने वाले शो के बहिष्कार की मांग उठने लगी है।

हर्ष गुजराल ने यूट्यूब पर जारी किए कॉमेडी वीडियो 'जय हिंद' में बिहार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए बिहार के लोगों पर तंज कसा है। इसके बाद कई लोगों ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई है।

**ब्लैकआउट से डरा रहे हैं इंडिया को...**




वीडियो में हर्ष गुजराल कह रहे हैं 'ब्लैकआउट से डरा रहे हैं इंडिया को। बिहार में लोग बाहर ब्लैकआउट देखने आ गए। बिहार से ब### कौम नहीं है पूरे देश में।' 'बाहर में एक मिला, कह रहा है कि अंधेरा देखने आए है। एक लौंडे से पूछा ब्लैकआउट पता है, कह रहा है भैया कैच आउट तो सुना है, ये ब्लैकआउट कौन देता। मैंने कहा थर्ड अंपायर।'

इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। सोशल मीडिया यूजर्स ने गुजराल पर बिहार और बिहारियों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए 7 जून को पटना में होने वाले उनके शो का बहिष्कार करने की मांग कर रहे हैं। आयोजक से भी शो कैंसिल करने की मांग की गई है।

बता दें कि हर्ष गुजराल का 'जो बोलता है, वही होता है' नामक कॉमेडी टूर 23 मई से 26 जुलाई तक देश के 22 शहरों में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें पटना में 7 जून को प्रस्तावित शो है।

# शराब की तस्करी करते प्रेमी जोड़ा समेत सात अरेस्ट



महानगर नेटवर्क

पूर्णिया

पूर्णिया में शराब की तस्करी करने वाले प्रेमी जोड़े को पुलिस ने पकड़ा है। इनके साथ एक महिला तस्कर भी गिरफ्तार हुई है। 4 अन्य तस्कर भी पकड़ाए है। 258 लीटर शराब जब्त हुआ है। लग्जरी बस से शराब की तस्करी कर रहे थे। गिरोह की लीडर वांटेड महिला शराब तस्कर है। भट्ठा बाजार टीओपी पुलिस ने कार्रवाई की है। तीनों तस्कर मिलकर गिरोह को ऑपरेट करते थे। शराब के धंधे से तीनों ने खूब संपत्ति बनाई। पुलिस ने इस अंतरजिला शराब तस्कर गिरोह के 4 अन्य धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। गिरोह के सभी सदस्य पश्चिम बंगाल से विदेशी शराब लाते और उसे लग्जरी बस में रखते थे। बिहार के अलग-अलग जिलों तक पहुंचाते और फिर वहां से कस्टमर के बीच सप्लाई करते थे।

वांटेड अंतरजिला महिला शराब तस्कर की पहचान मानसी थाना के चकहुसैनी वार्ड-8 की रहने वाली दुर्गा देवी उर्फ द्रोपदी देवी उर्फ लक्ष्मी देवी के रूप में हुई है।

# बहू से झगड़े के बाद सास-ससुर ने जहर खाया एक की मौत

**जमुई।** जमुई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बहू से झगड़ा होने के बाद सास और ससुर ने जहर खा लिया। इनमें ससुर की मौत हो गई, जबकि सास की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना टाउन थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में मंगलवार को हुई। घरेलू विवाद में दंपति आत्महत्या करने की कोशिश की जिसमें एक की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार दौलतपुर में मसूदन साव और उनकी पत्नी कमली देवी ने बहू से घरेलू विवाद के बाद जहरीली पदार्थ खा लिया। काफी देर के बाद जब दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

# बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

- समस्तीपुर में स्नान करने गए थे
- पैर फिसलने से हुआ हादसा



महानगर नेटवर्क

समस्तीपुर

समस्तीपुर में बूढ़ी गंडक नदी में एक बुजुर्ग की डूब कर मौत हो गई। ये स्नान करने पहुंचे थे। पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई है। मामला रोसरा थाना क्षेत्र के गंडकीय स्थान के पास का है। मृतक बुजुर्ग रोसड़ा थाना क्षेत्र के ही मिर्जापुर वार्ड-पांच मोहल्ला निवासी राज नारायण महतो के बेटे रामसुंदर महतो (60) हैं।

घटना की सूचना पर रोसरा थाने की पुलिस ने मृतक के शव को रोसरा अनुमंडलीय अस्पताल से जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए बुधवार सुबह सदर अस्पताल भेजा।

घटना के संबंध में मृतक के भतीजे रणधीर दास ने बताया कि उनके चाचा मंगलवार शाम बूढी गंडक नदी में स्नान करने के लिए गए थे। स्नान करने के दौरान ही इनका पैर फिसल गया। जिससे यह नदी में डूबने लगे, हालांकि इस दौरान नदी में मछली मार रहे मछुआरों ने इन्हें किसी तरह बाहर निकाला।

# सीतामढ़ी के डिप्टी कलेक्टर पर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप, जांच के लिए आदेश जारी

महानगर नेटवर्क

सीतामढ़ी

सीतामढ़ी जिले के प्रशासनिक गलियारों में उस वक्त हलचल मच गई जब सीनियर डिप्टी कलेक्टर अभिराम त्रिवेदी पर संगठित भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का सनसनीखेज आरोप सामने आया। सामाजिक कार्यकर्ता जय चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी को एक विस्तृत शिकायत पत्र भेजते हुए कहा है कि त्रिवेदी ने अपने कार्यकाल में योजनाबद्ध तरीके से राइस मिल मालिकों, PACS और अन्य अधिकारियों से करोड़ों की अवैध वसूली की है।

शिकायत में कहा गया है कि राइस मिल की टैगिंग के नाम पर प्रति मिल 5 से 6 लाख रुपये तक की वसूली की गई। इतना ही नहीं, STR



(स्टॉक ट्रांजिशन रिपोर्ट) साइन कराने के बदले PACS प्रतिनिधियों और मिलरों से भी मोटी रकम ली गई। आरोप है कि जिला प्रबंधक के रूप में महज आठ महीनों में त्रिवेदी ने लगभग दो करोड़ रुपये की अवैध कमाई की।

शिकायतकर्ता का दावा है कि त्रिवेदी ने जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर एक भय का वातावरण तैयार किया। इस डर का फायदा उठाकर उन्होंने एक संगठित भ्रष्टाचार नेटवर्क खड़ा किया, जो सीधे तौर पर पैसों की वसूली में लगा था। यह नेटवर्क योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा था और उसमें कई अन्य कर्मचारी भी संलिप्त बताए जा रहे हैं।

**2014 में भी उजागर हुआ था भ्रष्टाचार**

यह पहला मौका नहीं है जब अभिराम त्रिवेदी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हों। वर्ष 2014 में भी उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया गया था। आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी में उनके पास से लगभग दो करोड़ रुपये की बेहिसाब संपति का खुलासा हुआ था, जो सरकारी वेतन से कहीं अधिक था।

## व्यापार

**बड़ी भविष्यवाणी!**

# सेंसेक्स इस दिन मारेगा एक लाख की छलांग

## अमेरिका से आई गुड न्यूज

महानगर नेटवर्क

मुंबई

आज शेयर मार्केट में बुधवार को जबरदस्त खरीदारी देखी गई है. बीएसई सेंसेक्स आज बुधवार को 410.20 अंक या 0.51% की बढ़ोतरी के साथ 81,596.63 अंक पर बंद हुआ है. वहीं एनएसई निफ्टी50 129.55 अंक या 0.52% की तेजी के साथ 24,813.45 अंक पर बंद हुआ है. इसी बीच, ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने निवेशकों को खुशी देनी वाली बात कह दी. ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली के लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, साल भर में सेंसेक्स 1 लाख रुपए के ऐतिहासिक आंकड़े को टच कर सकता है।



**सेंसेक्स 1 लाख को छू सकता है**

मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, सितंबर 2024 के हाई से भारतीय शेयर मार्केट में हाल ही में आई गिरावट लंबी अवधि में निवेश करने का शानदार अवसर लेकर आया है. ब्रोकरेज फर्म ने जून 2026 के लिए अपने बेस केस सेंसेक्स टारगेट को रिवाइज किया है. इसके साथ ही ये भी कहा है कि बुल केस आउटलेट के तहत इंडेक्स 1 लाख अंक तक पहुंच जाएगा. अपनी लेटेस्ट रिपोर्ट में मॉर्गन स्टेनली ने जून 2026 तक सेंसेक्स बेस का टारगेट 89,000 तय किया है।

**ब्रोकरेज फर्म ने क्या कहा?**

रिधम देसाई और नयनत पारेख मॉर्गन स्टेनली के इक्विटी स्ट्रैटेजिस्ट ने कहा कि हमारा जून 2026 का टारगेट 89,000( जो 8 प्रतिशत अपसाइड) जो नए इनकम अनुमानों में शामिल है. ये दिसंबर 2025 के टारगेट से भी आगे है. उस समय टारगेट 82,000 से भी आगे है. ये सेंसेक्स 23.5x के ट्रेलिंग पी और ई मल्टीपल पर ट्रेड करेगा. जो 25 साल के औसत 21x से भी आगे है।

# सोना 1,502 महंगा होकर 95,309 पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 21 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,502 बढ़कर 95,309 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,807 प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी का भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये 95,800 प्रति किलो बिक रही है। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,147 रुपए बढ़कर 95,309 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,783 रुपए बढ़कर 95,800 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# झवेरी बाजार जेम्स एंड ज्वेलरी फेस्टिवल का भव्य अनावरण

महानगर नेटवर्क

मुंबई

हितेश जैन (अध्यक्ष, ZBWA), राजेश कल्याणरमन (कार्यकारी निदेशक, कल्याण ज्वेलर्स), पृथ्वीराज कोठारी (अध्यक्ष, IBJA), गोविंद वर्मा (सीएमडी, ज्वेल ट्रेंड्ज), संजय शाह (ज्वेल मेकर्स वेलफेयर एसोसिएशन) के हाथों संयुक्त रूप से झवेरी बाजार जेम्स एंड ज्वेलरी फेस्टिवल (ZBF 2025) का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर को दीप प्रज्वलन और आधिकारिक ब्रोशर के विमोचन के साथ चिह्नित किया गया। मुंबई का ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित झवेरी बाजार,जो भारत के रत्न और आभूषण व्यापार का केंद्र रहा है, अब ZBF 2025 (झवेरी बाजार जेम्स एंड ज्वेलरी फेस्टिवल) के शुभारंभ के साथ एक नई चमक बिखेरने को तैयार है। यह एक अनूठा B2B (बिजनेस टू बिजनेस) महोत्सव होगा,जो व्यापारिक उत्कृष्टता को भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ता है।




यह महोत्सव झवेरी बाजार वेलफेयर एसोसिएशन (ZBWA) द्वारा ज्वेल ट्रेंड्ज प्राइवेट लिमिटेड (आयोजक) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ZBF 2025 का आयोजन 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होगा, जिसमें मुख्य बायर-सेलर शोकेस 6 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव अभूतपूर्व पैमाने, जोश और भव्यता के साथ आभूषण व्यापार की परिभाषा को ही बदल देगा। ZBF 2025 की प्रमुख विशेषताएं: ZBF 2025 देश का सबसे प्रतिष्ठित ज्वेलरी कार्यक्रम बनने जा रहा है,जो पूरे आभूषण उद्योग को एक दूरदर्शी मंच पर एकत्र करेगा।

इस पहल पर बोलते हुए हितेश जैन, अध्यक्ष, झवेरी बाजार वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा कि "ZBF 2025 सिर्फ एक उत्सव नहीं है, यह हमारी विरासत, हमारी कारीगरी और हमारे सामूहिक गौरव को समर्पित एक मानवंदना है। हम भारतीय आभूषण उद्योग के लिए एक नया अध्याय लिख रहे हैं। झवेरी बाजार मजबूत और एकजुट होकर पहले से कहीं अधिक चमकेगा ।

# अमेजन फैशन ने जेन ज़ी ऑनलाइन स्टोर को 'सर्व' के रूप में किया रीब्रांड

**मुंबई।** अमेजन फैशन ने जेन ज़ी को खास तौर पर ध्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है। इस स्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाइलिश स्वरूप में 'सर्व' के नाम से पेश किया गया है। 'सर्व' की बात करें तो इस शब्द का अर्थ "खुद को पूरे कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ पेश करना, वो भी इस अंदाज़ में कि लोग देख कर इंप्रेस हो जाएं।" ये शब्द आज के जेन ज़ी की जुबान में खूब इस्तेमाल होता है, और अब हर उम्र के लोग इसे अपनाने लगे हैं. ये शब्द फैशन, ब्यूटी और अपनी पहचान को खुलकर दिखाने वाले पूरे एटीट्यूड को दिखाता है, यानी ऐसा स्टाइल जो भीड़ में अलग नजर आए। 'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं. इसका मकसद है – फैशन और ब्यूटी के जरिए अपनी पहचान को बेझिझक दिखाना। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन ज़ी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है।

# यूवा ने पेश की दो नई स्टाइलिश पेंसिलें रिट्ज़ और ड्रीमी




**मुंबई।** नवनीत एज्युकेशन के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने अपनी नई रंगीन पेंसिल रेंज यूवा रिट्ज़ और यूवा ड्रीमी लॉन्च की है। पर्सनैलिटी, काम की उपयोगिता के अनुसार आसान डिज़ाइन और किफायती कीमत इन तीनों को मिलाकर तैयार की गई यह सीरीज छात्रों, क्रिएटर्स और स्टाइल के साथ लिखने वालों के लिए एक नया पसंदीदा विकल्प बनने जा रही है। रोज़मर्रा के लेखन और ड्रॉइंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन की गई रिट्ज़ और ड्रीमी पेंसिलें अल्ट्रा-डार्क 2B लीड के साथ आती हैं, जो स्मूद और बोल्ड स्ट्रोक्स देती हैं। हर पैक में एक फ्री शार्पनर और इरेज़र शामिल है, जिससे यह एक कम्प्लीट स्टेशनरी सेट बन जाता है। प्रीमियम मेटैलिक फिनिश वाली पैकेजिंग और आरामदायक हेक्सागोनल ग्रिप के साथ ये पेंसिलें देखने में जितनी आकर्षक हैं, हाथ में पकड़ने पर उतनी ही शानदार लगती हैं उपयोगिता और स्टाइल का यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। यूवा स्टेशनरी के चीफ स्ट्रैटजी ऑफिस अभिजीत सान्याल कहते हैं, "हमारा मानना है कि पेंसिल जैसी लेखन सामग्री भी उतनी ही दिलचस्प और अभिव्यक्तिपूर्ण होनी चाहिए, जितने विचार हम उससे लिखते हैं।

# ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टीज ने डाउनटाउन पवई में रिलायंस फ्रेशपिक का किया स्वागत

**मुंबई।** दुनियाभर में उच्च गुणवत्ता वाली रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स बनाने और संचालित करने वाली कंपनी ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टीज ने यह घोषणा की है कि एक प्रीमियम गोरमेट किराना स्टोर 'रिलायंस फ्रेशपिक' अब उसके डाउनटाउन पवई प्रोजेक्ट की प्रमुख बिल्डिंग 'स्पेक्ट्रा' में शुरू हो गया है। फ्रेशपिक मुंबई के सबसे जीवंत और मिश्रित उपयोग वाले इलाके में एक खास शॉपिंग अनुभव लेकर आया है। यहां इंटरैक्टिव काउंटर, लाइव खाना बनाने के कार्यक्रम और ऐसा माहौल है जहां लोग आराम से आनंद लेते हुए खरीदारी कर सकते हैं। यह स्टोर लोगों को आराम से रुककर कॉफी पीने और अपनी रोज़ की खरीदारी को खास बनाने का मौका देता है। फ्रेशपिक को शामिल करना इसी सोच को दर्शाता है, जो एक विकसित होते शहर के केंद्र में स्वास्थ्य और जीवनशैली पर ध्यान देने वाला एक खास शॉपिंग अनुभव लाया है।

# 'लेजेंडर' स्कूटर का फेसलिफ्ट मॉडल जुलाई में होगा लांच

**मुंबई।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनियों में से एक जेलियो ई मोबिलिटी ने अपने पॉपुलर लेजेंडर स्कूटर का नया फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करने की घोषणा की है। इस नए मॉडल में नया डिजाइन, नए कलर ऑप्शन और बेहतरीन फीचर्स मिलेंगे। नए लेजेंडर स्कूटर को जुलाई में लॉन्च किया जाएगा। यह स्कूटर अब और भी ज्यादा स्मार्ट, स्टाइलिश और किफायती होगा. यह स्कूटर खासतौर पर भारत के बदलते अर्बन मोबिलिटी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस लॉन्च के साथ ही जेलियो का मकसद लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में अपनी मजबूत पकड़ और बढ़ाना है।

लेजेंडर स्कूटर एक पावरफुल और एफिशिएंट 60/72V बीएलडीसी मोटर से चलता है। यह हर चार्ज में सिर्फ 1.5 यूनिट बिजली की खपत करता है. यही वजह है कि यह रोजाना के सफर के लिए एक इको-फ्रेंडली स्कूटर है. नया फेसलिफ्ट मॉडल हर चार्ज में करीब 150 किलोमीटर की रेंज देता है और इसकी टॉप स्पीड 25 किमी/घंटा रहने की उम्मीद है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी के 19 अमृत भारत स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

महानगर संवाददाता

लखनऊ

केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों को नया रूप दिया जा रहा है। इससे स्टेशनों पर कारोबार बढ़ेगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को उत्तर प्रदेश के 19 अमृत भारत स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। 2 साल से भी कम समय में देश भर में 103 स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। उत्तर प्रदेश के 19 स्टेशनों को 190 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बनाया गया है। इन स्टेशनों में वहां की संस्कृति, आधुनिक डिज़ाइन और यात्रियों के लिए अच्छी सुविधाएं हैं।





### हर स्टेशन पर स्थानीय संस्कृति की झलक

इन स्टेशनों पर बड़े प्रवेश द्वार, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, आधुनिक शौचालय और दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाए गए हैं। इसके अलावा, प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और जानकारी दिखाने के लिए डिस्प्ले लगाए गए हैं।

### सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर बुद्ध की मूर्ति

सिद्धार्थनगर स्टेशन पर बौद्ध संस्कृति की झलक दिखती है। यहां से बहुत से लोग लुम्बिनी जाते हैं। रेलवे स्टेशन को वहां की संस्कृति के हिसाब से बनाया गया है। स्टेशन में एक पोर्च बनाया गया है, जो स्टेशन को और भी सुंदर बनाता है। महात्मा बुद्ध के जन्मस्थान के पास होने के कारण स्टेशन पर उनकी मूर्ति लगाई गई है। इसी तरह गोला गोकर्णनाथ स्टेशन को भी वहां की संस्कृति और आधुनिक डिजाइन के हिसाब से बनाया गया है।

### यूपी के 19 स्टेशन, जिन्हें नया रूप दिया गया है, वे हैं

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बलरामपुर | गोला गोकर्णनाथ | उझानी | सहारनपुर | जंघाई |
| सिद्धार्थनगर | रामघाट हाल्ट | हाथरस सिटी | फतेहाबाद | पोखरायां |
| स्वामी नारायण छपिया | इज्जतनगर | सुरेमनपुर | गोवर्धन | गोविंदपुरी |
| मैलानी | बरेली सिटी | बिजनौर | ईदगाह आगरा | करछना |

धोखाधड़ी से पाई नौकरी

# बलिया में 5 सरकारी शिक्षक निकाले गए

• जांच में खुलासे के बाद एक्शन



महानगर संवाददाता

बलिया

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पांच शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। इन शिक्षकों पर धोखाधड़ी करके नौकरी पाने का आरोप है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये शिक्षक सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में काम कर रहे थे। जांच के बाद पता चला कि इन्होंने गलत तरीके से नौकरी हासिल की थी। बलिया जिले के पांच सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। इन शिक्षकों पर धोखाधड़ी का आरोप है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) मनीष सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोहाव प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक गुलाब चंद्र, सोनाडीह के कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार यादव, त्रिकालपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका निवेदिता सिंह, नसरथपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका खुशबू प्रजापति और अमेठी जिले में कार्यरत शिक्षिका स्निग्धा श्रीवास्तव को बर्खास्त कर दिया गया है। स्निग्धा श्रीवास्तव का ट्रांसफर हो गया था।

BSA मनीष सिंह ने बताया कि 69 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए 22 दिसंबर 2018 तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे।

# कब्जा खाली कराने गईं नायब तहसीलदार को बनाया बंधक

## एडिशनल एसपी पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा!

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महिला अधिकारी से अभद्रता करने, धमकी दिए जाने और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला सामने आया है। नगर निगम में तैनात नायब तहसीलदार महिला अधिकारी ने एएसपी स्तर के एक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल महिला अधिकारी की शिकायत पर वीरेंद्र कुमार समेत एक अन्य के खिलाफ बिजनौर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर निगम लखनऊ में तैनात नायब तहसीलदार कुमकुम मिश्रा NGT के आदेश पर 16 फरवरी को ओमेक्स सिटी, ग्राम औरंगाबाद खालसा क्षेत्र में तालाबों के पुनर्सृजन काम का निरीक्षण करने गई थी। कुमकुम मिश्रा ने अपनी तहरीर में बताया कि तभी एक व्यक्ति जो खुद को एडिशनल एसपी वीरेंद्र कुमार बता रहा था, अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और अधिकारियों के काम में बाधा डालने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वीरेंद्र कुमार ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें लगभग एक घंटे तक बंधक बनाये रखा।





**महिला अधिकारी को बंधक बनाया**

पीड़िता ने बताया कि जान माल की धमकी देते हुए कहा गया कि यहीं गोली मार दूंगा। साथ ही पीड़ित महिला अधिकारी कुमकुम मिश्रा ने बताया कि जब वह अपनी गाड़ी में बैठने लगीं तो आरोपी ने दरवाजा रोक कर जबरन उनकी तस्वीरें लीं और वीडियो भी बना लिया।

# सुप्रीम कोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी







महानगर संवाददाता

आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट में बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये ठग लिए गए। जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद का फर्जी जॉइनिंग लेटर भी थमा दिया गया। पीड़ित सुप्रीम कोर्ट नौकरी करने पहुंचा तो ठगी का खुलासा हुआ। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी, उसकी पत्नी और बेटा-बेटी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार विद्यानगर नगला पदी निवासी घनश्याम ने थाना न्यू आगरा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी प्रकाश चंद्र कश्यप ने उनके बेटे प्रवीण चौधरी की सुप्रीम कोर्ट में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये लिए थे। यह रकम पेटीएम और नगद दोनों तरीके से दी गई थी। नौकरी नहीं लगी तो घनश्याम ने रुपयों का तगादा किया लेकिन आरोपी उसे टहलाता रहा। 15 मार्च 2024 को आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट के जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद का जॉइनिंग लेटर उन्हें लाकर दिया। घर में खुशी की लहर दौड़ गई। बेटे को नौकरी करने के लिए भेजा।

सुप्रीम कोर्ट में एडीशनल रजिस्ट्रार के ऑफिस पहुंच कर पता चला कि इस पोस्ट पर तो भर्ती निकली ही नहीं है। वहां इस जॉइनिंग लेटर को फर्जी बताया गया। बेटे प्रवीण ने घर आकर बताया तो उन्होंने आरोपी प्रकाश चंद्र से शिकायत की। उसने जल्द रुपये लौटाने का वादा किया। 28 अप्रैल को 1.20 लाख रुपये का चेक दिया। बैंक में लगाया तो हस्ताक्षर का मिलान नहीं हुए और चैक बाउंस हो गया।

# यूपी मिशन 2027 के लिए बीजेपी का स्मार्ट मूव

## संगठन में महिलाओं, दलितों और पिछड़ों को देगी खास जगह!

महानगर संवाददाता

मेरठ

भारतीय जनता पार्टी 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर संगठन को तैयार कर रही है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सभी जिलों में गठित होने वाली जिला,मंडल और बूथ कमेटी में महिलाओं खासकर एससी और ओबीसी वर्ग का खास प्रतिनिधित्व जरूर देने की हिदायत दी है। सात हीयह ही कहा है कि संगठन गठन में अनुशासित, परिश्रमी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जरूर स्थान दें। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह जिलों में इस बाबत जाकर बैठक भी ले रहे हैं। वेस्ट यूपीके जिलों में बैठक लेकर उन्होंने नई रणनीति की जानकारी देना शुरू कर दिया। हाल ही में मेरठ मंडल के बुलंदशहर जिले में वेस्ट यूपी के के सभी मंडल अध्यक्षों की बैठक को धर्मपाल सिंह ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों, क्षेत्र के जिला अध्यक्षों व जिला प्रभारियों के साथ संगठनात्मक संवाद किया। जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के पार्टी पदाधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम के माध्यम से चर्चा की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों से कहा कि संगठनात्मक कार्यक्रमों, अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन का मंडल प्रमुख केंद्र है। जो संगठन की विचारधारा और भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनता है।

इसलिए बीजेपी की जीत का बड़ा आधार संगठन में हर वर्ग को समान प्रतिनिधित्व देना रहता है। बीजेपी वेस्ट यूपी के प्रवक्ता गजेंद्र शर्मा का कहना है कि संगठन की मजबूती की हाईकमान के बनाए हर नियम का पालन किया जा रहा है।





# भदोही में ट्रेन के आगे कूदे प्रेमी युगल

महानगर संवाददाता

भदोही

भदोही में मंगलवार की रात प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। ट्रेन की चपेट में आने से प्रेमी की मौत हो गयी जबकि प्रेमिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जीआरपी ने बुधवार को बताया कि जिले के चौरी थाना क्षेत्र के कंधिया रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार की रात में प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी जिससे प्रेमी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल प्रेमिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

# शादी में डांस के दौरान बवाल!

■ कहा-सुनी से शुरू हुआ झगड़ा

■ फिर कार चढ़ाकर युवक को कुचल डाला





महानगर संवाददाता

बागपत

यूपी के बागपत से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक शादी समारोह के दौरान डांस को लेकर हुए विवाद में एक इंजीनियर की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। इस घटना में उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। ये घटना खेकड़ा कस्बे का है। जहां सोमवार को शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। मारपीट के बाद एक पक्ष के लोगों ने तेज रफ्तार कार चढ़ाकर दूसरे पक्ष के तीन युवकों को कुचल दिया। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना कस्बे के मोहल्ला अहिरान की है, जहां रेस्टोरेंट संचालक बबलू शर्मा के बेटे की शादी सोमवार रात पाठशाला रोड स्थित एक मैरिज होम में हो रही थी।

# लखनऊ में अवैध निर्माण पर बड़ा ऐक्शन

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई हुई। एलडीए ने चारबाग में एपी सेन रोड स्थित मोहन होटल के अवैध हिस्से को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। होटल के अवैध हिस्से को ध्वस्त किए जाने का आदेश एलडीए के विहित प्राधिकारी ने पहले ही कर दिया है। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा चारबाग में एपी सेन रोड पर भूखण्ड संख्या-95/214 पर मोहन होटल बनाया है। इसके अवैध निर्माण के सम्बंध में विहित प्राधिकारी न्यायालय में वाद योजित किया गया था। प्रकरण की सुनवायी के दौरान विपक्षी द्वारा होटल का स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत किया गया। वर्ष 1935 के उक्त मानचित्र के अनुसार तीन तल स्वीकृत किये गये थे, जबकि स्थल पर चार मंजिला भवन का निर्माण पाया गया था।

इस पर विहित प्राधिकारी न्यायालय द्वारा 16 मई, 2025 को अनाधिकृत निर्माण को तोड़ने के आदेश पारित किये गये। सोमवार को प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया था।

# देर रात पुलिस ने सील किया डॉक्टर का सरकारी घर

## पत्नी ने लगाया है पोर्न वीडियो बनाने का आरोप


महानगर संवाददाता

संतकबीरनगर

यूपी के संतकबीरनगर में लड़के के साथ पोर्न वीडियो बनाकर इंटरनेट पर बेचने के आरोप में घिरे सीएचसी खलीलाबाद और जिला कारागार अस्पताल के अधीक्षक डॉ वरुणेश दूबे के सरकारी आवास की जांच सोमवार देर रात हुई। मजिस्ट्रेट के साथ पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवास का ताला खोला। इस दौरान आरोपी चिकित्सक, उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। पुलिस टीम ने आवास की जांच किया। इस दौरान ऑनलाइन मंगाए गए सामानों के अलावा कुछ खास वहां से बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने पूरे कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई। इसके बाद चिकित्सक के आवास को सील कर दिया गया।

डॉ. वरुणेश दूबे की पत्नी शिम्पी पांडेय ने अपने पति पर जिला कारागार परिसर में स्थित सरकारी आवास में एक लड़के के साथ पोर्न वीडियो बनाने और उसे पोर्न साइट पर बेचने का आरोप लगाया था। इसके अलावा इसके बारे में पूछने पर पति के द्वारा मारने पीटने की भी बात कही थी। पत्नी ने सारे साक्ष्य सरकारी आवास के भीतर ही होने का दावा किया था। कोतवाली पुलिस ने चिकित्सक के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू किया। आवास की जांच के लिए डीएम ने तहसीलदार खलीलाबाद को मजिस्ट्रेट नामित किया। आरोपी चिकित्सक को भी बुलाया गया।

इसके बाद सोमवार की देर रात पुलिस टीम ने आवास का ताला खुलवाया। पुलिस सूत्रों की मानें तो आवास के भीतर कुछ खास आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। हालांकि पोर्न वीडियो में दिख रही वाल और आवास के कमरे की वाल एक जैसी मिली है। इसके अलावा ऑनलाइन मंगाए गए कुछ सामानों के बॉक्स भी मिले। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने आवास को सील कर दिया। इंस्पेक्टर पंकज पाण्डेय उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में आवास का ताला खुलवाया गया था। विधिवत जांच की गई है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलन किए हैं। इसके अलावा साइबर सेल भी जांच कर रही है। आवास को मजिस्ट्रेट ने सील करा दिया है।



### सीएमओ ने गठित की तीन सदस्यीय कमेटी

**संतकबीरनगर।** लड़के के साथ पोर्न वीडियो बनाने और उसे पोर्न साइटों पर बेचने के आरोपों से घिरे डॉ वरुणेश दूबे से सीएमओ डॉ रामानुज कन्नौजिया ने स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके अलावा पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। कमेटी में दो एसीएमओ और एक डिप्टी सीएमओ शामिल हैं। सीएमओ ने कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट, आरोपी चिकित्सक का स्पष्टीकरण मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सक की पत्नी शिम्पी पांडेय की शिकायत पर डीएम ने सीएमओ को जांच कराने के निर्देश दिए।

# यूपी के एक और स्टेशन को मिली वंदेभारत की सौगात

अयोध्या और लखनऊ जाना होगा आसान

महानगर संवाददाता

खुर्जा

यूपी के एक और स्टेशन को वंदेभारत एक्सप्रेस की सौगात मिल गई है। अब खुर्जा जंक्शन पर भी वंदे भारत ट्रेन रुकेगी। इसकी जानकारी मिलने पर खुर्जा वासियों में खुशी का माहौल है। अब खुर्जा से लोगों को कानपुर, लखनऊ और अयोध्या जाना आसान होगा। गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि 24 मार्च 2025 को रेल मंत्रालय के लिए खुर्जा जंक्शन पर वंदे भारत के ठहराव का प्रस्ताव भेजा गया था, जिससे यहां के लोगों को अयोध्या और लखनऊ जाना आसान हो सके। प्रस्ताव में खुर्जा सिटी रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार कराना, धरपा रेलवे फाटक पर हॉल्ट का निर्माण कराना, दिल्ली लखनऊ शताब्दी का खुर्जा में ठहराव, खुर्जा से हरिद्वार के लिए ट्रेन की व्यवस्था कराना आदि 13 मांगों का प्रस्ताव शामिल था। इसके लिए यह सोमवार को खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, नगरपालिका चेयरमैन पति भगवानदास सिंघल के साथ लेकर रेल मंत्रालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने पूर्व में दिए गए प्रस्ताव पत्र पर विचार करने का आग्रह किया। जिसके बाद मंत्रालय की ओर से खुर्जा जंक्शन पर वंदे भारत रुकने का प्रस्ताव मंजूर हो गया है। आगामी कुछ दिनों में ट्रेन का खुर्जा जंक्शन पर ठहराव शुरू हो जाएगा। इससे लेकर खुर्जा के लोगों के बीच खुशी का माहौल है।



# मोबाइल के ज्यादा प्रयोग से बच्चों में ऑटिज्म का खतरा बढ़ा

महानगर संवाददाता

लखनऊ

बच्चों के बीच मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से उनमें ऑटिज्म का खतरा बढ़ गया है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओपीडी में हर महीने 40 से 50 बच्चे मोबाइल व दूसरे कारणों से ऑटिज्म के शिकार होकर आ रहे हैं। काउंसिलिंग और दवाओं से बच्चों का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना कि एक बार ऑटिज्म की चपेट में आने के बाद बच्चे के पूरे तरह से ठीक होने की उम्मीद बहुत ही कम होती है। समस्या पर जरूर काबू पाया जा सकता है, जिससे जीवन की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। विशेषज्ञों ने बताया कि यह एक न्यूरोलॉजिकल और विकासात्मक बीमारी है जो दिमाग के विकास को प्रभावित करती है। पांच साल तक के बच्चों में इस बीमारी के पनपने का खतरा अधिक रहता है। कुछ बच्चे जन्म से बीमार होते हैं। यह अनुवांशिक भी हो सकता है। इसमें बच्चा दूसरे लोगों से बातचीत करने में कतराता है। एक ही बात को बार-बार दोहराता है। संवाद करने में भी बच्चे को कठिनाई होती है। किसी भी चीज को सीखने की क्षमता सामान्य बच्चों से कम होती है।



# यूपी जमीयत ने आज लखनऊ में बुलाई कार्यकारिणी की अहम बैठक

महानगर संवाददाता

लखनऊ

प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिन्द (अरशद मदनी) की उत्तर प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी समिति की एक अहम बैठक बृहस्पतिवार को लखनऊ में आयोजित की जाएगी। जमीयत के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद पैदा हुए हालात और नेपाल सीमा से सटे कई जिलों में मदरसों और मुस्लिम धार्मिक स्थलों पर सरकार की कार्रवाई के मद्देनजर यह बैठक खासी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने बताया कि संगठन के लखनऊ स्थित कार्यालय में आयोजित होने वाली इस बैठक में उत्तर प्रदेश में जमीयत (अरशद मदनी) की विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। रशीदी ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पारित किये जाने के बाद उत्पन्न हालात और मदरसों तथा मस्जिदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़े मसलों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नेपाल से सटे राज्य के विभिन्न जिलों में मदरसों, मस्जिदों और मजारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर की जा रही कार्रवाई के मुद्दे पर भी चर्चा की जाएगी। रशीदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश में संगठन के विस्तार के उपायों पर विमर्श के साथ-साथ इसकी विभिन्न समितियों के कामकाज की समीक्षा भी की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से यूपी में नेपाल सीमा से सटे जिलों में बने अवैध मदरसों और सरकारी जमीनों पर बनी मस्जिदों और ईदगाहों पर बुलडोजर एक्शन चल रहा है।

# दोबारा जांच में फिट पाए गए पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत

## हाईकोर्ट ने दिया ये आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती में शामिल उन अभ्यर्थियों को राहत दी है जो कोर्ट के आदेश पर गठित बोर्ड की दोबारा जांच में शारीरिक दक्षता में फिट पाए गए हैं। इन अभ्यर्थियों को रिक्तियों की उपलब्धता होने पर नियुक्ति देने का आदेश दिया है।

इसी प्रकार से कोर्ट ने पुलिस भर्ती बोर्ड को निर्देश दिया है कि 2018 की द्वितीय भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों, जो कि पूर्व में हुई किसी न किसी भर्ती में शारीरिक दक्षता में सफल हुए थे मगर 2018 की भर्ती में असफल हो गए, की इस आदेश की प्रति देने के एक माह के भीतर बोर्ड गठित कर दोबारा जांच कराई जाए और सफल अभ्यर्थियों को रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार अवसर दिया जाए। प्रीति देवी, प्रबल कुमार सिंह सहित सैकड़ों अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार की पीठ ने दिया। याचियों की ओर से अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी और अनिल सिंह बिसेन ने पक्ष रखा।



# रोपवे निर्माण के बीच मोदी की काशी में मेट्रो चलाने पर फिर मंथन

## इस बार बाहरी रूट पर विचार

महानगर संवाददाता

वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी में रोपवे निर्माण के बीच अब मेट्रो चलाने पर एक बार फिर मंथन शुरू हो गया है। अबकी शहर के अंदर नवविकसित इलाकों के लिए कार्ययोजना तैयार होगी। नए प्रस्ताव में शहर के बाहरी इलाके में बनी रिंग रोड, एनएच किनारे और उन्हें शहर को जोड़ने वाले मार्गों को लेकर रूट तय होगा। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने 2016 में बने मेट्रो फीजिबिलिटी प्लान मांगा है। इसके साथ ही कम्प्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट की बारीकियां परखी जा रही है। डीएम ने बताया कि शहर के लगातार विस्तार और रिंग रोड के पूर्ण रूप से संचालन से नगरीय इलाकों में तेजी से वृद्धि होगी। शहर का विस्तार एक तरफ बाबतपुर एयरपोर्ट तो दूसरी तरफ मुगलसराय और वाराणसी-प्रयागराज राजमार्ग के किनारे तेजी से हो रहा है। अगले पांच वर्षों में ये सभी इलाके पूर्ण आबादी वाले हो जाएंगे। ऐसे में यदि पूर्व से ही ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर कार्ययोजना तैयार नहीं होगी को आबादी के बीच परियोजना उतारने में दिक्कत हो सकती है। इसलिए नए इलाकों में मेट्रो चलाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में बनी रिपोर्ट और प्लान का अध्ययन किया जा रहा है। मेट्रो का प्रस्ताव शासन में भेजा जाएगा।

मेट्रो चलाने के लिए 2016 में तत्कालीन सरकार ने पहल की थी। पांच वर्ष में फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हुई। जिसमें दो कॉरिडोर प्रस्तावित हुए।



# शादीशुदा प्रेमिका ने प्रेमी के संग खाया जहर, युवक की मौत

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवक मंगलवार देर रात शादीशुदा गर्लफ्रेंड के साथ जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। वहीं, महिला का पति उसे लेकर प्राइवेट अस्पताल चला गया। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई है।

ये घटना सरोजनीनगर क्षेत्र का है। चिल्लावां का रहने वाले 21 साल के अर्पित यादव का आजादनगर के रहने वाली महिला के संग प्रेम प्रसंग था।

# 12 साल की किशोरी के साथ पांच नाबालिगों ने किया गैंगरेप

## स्कूल में नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर हैवानियत

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सिविल लाइंस क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही 12 वर्षीय किशोरी को पड़ोस के पांच नाबालिग बहाने से बुलाकर एक स्कूल में ले गए। वहां आरोपियों ने नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर किशोरी के साथ गैंगरेप किया। आरोपियों ने मोबाइल में उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में उसे जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। बीते दिन पड़ोसी महिला ने पीड़िता की मां को वीडियो दिखाई तब घटना का पता चला। मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने पांच नाबालिगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। थाना सिविल लाइंस के कैंप चौकी क्षेत्र निवासी 12 वर्षीय किशोरी बीते आठ मई को शाम करीब चार बजे घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाले पांच किशोर वहां पहुंचे और किशोरी को दुकान से खानेपीने का सामान दिलाने के बहाने अपने साथ ले गए।



# ‘यह ध्यान भटकाने की कोशिश’



## सर्वदलीय सांसदों के विदेश दौरे पर कांग्रेस का केंद्र पर हमला

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर को संदेश देने के लिए सर्वदलीय सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इस बात पर सियासत भी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की आलोचना की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है। उन्होंने पूछा कि हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा?

### सर्वदलीय बैठक में पीएम की गैरमौजूदगी पर सवाल

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं। दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए। इसके बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की। जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन के साथ रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, लेकिन सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आगे भाजपा सांसद संबित पात्रा के बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी पाकिस्तान तो ऑक्सीजन दे रहे हैं। रमेश ने कहा कि पाहलगाम हमले में जो आतंकी शामिल थे, उन्हें पकड़ो। उन्होंने कहा कि असली सवाल ये है कि पाकिस्तान को ऑक्सीजन किसने दी? चीन ने दी है। पाकिस्तान ये सब चीन की मदद के बिना नहीं कर सकता था।

### ‘चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ पर सवाल’

जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने चीन और पाकिस्तान की गठजोड़ पर सवाल उठाए हैं। जसवंत सिंह ने जिन्ना की तारीफ की थी। अटल बिहारी वाजपेयी लाहौर बस यात्रा पर गए थे। नरेंद्र मोदी खुद नवाज शरीफ के घर नाश्ता करने गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ सांसदों को विदेश भेजकर ‘ऑपरेशन सिंदूर’ का प्रचार कर रही है, लेकिन जो असली काम है—आतंकियों को पकड़ना, उस पर ध्यान नहीं दे रही।

# ‘यह देखकर बेहद खुशी हो रही है’

## गुजरात CM के ट्वीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले
## बहुत उत्साहित करने वाली जानकारी!

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

गुजरात और देश का गौरव माने जाने वाले एशियाई शेरों की संख्या बढ़कर 891 हो गई है। गुजरात सरकार ने शेरों की गिनती के नए आंकड़े जारी किए हैं। गुजरात में शेरों की संख्या बढ़ने पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने खुशी जाहिर की है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात को गर्व कराने वाली इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। सीएम पटेल का ट्वीट रिपोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने भी इसे बहुत ही उत्साहित करने वाली जानकारी बताया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ‘मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि गुजरात में शेरों की आबादी बढ़कर 891 हो चुकी है। भारत की शान सामान एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास गुजरात है।





प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले ढाई दशक में गुजरात में शेर सहित वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन के कई सुआयोजित प्रयास किए गए हैं। मोदी ने लॉन्च किए ‘प्रोजेक्ट लायन’ के माध्यम से शेरों की आबादी के प्रबंधन और स्वास्थ्य चिकित्सा जैसे प्रयासों को अत्यधिक गति मिली है।’

### शेर गुजरात के 11 जिलों में पाए जाते हैं : सीएम पटेल

सीएम पटेल ने आगे कहा, ‘शेरों की अनुमानित संख्या जो वर्ष 2020 में 674 थी, वह 5 सालों में बढ़कर 891 होने के साथ शेरों का विचरण विस्तार भी बढ़ चुका है। शेर अब गुजरात के 11 जिलों में पाए जाते हैं। यह केंद्र और राज्य सरकार के सन्निष्ठ प्रयासों और स्थानिकों के सराहनीय सहयोग का सुखद परिणाम है।’ इस पर पीएम मोदी ने भी खुशी जाहिर की है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया रिपोस्ट

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के ट्वीट को रिपोस्ट करते हुए खुशी जाहिर की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ‘बहुत उत्साहित करने वाली जानकारी! यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि ‘प्रोजेक्ट लॉयन’ के तहत किए जा रहे प्रयासों से गुजरात में शेरों को अनुकूल माहौल मिलने के साथ ही उनका संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है।’

### गुजरात में बढ़ी एशियाई शेरों की संख्या

गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच सालों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई 2024 में कराए गए ताजा शेर जनगणना के मुताबिक, अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि पहले तो यह शेर महज जूनागढ़ और अमरेली जिलों के गिर राष्ट्रीय उद्यान तक ही सीमित थे। लेकिन अब यह राज्य के करीब 11 जिलों में फैल गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गिर के बाहर भी शेरों को देखा गया है। इसमें पनिया, मटियाला, गिरनार और बारदा का नाम शामिल है।

# पाकिस्तान में बन रहे बांध पर चीन ने तेज किया काम

## सिंधु जल संधि पर भारत के फैसले के बाद उठाया कदम



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव के बीच एक खबर यह भी है कि चीन ने पाकिस्तान में बन रहे मोहमंद बांध पर काम तेज कर दिया है। यह बांध उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बन रहा है। इस बारे में साउथ चीन मॉर्निंग पोस्ट SCMP ने हाल ही में एक खबर प्रकाशित की है। 17 मई को Chinese Central Television (CCTV) ने खबर दी थी कि मोहमंद बांध पर कंक्रीट डालने का काम शुरू हो गया है। यह पाकिस्तान के लिए मील के पत्थर की तरह है। SCMP ने रिपोर्ट में कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था, उसके बाद यह काम तेज हुआ है। बताना होगा कि पिछले कई सालों में पाकिस्तान में चल रहे कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में चीन ने पैसा लगाया है। इसमें से एक अहम प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत बनाया जा रहा चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर भी है। यह बांध स्वात नदी पर बनाया जा रहा है। यह नदी हिंदूकुश पर्वतों के ग्लेशियरों से निकलती है और साल भर बहती रहती है। स्वात नदी घाटियों और पहाड़ों से होते हुए सिंधु में मिल जाती है। यह प्रोजेक्ट मोहमंद आदिवासी जिले में मुंडा हेडवर्क्स से लगभग 5 किमी ऊपर नदी में है। Pakistan Water and Power Development Authority की वेबसाइट के मुताबिक इस बांध को बनाए जाने का मुख्य मकसद बाढ़ के खतरे को कम करना है। इसके साथ ही जमीन की सिंचाई करना, हाइड्रो पावर बनाना और स्थानीय आबादी के सामाजिक-आर्थिक हालत में सुधार करना है। इस प्रोजेक्ट पर साल 2019 में काम शुरू हुआ था और दिसंबर, 2025 तक इसे पूरा किया जाना है। यह भी जानना जरूरी होगा कि पाकिस्तान के लिए यह प्रोजेक्ट अहम क्यों है? एक बार इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने के बाद पाकिस्तान को हर साल 2862 गीगावॉट घंटे की बिजली मिलेगी। SCMP की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह बांध खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर को हर दिन 300 मिलियन गैलन पीने का पानी भी उपलब्ध कराएगा।

# अफगानिस्तान में CPEC का विस्तार करेगा ड्रैगन

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के साथ खड़ी तालिबान सरकार को अब चीन साधने में लगा हुआ है। बुधवार को चीन-पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने एक बड़ा फैसला लिया है। तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने मिलकर चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) को अफगानिस्तान तक विस्तार देने पर सहमति जताई है। यह ऐलान बीजिंग में हुई मीटिंग के दौरान किया गया है। इस बैठक में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी शामिल थे। भारत सीपीईसी की बार-बार सख्त आलोचना करता रहा है। ऐसा इस वजह से क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। नई दिल्ली चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का भी विरोध कर रही है। इस प्रोजेक्ट में सीपीईसी का नाम भी शामिल है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में अपने मीडिया ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बैठक को अनौपचारिक करार दिया। त्रिपक्षीय मीटिंग पर चीनी विदेश मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि चीन अफगानिस्तान और पाकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और राष्ट्रीय गरिमा की रक्षा करने में उनका समर्थन करता है।

भारत ने पहले भी कई बार सीपीईसी प्रोजेक्ट में तीसरे देश की भागीदारी को बढ़ावा देने लिए चीन और पाकिस्तान की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने 2022 में कहा था, ‘हमने तथाकथित सीपीईसी परियोजनाओं में तीसरे देशों की प्रस्तावित भागीदारी को प्रोत्साहित करने की रिपोर्ट देखी हैं। किसी भी पक्ष द्वारा की गई ऐसी कोई भी कार्रवाई सीधे तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करती है। भारत तथाकथित सीपीईसी में उन परियोजनाओं का दृढ़ता से और लगातार विरोध करता है, जो भारतीय क्षेत्र में हैं जिस पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।’

इस बीच, अफगानिस्तान को ऐसे समय में शामिल किया गया है जब तालिबान सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और पाकिस्तानी सेना के इस दावे को खारिज कर दिया है कि भारत ने अफगान क्षेत्र पर मिसाइल हमले किए हैं। इससे भारत और तालिबान के बीच पहली बार राजनीतिक बातचीत हुई।

### बीजिंग में हुई चीन-पाक और तालिबान की मीटिंग



# सुप्रीम कोर्ट ने की पलामुरु-रंगा रेड्डी परियोजना को लेकर याचिका खारिज

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व मंत्री नागम जनार्दन रेड्डी द्वारा दायर याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया। इस याचिका में पलामुरु-रंगा रेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना (पीआरएलआईएस) में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था।

सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई वैध कारण नहीं है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

याचिकाकर्ता डॉ. नागम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण पेश हुए। सुप्रिम कोर्ट ने कहा कि अदालतें राज्य की हर कार्रवाई की निगरानी नहीं कर सकतीं। वहीं, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने दलीलें दीं। उन्होंने अदालत को बताया कि नागम पिछले 10 वर्षों से हाईकोर्ट, सीवीसी आदि के समक्ष लगातार मामले दायर कर रहे हैं।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने एसएलपी को खारिज करने का आदेश दिया।



# जस्टिस वर्मा के खिलाफ FIR से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से इंकार



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इंकार कर दिया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 मई को शीर्ष अदालत द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अंकित है कि सीजेआई ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और जज के जवाब को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया है।

### इस स्तर पर याचिकाओं पर गौर करना जरूरी नहीं

पीठ ने कहा कि आदेश की मांग करने से पहले याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखकर अपनी शिकायत का निवारण करना होगा। इसलिए हम इस रिट याचिका पर विचार करने से इंकार करते हैं। इस स्तर पर अन्य याचिकाओं पर गौर करना आवश्यक नहीं है।’ आंतरिक जांच समिति द्वारा वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने का संकेत दिया था।

# बलूचिस्तान विस्फोट: पाकिस्तान के झूठे आरोपों को भारत ने नकारा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में बुधवार को हुए विस्फोट में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने इस घटना में भारत की संलिप्तता का दावा किया है। पाकिस्तान की ओर किए जा रहे झूठे दावों का भारत ने खंडन किया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए इन आरोपों को निराधार बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाता रहा है। भारत ने घटना में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की है।

### कहा- ध्यान भटकाने के लिए हथकंडे अपना रहा PAK



विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसे सभी घटनाओं में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। हालांकि, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बनने की अपनी साख से ध्यान भटकाने और अपनी गंभीर विफलताओं को छिपाने की पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपने आंतरिक मामलों के लिए भारत को दोषी ठहराता है। दुनिया को गुमराह करने का यह प्रयास असफल होना ही था। बता दें कि बुधवार सुबह बलूचिस्तान के खुजदार शहर में एक स्कूल बस पर हुए संदिग्ध आत्मघाती हमले में भारत का हाथ होने का झूठा आरोप लगाया था। जिसमें चार बच्चे मारे गए थे। विस्फोट के समय खुजदार में सेना द्वारा संचालित स्कूल की बस में करीब 40 छात्र सवार थे, जिनमें से कई घायल हो गए है।

# आतंकियों ने खुद ही दिए सबूत

## ऑपरेशन सिंदूर की सटीकता और संयम के मुरीद हुए उपराष्ट्रपति धनखड़

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने खुद ही दुनिया को इसका सबूत दे दिया। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। 22 अप्रैल को पहलगाम में 25 हिंदू पर्यटक समेत 26 लोगों की हत्या के जवाब में यह ऑपरेशन किया गया था। इसमें भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। 7 मई को हुए इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने तबाह कर दिए गए। इस कार्रवाई में कम से कम 100 आतंकी ढेर हुए।



### ‘आतंकवादियों ने खुद पूरी दुनिया को सबूत दिया’

उपराष्ट्रपति ने कहा है कि भारत की इस कार्रवाई के बाद किसी ने सबूत नहीं मांगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार से कहा था कि आतंकवाद को अब बख्शा नहीं जाएगा। इस बात को पूरी दुनिया ने माना। ऑपरेशन के बाद, भारत ने दुनिया भर में अपना पक्ष रखा। 51 सांसदों और 8 पूर्व राजदूतों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करेंगे। वे पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश करेंगे। साउथ गोवा के वास्को में एक कार्यक्रम के दौरान धनखड़ ने कहा कि आतंकवादियों ने खुद ही ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सच्चाई दुनिया को दिखाई। उन्होंने कहा, ‘आतंकवादियों ने पूरी दुनिया को सबूत दिया। उस देश की सेना, राजनीतिक दल और आतंकवादियों ने खुद ताबूतों को पहुंचाया।’

# एक देश, एक चुनाव: एक बार संविधान संशोधन की जरूरत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ के लिए संविधान में एक बार संशोधन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से कामकाज में रुकावट आती है और खर्चा भी बढ़ता है। चौहान इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (IGNOU) में छात्रों और बुद्धिजीवियों से बात कर रहे थे। चौहान ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से नेता और अधिकारी दोनों परेशान रहते हैं। वे लंबे समय तक कोई भी फैसला नहीं ले पाते हैं। उन्होंने कहा, ‘सीनियर IAS अधिकारी चुनाव वाले राज्यों में भेजे जाते हैं। मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक, सब लोग हमेशा चुनाव के बारे में ही सोचते रहते हैं।’

### शिवराज ने बताई अभी के चुनावों की लागत



### ‘7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है चुनाव खर्च’

मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए चौहान ने बताया कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब सितंबर 2023 से जून 2024 तक कोई भी खास काम नहीं हो पाया। पहले विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव के कारण मोडल कोड ऑफ कंडक्ट लगा रहा। उन्होंने कहा, ‘कोई भी नई योजना शुरू नहीं की जा सकती और सरकारी अधिकारी भी चुनाव ड्यूटी का हवाला देकर काम धीमा कर देते हैं।’ चौहान ने चुनावों में बढ़ते खर्च पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, ‘1952 में आम चुनावों का खर्च 9,000 करोड़ रुपये था। 2024 में यह 1 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गया।’ उन्होंने आगे कहा, ‘राज्य चुनावों को मिलाकर, कुल खर्च 4 लाख करोड़ रुपये से 7 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है।’ उन्होंने यह भी बताया कि इसमें राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का खर्च शामिल नहीं है।

### ‘किसी एक पार्टी के फायदे के लिए नहीं है ये विचार’

चौहान ने याद दिलाया कि पहले 1952, 1957, 1962 और 1967 में एक साथ चुनाव होते थे। लेकिन बाद में राज्य सरकारों में अस्थिरता के कारण यह सिलसिला टूट गया। उन्होंने कहा, ‘अगर कुछ राज्यों के चुनावों को आगे-पीछे करके एक बार फिर से चुनावों को एक साथ करा लिया जाए, तो हम उस सिस्टम पर वापस आ सकते हैं।’

# दुर्लभ बीमारी से पीड़ित 40 वर्षीय व्यक्ति का सफलतापूर्वक उपचार

**नई दिल्ली\ मुंबई।** वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल के ब्रेन और स्पाइन सर्जन डॉ. माझदा के. तुरेल ने चिकित्सा कौशल और सटीक निदान का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अत्यंत दुर्लभ स्पाइनल कॉर्ड हर्निएशन का सफलतापूर्वक निदान और उपचार किया। यह उन्नत स्पाइन केयर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई है।

रोगी, चालीस वर्ष की उम्र का एक पुरुष, को दाहिने पैर में घसीटने जैसी चाल और पीठ के निचले हिस्से से पैर तक जाने वाला तीव्र दर्द था। शुरू में इसे सायटिका माना गया, लेकिन डॉ. तुरेल की गहन नैदानिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मामला अधिक जटिल है। उन्होंने विस्तृत न्यूरोलॉजिकल जांच की और यह संदेह जताया कि समस्या रीढ़ के ऊपरी हिस्से में हो सकती है, जिसके बाद उन्होंने थोरेसिक रीजन का एमआरआई कराने की सलाह दी।

जांच में एक अत्यंत दुर्लभ निदान सामने आया: T8 कशेरुका पर वेंट्रल स्पाइनल कॉर्ड हर्निएशन, जो कि विश्व स्तर पर केवल 250 से कम मामलों में ही देखा गया है। डॉ. माझदा के. तुरेल ने कहा, ‘जैसे ही मैंने मरीज़ की जांच की, मुझे समझ आ गया कि यह सामान्य पीठ दर्द नहीं है। उसका पैर अकड़ा हुआ था और संकेत थोरेसिक स्पाइनल कॉर्ड की ओर इशारा कर रहे थे। जब नैदानिक परीक्षण सही ढंग से किया जाए, तो वह कभी धोखा नहीं देता। सर्जरी द्वारा हर्निएटेड स्पाइनल कॉर्ड के हिस्से की सावधानीपूर्वक मरम्मत की गई।

# अब कोलकाता के आसमान में दिखाई दिए ‘ड्रोन’, जासूसी की आशंका

### पुलिस ने शुरू की जांच



**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

हाल में कोलकाता में रात के समय आसमान में ड्रोन जैसी कई वस्तुएं मंडराती हुई देखी गईं, जिसके बाद पुलिस ने जासूसी की आशंका सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को हेस्टिंग्स क्षेत्र, विद्यासागर सेतु और मैदान के ऊपर कम से कम आठ से 10 ऐसी संदिग्ध वस्तुएं उड़ती हुई पाई गईं। गायब होने से पहले ये वस्तुएं महानगर के पूर्वी हिस्से में पार्क सर्कस क्षेत्र के ऊपर भी देखी गईं। राज्य प्रशासन के एक वरिष्ठ नौकरशाह ने बताया कि केंद्र ने भी इस घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि ‘’कोलकाता के ऊपर ड्रोन देखे जाने की सूचना मिली है और फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।’’ उन्होंने एक बयान में कहा, ‘’इस घटना की सत्यता का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।’’

# अमृतसर में भारत-PAK सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**
**चंडीगढ़**

भारत में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने वालों की धड़ाधड़ गिरफ्तारी के बीच बीएसएफ ने अमृतसर में भारत पाकिस्तान सीमा पर करीमपुरा गांव के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है। वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर रहा था और इसी दौरान मुस्तैद बीएसएफ जवानों ने उसे दबोच लिया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने खुद को पाकिस्तानी नागरिक बताया।

### लाहौर का है रहने वाला



वह लाहौर का रहने वाला है और उसकी उम्र 65 साल है। तलाशी के दौरान उसके पास से 330 रुपए की पाकिस्तानी करंसी भी बरामद हुई। इसके अलावा कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस पाकिस्तानी नागरिक से पूछताछ की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पार बाड़ की ओर बढ़ रहा था

बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि आगे की जांच के लिए उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है। मंगलवार शाम को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक व्यक्ति की गतिविधि देखी जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पार बाड़ की ओर बढ़ रहा था। तत्परता से कार्रवाई करते हुए जवानों ने उसे रुकने के लिए ललकारा और बाद में उसे पकड़ लिया। पाकिस्तानी नागरिक को अमृतसर के करीमपुरा गांव से सटे सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया।

# BJP MLA के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज

## महिला पर पेशाब करने, वायरस से संक्रमित करने के आरोप

**महानगर नेटवर्क**
**बेंगलुरु**

कर्नाटक के भाजपा विधायक मुनिरत्ना नायडु के खिलाफ पार्टी के एक कार्यकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। 40 वर्षीय महिला ने BJP विधायक सहित 4 अन्य लोगों पर सामूहिक बलात्कार करने, उसके चेहरे पर पेशाब करने और उसे जानलेवा वायरस का इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुधवार को बताया है कि मंगलवार को आरएमसी यार्ड पुलिस स्टेशन में खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताने वाली महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपनी शिकायत में भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली महिला ने आरोप लगाया कि घटना 11 जून 2023 को मथिकेरे में विधायक के ऑफिस में हुई। महिला ने बताया कि विधायक के साथी उसे कार में दफ्तर ले गए।

### बेटे को मारने की धमकी

उसने आरोप लगाया कि दफ्तर पहुंचने के बाद विधायक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसकी विनती के बावजूद उसके कपड़े उतार दिए और उसने धमकी भी दी कि अगर उसने भागने की कोशिश की वे लोग उसके बेटे को मार देंगे। एफआईआर के मुताबिक मुनिरत्ना ने कथित तौर पर दो लोगों को महिला साथ बलात्कार करने का आदेश दिया।

# लहसुन छीलना नहीं लगेगा झंझट!



## 5 ट्रिक्स बना देंगे इसे बच्चों का खेल, किचन में बचेगा काफी समय

आज हम आपको लहसुन छीलने के ऐसे 5 कमाल के ट्रिक्स बताएंगे, जो इस काम को इतना आसान बना देंगे कि यह आपको बच्चों का खेल लगेगा। जी हां, इन ट्रिक्स से न सिर्फ आपका समय बचेगा, बल्कि आप बिना किसी झंझट के ढेर सारा लहसुन मिनटों में छीलकर एक तरफ रख देंगे। आइए जानें।

### गर्म पानी से बनेगा काम

सबसे पहले लहसुन की कलियों को अलग करके एक कटोरी में डालें। अब इन कलियों पर गर्म पानी डालें और 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। बता दें, गर्म पानी से लहसुन की ऊपरी परत नरम हो जाती है। ऐसे में, आप देखेंगे कि छिलके आसानी से उतर जाएंगे और आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

माइक्रोवेव का इस्तेमाल

अगर आप जल्दी में हैं, तो माइक्रोवेव भी आपके काम आ सकता है। जी हां, लहसुन की कुछ कलियों को अलग करके एक माइक्रोवेव-सेफ बाउल में रखें और इसे 10-15 सेकंड के लिए माइक्रोवेव कर लें। माइक्रोवेव की गर्मी से छिलके ढीले पड़ जाते हैं। ऐसे में, बस हल्का सा दबाने पर ही छिलका अलग हो जाएगा।

### 'शेक-शेक' मेथड

यह तरीका तब काम आता है जब आपको एक साथ बहुत सारा लहसुन छीलना हो। इसके लिए लहसुन के पूरे गांठ को तोड़कर कलियां अलग कर लें। अब इन कलियों को एक बड़े स्टील के कटोरे या दो बराबर साइज के कटोरे में डालें। फिर कटोरे को कसकर बंद करें और तेजी से 30-60 सेकंड तक शेक करें। ऐसा करने पर लहसुन की कलियां आपस में टकराकर अपने छिलके छोड़ देती हैं, फिर आप देखेंगे कि ढेर सारे छिलके कटोरे में अलग हो गए हैं।

### सिलिकॉन गार्लिक पीलर

यह एक छोटा-सा गैजेट है जो बहुत काम का है। अगर आपके पास सिलिकॉन गार्लिक पीलर है, तो लहसुन की कली को उसके अंदर डालें। अब इसे हथेली से रोल करें और फिर कुछ ही सेकंड में छिलका अलग हो जाएगा और कली बाहर आ जाएगी। यह भी लहसुन छीलने का बहुत साफ और असरदार तरीका है।

# कैसे करें असली 'जरी' वाली साड़ी की पहचान

## वरना डूब जाएंगे सारे पैसे

हमारे यहां भारत में कई तरह के ट्रेडिशनल ड्रेस पहने जाते हैं। साड़ी और लहंगा से लेकर कुर्ता पजामा तक, हर पोशाक का अपना ही महत्व है। हर राज्य में अलग-अलग तरह के ड्रेस पहने जाते हैं। इन्हें खास तरह से डिजाइन किया जाता है। साड़ी भी उन्हीं में से एक है। आजकल तो कई तरह की साड़ियां मिलने लगी हैं। हम आपको असली-नकली जरी की कढ़ाई पहचानने का तरीका बताने जा रहे हैं।



### चमक पर दें ध्यान

जरी का काम उसकी चमक को दर्शाता है। सोना-चांदी खरीदते हैं तो जो चमक नजर आती है, ठीक वैसे ही जरी के कामों पर भी होता हे। अगर चमक फीकी है तो इसका साफ मतलब है कि ये नकली है। इसे खरीदने से पहले बाहर आकर रोशनी में इसकी कढ़ाई जरूर चेक करें।

### बुनाई पर दें ध्यान

आपको बता दें कि असली जरी वर्क में कोई भी धागा बाहर नहीं निकलता है। इसमें बड़ी बारीकी से काम किया गया होता है। दरअसल, असली जरी में रेशम या कॉटन के धागे का इस्तेमाल किया गया होता है, जिस पर सोने या चांदी की परत चढ़ी होती है। ऐसे में अगर साड़ी या दुपट्टे में कोई भी धागा रगड़ने पर बाहर आ जाए तो आप इसे न खरीदें, वरना आपके पैसे बर्बाद हो सकते हैं।

### वजन चेक करें

असली जरी वाली कढ़ाई का भार ज्यादा होता है। जब आप जरी वाले कपड़ों को हाथ में उठाएंगे तो आपको ठोसपन महसूस होगा। अगर आपको ऐसा महसूस नहीं हो रहा है तो ये नकली हो सकता है।

साडियों पर कई तरह के काम किए जाते हैं। चिकनकारी हो या जरी की कढ़ाई वाली साड़ी, इन्हें पहनने पर रॉयल लुक नजर आता है। भारत में जब भी साड़ी, सूट या हैवी दुपट्टे की बात होती है तो सबसे पहले जहन में चिकनकारी या जरी का ही ख्याल आता है। जरी की बात करें तो कपड़ों पर चमकदार सोने और चांदी के धागों से कढ़ाई की जाती है, जो दिखने में भी काफी सुंदर लगती है। जरी का काम तो हर किसी को पसंद आता है। जानकारी न होने के चलते दुकानदार ग्राहकों से मोटी रकम लेते हैं और उन्हें नकली कढ़ाई वाले कपड़े पकड़ा देते हैं।

# बच्चों के कान छिदवाने के फायदे



हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में एक कर्ण वेद संस्कार है, जिसे कान छेदना कहते हैं। कान छेदने का धार्मिक महत्व तो है ही, इसके साथ-साथ कान छेदने के स्वास्थ्य लाभ भी अनेक हैं। बचपन में ही बच्चों के कान छेद दिए जाते हैं। कान सिर्फ फैशन के लिए या सुंदर दिखने के लिए ही नहीं छिदाए जाते, बल्कि इससे बच्चे को कई फायदे होते हैं। आम तौर पर बच्चे के कान पांचवें या सातवें महीने में छेदे जाते हैं, हालांकि लोग अपने-अपने रीति रिवाजों के अनुसार कभी भी बच्चे के कान छेद सकते हैं।

### आंखों की रोशनी होती है तेज

कहते हैं कान छिदवाने से आंखों की रोशनी तेज होती है। दरअसल, कान का बीच का हिस्सा हमारे आंखों से जुड़ा होता है इस पर प्रेशर पड़ने से हमारी आंखे तेज होती हैं।

### ब्रेन के लिए भी है लाभदायक

कहते हैं, कान छिदवाने से मस्तिष्क का विकास भी होता है। इयर लोब में मेरिडियन पॉइंट होता है, जो मस्तिष्क के दाएं और बाएं साइड से जुड़ा होता है। इस पॉइंट को छेदने से मस्तिष्क के इन हिस्सों को सक्रिय करने में मदद मिलती है।

### सुनने की क्षमता बढ़ती है

कान के नीचे वाले हिस्से पर मास्टर सेंसोरल और मास्टर सेरेब्रल नाम के 2 इयर लोब्स होते हैं। इस हिस्से के छिदने से सुनने की क्षमता बढ़ती है। रेसपायरेटरी हेल्थ के लिए एक्यूप्रेशर पाइंट आपके रेसपायरेटरी हेल्थ को उत्तेजित करता है, जिससे अस्थमा, टीबी जैसी बीमारियों से बचाव होता है।

# चेहरे पर निखार ला सकता है चावल का पानी

ऑयली स्किन से ज्यादातर लड़कियां परेशान रहती हैं। मानसून के सीजन में ह्यूमिडिटी के कारण स्किन ज्यादा ऑयली और चिपचिपी हो जाती है। इसी वजह से पिंपल्स, एक्ने जैसी स्किन प्रॉब्लम बढ़ जाती है। इन प्रॉब्लम्स से छुटकारा पाने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते है, जो ज्यादा समस्या पैदा करते हैं। अगर आप भी इन समस्याओं से परेशान हैं और कुछ घरेलू उपाय ढूंढ रहे हैं, तो आज हम आपके लिए राइस वॉटर (चावल का पानी) के उपाय बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं राइस वॉटर से जुड़े टिप्स।

### क्लींजर की तरह करता है काम

राइस वॉटर स्किन के लिए क्लींजर की तौर पर काम करता है। इसे आप कॉटन से चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं और सूखने दें। इससे स्किन साफ हो जाएगी।

### पिंपल की समस्या होगी दूर

राइस वॉटर पिंपल्स के लिए बहुत फायदेमंद है, इससे पिंपल के दाग, सूजन कम की जा सकती है। राइस वॉटर नए पिंपल को निकलने से रोकता है। राइस वॉटर को चेहरे पर लगाकर छोड़ दें और इसे सूखने बाद धो लें।

### रूखी स्किन के लिए

अगर आपकी स्किन बहुत ड्राई है, तो आप राइस वॉटर को नहाने के पानी में मिला लें। इससे आपको बहुत राहत मिलेगी।

### एंटी एजिंग की खूबियां

राइस वॉटर में एंटी एजिंग की खूबियां होती हैं। जो स्किन को टाइट करता है, इससे स्किन का कलर साफ होता है। यह स्किन को हाइड्रेट कर इसकी नमी लौटाता है। राइस वॉटर को आप स्किन पर लगा कर छोड़ दें, जब यह सूख जाए, तो धो लें।

### इस तरह बनाएं राइस वॉटर

राइस वॉटर बनाने के लिए एक कटोरी में चावल डालें और इसे अच्छी तरह से धो लें। फिर चावल को रात भर के लिए भिगोकर रख दें। सुबह तक चावल फूल जाएंगे और माड़ दिखने लगेगा। अब इसे छानकर किसी बॉटल में भर लीजिए। रोजाना इसे टोनर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।



# बच्चों में गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों से ऐसे करें रोकथाम

**सुरक्षित पेयजल**
जलजनित बीमारियों की रोकथाम स्वच्छ और सुरक्षित पानी तक पहुंच सुनिश्चित करने से शुरू होती है। केवल फ़िल्टर्ड या उबला हुआ पानी पिएं। इन्फेक्शन को रोकने के लिए पानी के जार या कंटेनर्स को रोजाना धोना चाहिए। दुर्भाग्य से, दुनिया भर में लाखों बच्चों अभी भी बेहतर जल स्रोतों से वंचित है, जिससे वे रोकथाम योग्य बीमारियों के प्रति संवेदनशील हैं। इसके अतिरिक्त, संभावित जोखिम की पहचान करने के लिए पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण है।



**टीकाकरण**
कुछ जलजनित बीमारियों को रोकने में टीकाकरण एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सुनिश्चित करना कि बच्चों को समय पर टीकाकरण मिले, इससे न केवल उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा होती है, बल्कि टीकाकण जो उन लोगों की भी रक्षा करता है जो किसी दूसरी बीमारियों की वजह से वैक्सीन लगवाने के योग्य नहीं।

**साफ-सफाई**
स्वच्छता और साफ-सफाई जलजनित रोग की रोकथाम की आधारशिला हैं। जल प्रदूषण को रोकने के लिए मानव अपशिष्ट का उचित निपटान, पानी का सुरक्षित भंडारण और पानी के कंटेनरों की नियमित सफाई आवश्यक हैं। सरकारों और संगठनों को समुदायों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने, अच्छी स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए जो बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और जलजनित बीमारियों के खतरे को कम करती हैं।

**पहचान और उपचार :** जलजनित बीमारियों की समय पर पहचान और प्रबंधन उसकी जटिलताओं को रोकने और पूर्ण स्वस्थ होने को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। हेल्थ एक्सपर्ट्स को इन बीमारियों के लक्षणों और संकेतों की पहचान में सतर्क रहना चाहिए, खासकर छोटे बच्चों में जिन्हें अपनी परेशानी बताने में कठिनाई हो सकती है। लक्षणों की पहचान कर तुरंत उपचार शुरू कर देना चाहिए। जिससे स्थिति को गंभीर होने स रोका जा सकता है।

**शिक्षित करना :** शिक्षा पानी की वजह से होने वाली बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। माता-पिता और देखभाल करने वालों को पीने, खाना पकाने और व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए सुरक्षित पानी के उपयोग के महत्व के बारे में समझाना आवश्यक है। सही तरीके से हाथ धोना, भोजन करने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद, हाथों के जरिए फैलने वाले इन्फेक्शन को कम करने में काफी मदद कर सकता है। स्वास्थ्य संगठनों को, स्कूलों और समुदाय के नेताओं के साथ, कम उम्र से ही हेल्थ कितना जरूरी है ये बताना चाहिए।

## बच्चों में गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों से ऐसे करें रोकथाम

### सुरक्षित पेयजल

जलजनित बीमारियौं की रोकथाम स्वच्छ और सुरक्षित पानी तक पहुंच सुनिश्चित करने से शुरू होती है। केवल फ़िल्टर्ड या उबला हुआ पानी पिएं। इन्फेक्शन को रोकने के लिए पानी के जार या कंटेनर्स को रोजाना धोना चाहिए। दुर्भाग्य से, दुनिया भर में लाखों बच्चों अभी भी बेहतर जल स्रोतों से वंचित है, जिससे वे रोकथाम योग्य बीमारियों के प्रति संवेदनशील हैं। इसके अतिरिक्त, संभावित जोखिम की पहचान करने के लिए पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण है।

### शिक्षित करना

शिक्षा पानी की वजह से होने वाली बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। माता-पिता और देखभाल करने वालों को पीने, खाना पकाने और व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए सुरक्षित पानी के उपयोग के महत्व के बारे में समझाना आवश्यक है। सही तरीके से हाथ धोना, भोजन करने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद, हाथों के जरिए फैलने वाले इन्फेक्शन को कम करने में काफी मदद कर सकता है।

### टीकाकरण

कुछ जलजनित बीमारियों को रोकने में टीकाकरण एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सुनिश्चित करना कि बच्चों को समय पर टीकाकरण मिले, इससे न केवल उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा होती है, बल्कि टीकाकण जो उन लोगों की भी रक्षा करता है जो किसी दूसरी बीमारियों की वजह से वैक्सीन लगवाने के योग्य नहीं।

### साफ-सफाई

स्वच्छता और साफ-सफाई जलजनित रोग की रोकथाम की आधारशिला हैं। जल प्रदूषण को रोकने के लिए मानव अपशिष्ट का उचित निपटान, पानी का सुरक्षित भंडारण और पानी के कंटेनरों की नियमित सफाई आवश्यक हैं। सरकारों और संगठनों को समुदायों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने, अच्छी स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए जो बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और जलजनित बीमारियों के खतरे को कम करती हैं।

### पहचान और उपचार

जलजनित बीमारियों की समय पर पहचान और प्रबंधन उसकी जटिलताओं को रोकने और पूर्ण स्वस्थ होने को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। हेल्थ एक्सपर्ट्स को इन बीमारियों के लक्षणों और संकेतों की पहचान में सतर्क रहना चाहिए, खासकर छोटे बच्चों में जिन्हें अपनी परेशानी बताने में कठिनाई हो सकती है।



# वजन घटाने में उपयोगी हैं किचन में मौजूद ये मसाले



### हल्दी

हल्दी भारतीय किचन में इस्तेमाल होने वाला एक आम मसाला है, जो आयुर्वेदिक दवाओं में इस्तेमाल की जाने वाली एक शक्तिशाली सामग्री भी है। हल्दी में करक्यूमिन की अच्छाइयां और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर कंपाउंड पाए जाते हैं, जो फैट टिशू की सूजन को कम कर वजन घटाने में सहायता कर सकते हैं।

### काली मिर्च

काली मिर्च, जिसे ब्लैक पेपर के नाम से भी जाना जाता है, एक जरूरी भारतीय मसाला है, जिसमें पिपेरिन नामक एक कंपाउंड होता है, जिसमें थर्मोजेनिक गुण होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ा सकते हैं और फैट बर्न होने में मदद करते हैं।

### अश्वगंधा

अश्वगंधा तनाव और कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे बेहतर वजन प्रबंधन हो सकता है और इंसुलिन असंतुलन में भी सुधार होता है।

### अदरक

अदरक, जिसे अंग्रेजी में जिंजर के नाम से भी जाना जाता है, एक आम मसाला है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो पाचन में मदद कर भूख को नियंत्रित करता है, जिससे यह वजन प्रबंधन के लिए उपयोगी साबित होता है।

### दालचीनी

दालचीनी किचन में इस्तेमाल होने वाला एक और आम मसाला है, जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है। साथ ही यह अत्यधिक इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने और हृदय स्वास्थ्य में भी सुधार करती है। वजन घटाने के लिए भी दालचीनी बेहद फायदेमंद है।

### कड़ी पत्ता

कड़ी पत्ता जिसे करी लीव्स के नाम से भी जाना जाता है, पाचन में सुधार करने के साथ ही फैट जमा होने से रोकने में मदद करता है, जो वजन घटाने में सहायता करता है।

### गुग्गुल

गुग्गुल को कॉमिफोरा वाइटी के नाम से भी जाना जाता है, जो अपने शक्तिशाली गुणों के लिए जाना जाता है। यह मेटाबॉलिज्स को बढ़ावा देने में मदद करता है और फैट के टूटने में सहायता करता है, जो वजन घटाने में योगदान कर सकता है।

### त्रिफला

यह आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी तीन फलों आंवला, हरीतकी और बिभीतकी से मिलकर बनती है। यह अपने उपचार और विषहरण गुणों के लिए जाना जाता है।



# ढोकला

व्रत में आप अन्न का सेवन नहीं कर सकते हैं। अक्सर घरों में व्रत वाले दिन साबूदाना खिचड़ी ही बनती है, लेकिन आप साबुदाना खाकर बोर हो गए हैं, तो आप व्रत वाले ढोकले बना सकते हैं। आज हम आपको समक के चावल से बनने वाले ढोकले की रेसिपी बताएंगे।



### आवश्यक सामग्री

समक चावल का आटा- 1 कप, दही-1/2 कप, पानी-1/2 कप, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट-1 चम्मच, सेंधा नमक- 1/2 चम्मच, तेल- 1 बड़ा चम्मच, ईनो- 1 चम्मच, हरा धनिया (गार्निश के लिए)

### तड़के के लिए:

तेल- 1 बड़ा चम्मच, राई- 1/2 चम्मच, करी पत्ते- 8-10


### बनाने की विधि

- व्रत वाले ढोकले बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल लें। अब इसमें समक चावल का आटा, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, सेंधा नमक, दही, पानी और तेल डाल लें। इसे अच्छी तरह फेंटकर एक चिकना बैटर तार कर लें। अब इसे 10-15 मिनट के लिए ढक कर साइड में रख दें।
- एक बर्तन में पानी भरकर और ऊपर स्टीमिंग प्लेट या मोल्ड रखकर स्टीमर तैयार कर लें और मोल्ड को तेल से चिकना कर लीजिए। 10-15 मिनट बाद बैटर में ईनो मिलाकर अच्छे से एक दिशा में धीरे-धीरे मिलाएं। बैटर में जब झाग आ जाए तो इसे तेल लगे मोल्ड में डालें और अच्छे से पूरे मोल्ड में फैला दें। मोल्ड को स्टीमर में रखें और ढक्कन से ढक दें। लगभग 15-20 मिनट तक इसे पकाएं अब टूथपिक से या चम्मच से चेक करें कि ढोकला पक गया है या नहीं, अगर आपकी टूथपिक या चम्मत ढोकले में डालने से साफ निकलती है तो मतलब ढोकला पक चुका है।
- अब इसे स्टीमर से निकाल लें और कुछ मिनट के लिए ठंडा होने दें। जब ढोकले वाला मोल्ड ठंडा हो जाए तो इसे मनचाहे शेप में काट लें।
- एक पैन में तेल डाले और तेल गर्म हो जाने के बाद इसमें राई का तड़का लगाएं। इसके बाद इसमें करी पत्ता डाल लें। आप चाहें को तड़के में सूखी लाल मिर्च भी डाल सकते हैं।
- तड़के को कटे हुए ढोकला के टुकड़ों के ऊपर डालें और ताजी कटी हुई हरी धनिया से इसे गार्निश करें।
- आपका व्रत वाला ढोकला तैयार है इसे हरी चटनी या मीठी चटनी के साथ सर्व करें।

# गुजरात टाइटन्स की निगाहें टॉप 2 पर

## प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी लखनऊ की टीम

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2025 के 64वें लीग मैच में बृहस्पतिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी। मेजबान गुजरात टाइटन्स का इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक हासिल कर चुकी गुजरात टाइटंस प्लेऑफ्स में जगह बना चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और पंजाब किंग्स के 17-17 अंक हैं। ऐसे में शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है। गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्ष क्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साइ सुदर्शन (617 रन), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। तीनों मिलकर 16 अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के चलते मध्यक्रम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी है।



### मध्यक्रम की नाकामी ने लखनऊ की परेशानी बढ़ा दी

गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है। भारत के प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर को 15-15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापिस आ चुके हैं। दूसरी ओर सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद लखनऊ की प्लेऑफ्स की रही सही उम्मीदें भी ध्वस्त हो गई। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में निरंतरता के अभाव और चोटों से जूझती रही। बल्लेबाजी में टीम विदेशी खिलाड़ियों मिचेल मार्श, एडेन माक्रम और निकोलस पूरन पर निर्भर करती आई है। पंत पूरे सत्र में नहीं चल सके और मध्यक्रम की नाकामी ने लखनऊ की परेशानी बढा दी। प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उसका काम और मुश्किल कर दिया।

### मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर रहे जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव भी नहीं खेल पाये। आवेश खान और आकाश दीप फिटनेस समस्या से जूझते रहे। पंत ने पिछले मैच के बाद कहा था, ''यह हमारा सर्वश्रेष्ठ सत्र हो सकता था लेकिन चोटों के कारण हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ा। हमने इसके बारे में बात नहीं करने का फैसला किया था लेकिन उन कमियों को पूरा करना मुश्किल हो गया था।'' इस मैच में लखनऊ को अपने सबसे सफल गेंदबाज स्पिनर दिग्वेश राठी के बिना उतरना होगा जो 14 विकेट ले चुके हैं। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा से भिड़ने के कारण वह एक मैच का निलंबन झेल रहे हैं। मैच शाम 7 :30 बजे से

### गुजरात टाइटन्स

शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, शेरफेन रदरफोर्ड, निशांत सिद्धू, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, आर साई किशोर, जयंत यादव, करीम जनत, बी साई सुदर्शन, दासुन शनाका, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रिसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर सिंह बरार, इशांत शर्मा, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया और राशिद खान।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।



ऋषभ पंत पर नजरें

# चेन्नई को मिली सीजन की 10वीं हार

## राजस्थान 6 विकेट से जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने एकतरफा मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। यह चेन्नई की सीजन में 10वीं हार है। वह अंक तालिका में आखिरी स्थान पर बनी हुई है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। चेन्नई ने आयुष म्हात्रे के 20 गेंदों पर 43, देवाल्ड ब्रेविस के 25 गेंदों पर 42, शिवम दुबे के 32 गेंदों पर 39 रन की बदौलत 187 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान ने जायसवाल के 36, सूर्यवंशी के 57 तो कप्तान सैमसन के 41 रनों की बदौलत 4 विकेट खोकर 188 रन बनाकर मैच जीत लिया। राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर है। लेकिन यह मैच जीतकर उनके प्लेयरों ने कुछ आत्मविश्वास जरूर पाया होगा।

### चेन्नई की सुरूआत खराब

चेन्नई की शुरूआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में युद्धवीर सिंहने पहले डेवोन कॉनवे तो बाद में उर्विल पटेल को पवेलियन लौटा दिया। इस दौरान आयुष म्हात्रे ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। म्हात्रे ने 20 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 8 गेंदों पर 13 रन का योगदान दिया। रविंद्र जडेजा कुछ खास नहीं कर पाए और 1 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान जिम्मेदारी देवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे पर आ गई। देवाल्ड फिर से रंग में दिखे। उन्होंने 25 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। उन्हें आकाश मधवाल ने बोल्ड किया। इसके बाद शिवम दुबे ने एक छोर संभाल लिया। धोनी उनका साथ देते नजर आए। दुबे ने 32 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। धोनी भी इस दौरान अपने ट्वंटी 20 करियर में 350 छक्के लगाने में सफल रहे। धोनी ने 17 गेंदों पर 16 रन बनाए। आखिर चेन्नई की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 187 रन ही बना पाई।

### आज का मैच

TATA IPL

गुजरात VS लखनऊ

शाम 7.30 बजे



# 'मेरे लिए ये नए अनुभव हैं'

## IPL ने बदली दिल्ली के ऑलराउंडर विपराज निगम की जिंदगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला विपराज निगम का मानना है कि IPL से उनके जीवन में काफी बदलाव आए हैं और दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से मिली सीख उनके करियर को निखारने में काफी काम आएगी। 20 वर्ष के निगम को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रूपए में खरीदा था। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है। सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के बारे में निगम ने कहा, 'जीवन में कई बदलाव आए हैं। आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको इतने बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है।

## पूर्व बल्लेबाजी कोच ने माना

# इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (RR) के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि यशस्वी जायसवाल और जुरेल इंग्लैंड के आगामी पांच मैचों के टेस्ट दौरे में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। साथ ही 1996 में इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच राठौर का मानना है कि आगामी सीरीज टीम के लिए कठिन दौरा होगा,



क्योंकि हाल ही में संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी टीम से दूर है।

### जायसवाल और जुरेल भारत 'ए' टीम के साथ

राजस्थान रॉयल्स ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) पर छह विकेट की जीत के साथ अपने आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया। जायसवाल और जुरेल को भारत 'ए' टीम के साथ इंग्लैंड रवाना होने से पहले कुछ समय आराम मिलेगा जिसे इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो चार दिवसीय मैच खेलने हैं। इनमें से पहला मैच 30 मई को कैंटरबरी में खेला जाएगा और उसके बाद भारत 'ए' 13 जून को बेकेनहैम में मुख्य टेस्ट टीम के खिलाफ 'इंट्रा-स्क्वाड' मैच खेलेगा, उसके बाद 20 जून को हेडिंग्ले में टेस्ट सीरीज शुरू होगी। यह पहली बार होगा जब जायसवाल और जुरेल इंग्लैंड में अंतरराट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। राठौर ने कहा, 'जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत के बाद पहले ही कुछ बेहतरीन पारियां खेली हैं, और ध्रुव जुरेल ने भी।

# हरभजन लाए मुल्लांपुर में प्लेऑफ मैच, सूत्रों का दावा

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ मैचों के स्थानों को हैदराबाद और कोलकाता से न्यू चंडीगढ़ और अहमदाबाद में स्थानांतरित करने की खबर के बाद, यह जानकारी सामने आई है कि पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने इन मैचों को पंजाब में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूत्रों के अनुसार, हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारियों को मौजूदा मौसम परिस्थितियों में स्टेडियम की उपयुक्तता के लिए मनाने में कड़ी मेहनत की। एक सूत्र ने कहा कि हरभजन ने इसके लिए जोरदार प्रयास किए। उन्होंने प्रमुख निर्णय निर्माताओं को आश्वस्त किया कि न्यू चंडीगढ़ सुविधाओं और दर्शकों के उत्साह के मामले में तैयार है। वह केवल पैरवी नहीं कर रहे थे; बल्कि वे निरीक्षण दौरों, पिच चर्चाओं और लॉजिस्टिक योजना में गहराई से शामिल थे।"पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य क्रिकेट सलाहकार हरभजन ने संन्यास के बाद क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने में सक्रियता दिखाई है और मोहाली के नियमित मेजबान स्थल के रूप में महत्व कम होने के बाद पंजाब में अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल-स्तर के मैचों की कमी को लेकर हमेशा चिंता जताई है।

### 30 मई को एलिमिनेटर

मुल्लांपुर में स्टेडियम के सफल निर्माण के साथ, उन्होंने पंजाब में उच्च-स्तरीय क्रिकेट को वापस लाने का अवसर देखा। बीसीसीआई ने मंगलवार को आईपीएल 2025 प्लेऑफ का शेड्यूल घोषित किया। 70 रोमांचक लीग-चरण मैचों के बाद, न्यू पीसीए स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में ध्यान केंद्रित होगा, जहां 29 मई को शीर्ष दो रैंक वाली टीमों के बीच क्वालिफायर 1 होगा, इसके बाद 30 मई को एक रोमांचक एलिमिनेटर मुकाबला होगा। दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम, अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, क्वालिफायर 2 और ग्रैंड फाइनल की मेजबानी करेगा। क्वालिफायर 1 के हारने वाली और एलिमिनेटर की विजेता टीम के बीच क्वालिफायर 2, 1 जून को होगा। बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 3 जून को खेला जाएगा।



# CSK ने शुरू कर दी है IPL के अगले सीजन की तैयारी?

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा है और वह प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। हालांकि, टीम इस सीजन के निराशाजनक प्रदर्शन को भूल कर अगले सत्र के बारे में सोच रही है। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति में सीएसके की कमान संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी ने बताया है कि सीएसके ने अगले सीजन के लिए पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएसके की टीम मौजूदा सत्र में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली शुरुआती टीमों में से एक थी।

### पुनर्निर्माण की आवश्यता : धोनी

टीम अंक तालिका में निचले पायदान पर है। धोनी की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने अतीत में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। टीम ने 2024 सत्र की शुरुआत से पहले गायकवाड़ को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके चोटिल होने के बाद फिर से धोनी को टीम की कमान सौंपी गई। धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान कहा, मुझे लगता है कि हमने यह प्रक्रिया (पुनर्निर्माण) पहले ही शुरू कर दी है। जब बल्लेबाजी की बात आती है, तो हम बिना किसी दबाव के खेलना चाहते हैं। पिछले कुछ मैचों में हमने वही किया है।

# पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए घोषित की टीम

**लाहौर।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को शामिल नहीं किया गया है। पीसीबी ने कहा कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर, रिजवान और अफरीदी को टी20 सेटअप से



बाहर किया गया है। इससे पहले अप्रैल में, तीनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन वे वनडे मैचों का हिस्सा थे। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाली तीन मैचों की सीरीज माइक हेसन की कोच के तौर पर पहली सीरीज होगी, जिसका शेड्यूल आने वाले दिनों में घोषित किया जाएगा। बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे और ऑलराउंडर शादाब खान उप-कप्तान होंगे जबकि अनुभवी सफेद गेंद के खिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह भी टीम में शामिल हैं।

### बल्लेबाज सैम अयूब की वापसी

चोट से जूझ रहे तेजतर्रार बल्लेबाज सैम अयूब की वापसी से पाकिस्तान को मजबूती मिलेगी। फरवरी में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण करते समय टखने में फ्रैक्चर होने के बाद अयूब इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच से बाहर हो गए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मौजूदा पीएसएल सीजन में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। इस बीच 29 वर्षीय बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को PSL में प्रदर्शन के लिए 2018 के बाद पहली बार टी20आई टीम में वापस बुलाकर पुरस्कृत किया गया है।

# जिम्बाब्वे 22 साल बाद टेस्ट वापसी के लिए तैयार

## इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में होगा एकमात्र मैच

**नॉटिंघम।** जिम्बाब्वे 22 साल के लंबे अंतराल के बाद इंग्लैंड पर टेस्ट मैच खेलेगा। वह 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में बेन स्टोक्स की टीम से एकमात्र मैच खेलेगा। इंग्लैंड नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत फ्रंट फुट पर करना चाहेगा, जबकि जिम्बाब्वे हाल ही में बांग्लादेश में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जीत के साथ इंग्लैंड में वापसी का जश्न मनाने की उम्मीद करेगा।



जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2003 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। इससे पहले दोनों टीमें सन् 2000 (इंग्लैंड ने 1-0 से जीत हासिल की) और 1996-97 में रेड-बॉल फॉर्मेट में भिड़े थे, जहां सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुई थी। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण में तेज गेंदबाज सैम कुक को शामिल किया गया है, जिन्होंने काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन और इंग्लैंड लायंस के साथ हाल ही में मिली सफलता के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेला है। नॉटिंघमशायर के तेज गेंदबाज जोश टंग भी 2023 में एशेज में खेलने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए जोफ्रा आर्चर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे IPL में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इंजर्ड हो गए थे, उन्हें सीधे हाथ के अंगूठे में चोट लगी। जिससे वे अब तक उबर नहीं सके और इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए। आर्चर को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम में चुना गया था। सीरीज 29 मई से शुरू होगी। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को स्क्वॉड में जगह मिली है।



# रोहित-कोहली और अश्विन के बिना इंग्लैंड टूर पर भारत

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा भारतीय टीम के लिये इंग्लैंड दौरा कठिन होगा जिसके 3 दिग्गज खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शुभमन गिल का टेस्ट कप्तान बनना तय लग रहा है जबकि शीर्ष और मध्यक्रम नया होगा।



### युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका

20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र का आगाज होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की छह विकेट से जीत के बाद राठौर ने कहा, ''यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा।''राठौड़ ने कहा, ''ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो रिटायर हो चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए।''रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौर ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने कल की जीत में अहम भूमिका निभाई ।उन्होंने कहा, ''हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है। उसने इतनी परिपक्वता दिखाई है और इस तरह के अनुभव से वह और निखरेगा।''

# CSK के कोच फ्लेमिंग ने 10वीं हार के बाद तोड़ी चुप्पी

## IPL 2025 की असफलता का राज खोला

**नई दिल्ली।** आईपीएल के इस सत्र में टीम के शर्मनाक प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि वे तालिका में सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे लेकिन उन्होंने 'दमदार योजनाओं' के साथ लौटने का वादा किया। आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक पांच बार की चैम्पियन चेन्नई को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट से हराया जिसके बाद उसका आखिरी स्थान पर रहना तय लग रहा है। फ्लेमिंग ने कहा, 'हम नीचे रहना पसंद नहीं करते। हम अच्छा खेलना चाहते थे। हमारा लक्ष्य आखिरी दो मैचों में बेहतर प्रदर्शन था। लेकिन अब एक ही रह गया है। शायद हम इस बार सबसे नीचे रहने के ही हकदार थे क्योंकि हमने ऐसी ही क्रिकेट खेली है। इससे बचा नहीं जा सकता।'



उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति उन्हें पता है और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की विफलता ने उनके अभियान को ढर्रे से उतार दिया। उन्होंने कहा, 'हमें अपनी टीम को ढर्रे पर लाना होगा। हमारे पास अगले साल के लिए मजबूत रणनीति है लिहाजा सभी पहलुओं पर काम किया जाएगा। इस साल शीर्षक्रम से अच्छे रन नहीं मिलने के कारण ऐसा हो नहीं पाया।' न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'बहुत सारे बल्लेबाजी क्रम अच्छी शुरूआत पर निर्भर करते हैं जो हमें नहीं मिल सकी।

# कप्तान संजू सैमसन ने की सूर्यवंशी की तारीफ



## बोले- उसका भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को लीग के अपने आखिरी मैच में जीत दिलाने के बाद कप्तान संजू सैमसन बेहद खुश नजर आए। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स से मैच जीतने के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हम सोच रहे थे कि हमें पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए और स्कोर बनाना चाहिए। मैंने इस खेल में छिपने का फैसला नहीं किया। पीछा करने और उसका सामना करने का फैसला किया। हमारे पास बहुत युवा गेंदबाजी लाइन अप है। हम जोफ्रा और संदीप को याद कर रहे हैं। लेकिन जिस तरह का स्वभाव और योजना है, वह देखकर खुशी हुई। उसका भविष्य उज्ज्वल है। वे बहुत युवा और होनहार हैं। बहुत काम चल रहा है। उन्होंने केवल पिछले चार गेम खेले हैं। शेन बॉन्ड उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं। राहुल सर और अन्य लोगों ने देखा है कि उन्होंने कितनी मेहनत की है। हम सभी उनके लिए खुश हैं। जिस तरह से लोग पावरप्ले को देख रहे हैं। सैमसन ने कहा कि टीमों की गुणवत्ता में बहुत अंतर नहीं है। जीतने और हारने में त्रुटि का मार्जिन बहुत कम है। हमें बैठकर उचित समीक्षा करनी होगी।

### हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे थे : यशस्वी



निश्चित रूप से हम बेहतर कर सकते थे। यह भाग्य के बारे में नहीं है। हमने कुछ गलतियां की हैं। हमें अगले सीज़न में बेहतर मानसिकता के साथ वापस आना चाहिए। मेरे पास वैभव के लिए शब्द नहीं हैं। उसने शतक बनाया। वह कवर पर धीमी गेंद को भी मार सकता है। आज जब बीच के ओवर चल रहे थे, तो वह बहुत ही समझदारी से अपना काम कर रहे थे। इतनी कम उम्र में ही उन्हें खेल के बारे में जानकारी है। वहीं, यशस्वी जायसवाल ने मैच जीतने के बाद कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे थे और मैंने इसका वास्तव में आनंद लिया। टीम में कुछ चोटें आई हैं, संजू भाई कुछ खेलों के बाद वापस आ गए और यह हमारे लिए एक अच्छा खेल था, हम आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे। सूर्यवंशी पर जायसवाल ने कहा कि वह वास्तव में अच्छा खेला, उन्होंने आज कमाल का प्रदर्शन किया, हमने देखा है कि वह पूरे टूर्नामेंट में कैसे खेल रहे हैं। वहीं, गेंदबाजों पर उन्होंने कहा कि उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की है, हमारे पास एक स्पष्ट योजना है कि हमें कहां गेंदबाजी करनी है। मैं उन्हें बता रहा था कि आपके पास जो भी योजना है, उसे स्पष्ट दिमाग से करें और उसे करें।

# सिद्धांत और सारा का हुआ ब्रेकअप!



एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा के अफेयर की चर्चा कुछ हफ्ते पहले मनोरंजन के गलियारे में गूंज रही थी। चारों तरफ दोनों के रिश्तों को लेकर बातें हो रही थीं। हालांकि अब इस पर मुहर तो लगी है लेकिन एक चौंकाने वाला अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि इनका प्यार पनपने के पहले ही खत्म हो गया। कपल का ब्रेकअप हो गया।रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के एक करीबी सोर्स ने बताया है, 'हाल ही में इनका ब्रेकअप हुआ है। सिद्धांत ने ही इसे खत्म करने का फैसला किया था। दोनों ने तो एक-दूसरे के परिवार तक से मुलाकात कर ली थी।'



हालांकि इनके ब्रेकअप की क्या वजह है, ये मालूम नहीं हो सकी। मगर परिवार से मिलने के बाद ये खबर सामने आई है, जिस कारण अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। सारा तेंदुलकर का नाम पहले क्रिकेटर शुभमन गिल से भी जुड़ा था। लेकिन भारतीय बल्लेबाज ने इसे अफवाह बताया था और कहा था कि वह अपने प्रोफेशनल करियर पर ध्यान दे रहे हैं और किसी को डेट नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, सिद्धांत चतुर्वेदी का नाम अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा के साथ जुड़ा था। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी किया गया है। लेकिन पिछले साल ही दोनों अलग हो गए थे। सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक मैग्जीन से बातचीत में अपने रिलेशनशिप के बारे में बात की थी, 'पहला रिश्ता इसलिए नहीं चल पाया क्योंकि मैं 19 साल का था, अपनी CA की पढ़ाई पर ध्यान दे रहा था और एक दूसरे से बहुत प्यार करता था। हमने तीन साल तक डेट किया और शादी करने का भी प्लान किया। लेकिन जब एक्टिंग करने का फैसला किया तो उसे ये पसंद नहीं आया और वह जल्दी शादी करने का कहने लगी। और मैं वैसा नहीं कर सका। मैंने करियर चुना और उसे ही सफल बनाने का तय किया। और अब वह शादीशुदा है और खुश है। दूसरा रिलेशनशिप तब शुरू हुई जब मैं गली बॉय की शूटिंग कर रहा था। जब फिल्म रिलीज हुई तो अचानक आए बदलावों को अपनाना और मेरे पार्टनर के लिए थोड़ा मुश्किल था। लाइफ में उस उथल-पुथल को समझने के कारण काफी स्ट्रगल किया और अंत में ब्रेकअप हो गया।'

# उर्वशी रौतेला ने कान्स में क्यों पहनी फटी ड्रेस?

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेरती नजर आई थीं। उन्होंने ब्लैक कलर का गाउन पहना था, लेकिन लोगों ने देखा कि बाजू के पास उनकी ड्रेस फटी हुई है। इसको लेकर लोगों ने कई तरह के सवाल किए। लेकिन अब आखिरकार इसका जवाब मिल गया है। एक्ट्रेस ने इसके पीछे की कहानी बयां की है। उर्वशी रौतेला ने 18 मई को Cannes में ब्राजीलियाई फिल्म 'ओ एजेन्टे सेक्रेटो' की स्क्रीनिंग के लिए एक काले रंग का गाउन पहना था।



रेड कार्पेट पर जब उन्होंने कैमरों की ओर हाथ हिलाने के लिए हाथ उठाया, तो फैंस ने कुछ असामान्य देखा। जल्दी ही वॉर्डरोब मालफंक्शन को नोटिस कर लिया। उनके आउटफिट में अंडरआर्म के पास फटा हुआ था। ये वायरल हो गया। नेटिजंस ने उनका मजाक उड़ाते हुए उन्हें 'फ्रेंच रिवेरा में फटी हुई ड्रेस पहनने वाली पहली भारतीय महिला' कहा। अब उर्वशी ने इसपर चुप्पी तोड़ी है। 31 साल की उर्वशी रौतेला ने IANS को बताया कि उनकी कार का ड्राइवर 70 साल की बुजुर्ग महिला को सुरक्षित सड़क पार कराने की कोशिश में अचानक रुक गया। इस वजह से उनकी ड्रेस फट गई। उन्होंने अपनी ड्रेस के फटने को 'आर्ट का विजन' बताया, क्योंकि ये मानवता की कहानी बयां करता है। उन्होंने कहा, 'मेरे प्यार फैंस, मैं एक ऐसी कहानी शेयर करना चाहती हूं, जिसने हमारे रेड कार्पेट सफर को री-डिफाइन किया। जैसे ही हम इवेंट की ओर बढ़ रहे थे, हमारी कार अचानक रुक गई। 70 साल की बुजुर्ग महिला हमारे रास्ते में आ गई। उसे बचाने के लिए हमारे ड्राइवर ने तुरंत कार रोक दी, जिससे हमें धक्का लगा और हम आगे की तरफ खिसक गए। मेरे गाउन ने एक आंसू के साथ इसकी कीमत चुकाई। फिर भी मुझे उस पल नुकसान नहीं महसूस हुआ। बल्कि सुरक्षा, जिंदा रहने और एक बताने लायक कहानी के साथ रेड कार्पेट पर चलने के लिए आभार महसूस हुआ।'


# अली गोनी की तस्वीर देख गुस्से से उबले जैस्मीन भसीन के फैंस!



अली गोनी और जैस्मीन भसीन टीवी के फेमस सितारे हैं। दोनों कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब तो लिव-इन में भी रहने जा रहे हैं। इस बीच अली ने अपनी गर्लफ्रेंड लेकर एक ऐसा पोस्ट किया, जो वायरल हो गया। इस पोस्ट को लेकर उनकी काफी आलोचना हो रही है। यहां तक कि उन्हें 'रेड फ्लैग' वाला बॉयफ्रेंड भी कहा जा रहा है। अली गोनी ने हाल ही में जैस्मीन भसीन की इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की। इसमें वो सफेद रंग का क्रॉप टॉप और जींस पहनकर पोज देती नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए अली ने पूछा, 'क्या जैस्मीन छपरी है?' इसके साथ एक हंसी वाला इमोजी भी बनाया। दूसरी तरफ जैस्मीन ने भी अली का एक स्केच शेयर किया और पूछा, 'क्या अली छपरी है?'

भले ही अली और जैस्मीन ने मजाक-मजाक में एक-दूसरे की ऐसी तस्वीरें पोस्ट करते हुए 'छपरी' शब्द लिखा, लेकिन फैंस को ये बात रास नहीं आई। खासतौर से अली का गर्लफ्रेंड को छपरी कहना। कुछ ने अपनी गर्लफ्रेंड का अपमान करने पर अली को कोसा तो किसी ने एक्टर को 'रेड फ्लैग' तक कहा। एक यूजर ने लिखा, 'अपनी गर्लफ्रेंड के लिए ऐसे पोस्ट कौन करता है यार?' दूसरे ने कहा, 'भाई ये आदमी रेड फ्लैग है।' एक और ने इनकी जोड़ी को अजीब बताया। हालांकि, अली और जैस्मीन के फैंस ने उनका बचाव भी किया। उन्होंने ट्रोल्स से कहा कि दोनों एक्टर्स एक साथ रहने लगे हैं और इसलिए इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को 'छपरी' कहना कोई हिम्मत की बात हो सकती है। काम की बात करें तो जैस्मीन ने 'दिल से दिल तक', 'दिल तो हैप्पी है जी' और 'नागिन 4' जैसे सक्सेसफुल शो में काम किया है। 'बिग बॉस' के अलावा वो 'खतरों के खिलाड़ी' में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने 2022 में 'हनीमून' से पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की। इसमें गिप्पी ग्रेवाल लीड रोल में थे। अली की बात करें तो वो 'ये है मोहब्बतें' और 'तेरे मेरे दरमियां' जैसे शोज में नजर आ चुके हैं। उन्होंने भी 'खतरों के खिलाड़ी' में स्टंट किए। और 'खतरा खतरा खतरा' जैसे शो का भी हिस्सा रहे। फिलहाल वो 'लाफ्टर शेफ्स 2' में हैं।





# ऑपरेशन खुकरी: मेजर जनरल पुनिया बनेंगे रणदीप हुड्डा

'जाट' की जबरदस्त सफलता के बाद बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा अब एक और बड़ी व रोमांचक फिल्म में नजर आएंगे। यह फिल्म भारतीय सेना के एक बेहद साहसी शांति मिशन 'ऑपरेशन खुकरी' पर आधारित होगी, जो 2000 में अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में अंजाम दिया गया था। इस फिल्म में Randeep Hooda भारतीय सेना के मेजर जनरल राज पाल पुनिया (उस समय 14वीं मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री के यंग कंपनी कमांडर) का किरदार निभाएंगे, जिन्होंने अपने 233 जवानों को 75 दिनों की घेराबंदी के बाद दुश्मनों से छुड़ाया था। यह मिशन जंगलों में भारी लड़ाई के बीच सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया था। यह फिल्म पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया की बेस्टसेलर किताब 'ऑपरेशन खुकरी: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ द इंडियन आर्म्स ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड' पर बेस्ड है, जिसके आधिकारिक फिल्म राइट्स राहुल मित्रा फिल्म्स और रणदीप हुड्डा फिल्म्स ने हासिल कर लिए हैं। इस प्रोजेक्ट पर बात करते हुए रणदीप ने कहा, 'ऑपरेशन खुकरी की कहानी ने मुझे बहुत गहराई से छुआ है। यह सिर्फ युद्ध या हथियारों की कहानी नहीं है, बल्कि बलिदान, भाईचारे और हिम्मत की कहानी है।

# सनी देओल पर बच्चों की तरह प्यार लुटाते दिखे पापा धर्मेंद्र

सनी देओल अपने पिता एक्टर धर्मेंद्र के बेहद करीब हैं। वो अक्सर पिता के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करते देखे गए हैं। अब एक्टर ने पापा को याद करते हुए एक और प्यारा वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में इस उम्र में भी पिता और बेटे के बीच प्यार देखा जा सकता है। सनी अपने बूढ़े हो चुके पिता का खास ख्याल रख रहे हैं। दोनों के बीच इस खास रिश्ते को एक्टर के फैंस पसंद कर रहे हैं। गदर एक्टर को आदर्श बेटा बता रहे हैं। सनी देओल इस समय बॉर्डर 2 की शूटिंग में बिजी हैं। उन्होंने पापा धर्मेंद्र के साथ एक ट्रिप का वीडियो शेयर करते हुए बताया कि वो उन्हें फिल्म की शूटिंग सेट पर याद कर रहे हैं। इस वीडियो में दोनों एक्टर्स को विंटर वियर में देखा जा सकता है। धर्मेंद्र ने लॉन्ग ब्लैक ओवर कोट पहना है। वहीं सनी देओल वार्म शर्ट और टोपी में दिख रहे हैं। दोनों अपने फैंस से बात करते हैं। अंत में धर्मेंद्र बेटे सनी देओल के माथे को चूमते हुए वीडियो को एंड कर देते हैं। सनी देओल ने ये वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आपको शूट पर याद कर रहा हूं। आपको बहुत प्यार करता हूं पापा। हमें ऐसे ट्रिप और ज्यादा करने की जरूरत है।' इस वीडियो पर एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, 'सनी देओल जैसा बेटा होना चाहिए', एक और यूजर ने लिखा इस उम्र में भी धर्मेंद्र अपने बेटे को छोटे बच्चे की तरह चूम रहे हैं', एक और यूजर ने लिखा, 'सनी पाजी आप बहुत अच्छे से अपने पापा का ख्याल रखते हैं', एक और यूजर ने लिखा, 'कितना खूबसूरत देओल परिवार है'।



# 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन का ये सीन है थलपति विजय की 'बैरवा' से कॉपी



ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त, 2025 को रिलीज होने के लिए तैयार है। हालांकि उसके पहले इसका टीजर जारी किया, जिसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। कुछ सीन अच्छे लगे और कुछ को लोगों ने वाहियात बताया। अब एक सीन को तो थलपति विजय की मूवी 'बैरवा' का कॉपी बताया है। साथ ही सबूत भी दिया है, जिसमें ऋतिक हूबबू उनके जैसे एक्शन करते दिख रहे हैं। फिल्म 'वॉर' के टीजर में ऋतिक रोशन का किरदार कबीर अपनी हथेली से एक कुदाल घुमाता हुआ नजर आ रहा है। यह एक्शन काफी हद तक थलपति विजय की फिल्म 'बैरवा' के एक सीन से मिलता-जुलता है। क्योंकि उस सीन में भी थलपति कुछ वैसे ही कुल्हाड़ी घुमाते दिख रहे हैं। अब इसे देख लोग हैरानी जता रहे हैं कि कहीं मेकर्स ने उनकी मूवी से तो वो सीन नहीं लिया है।थलपति विजय की 'बैरवा' साल 2017 में रिलीज हुई थी। ये एक तमिल भाषा मूवी है, जिसे भारतन ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसकी कहानी एक बैंक कलेक्शन एजेंट की है, जो अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ता है। इशमें कीर्ति सुरेश, जगपति बाबू, डैनियल बालाजी, सतीश, थम्बी रामैया, माइम गोपी, सिजा रोज समेत अन्य लोग थे। और दिलचस्प बात ये है कि इस मूवी के एक्शन डायरेक्टर एएनएल अरासु ने ही 'वॉर 2' में भी एक्शन कोरियोग्राफ किया है।

# आरती रवि ने जयम रवि से तलाक के लिए मांगा भारी-भरकम गुजारा भत्ता


तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रवि मोहन उर्फ जयम रवि की निजी जिंदगी में बीते कुछ महीनों से भूचाल आया हुआ है। एक्टर की पर्सनल लाइफ अब सरेबाजार है। 'पति, पत्नी और वो' के इस घमासान में पिछले हफ्ते ही जयम रवि, उनसे अलग रह पत्नी आरती रवि और सिंगर गर्लफ्रेंड केनिशा फ्रांसिस के बीच सोशल मीडिया पर जंग देखने को मिली। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आरती रवि ने एक्टर से तलाक के लिए भारी-भरकम मुआवजे की मांग की है।

दोनों के तलाक को लेकर पिछले सितंबर से ही चेन्नई परिवार कल्याण न्यायालय में कार्यवाही चल रही है। जयम रवि और आरती रवि ने 2009 में बड़े धूमधाम से शादी की थी। लेकिन 15 साल बाद अब दोनों अलग रहे हैं। बीते साल सितंबर में जयम रवि ने ही तलाक की कार्यवाही शुरू की थी। तब एक्टर ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की थी, जिसके बाद आरती ने कहा था कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। अब खबर है कि दोनों के तलाक की कार्यवाही करीब-करीब आखिरी दौर में है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसी हफ्ते दोनों पक्ष चेन्नई में तीसरे अतिरिक्त परिवार कल्याण न्यायालय के सामने पेश हुए। 'न्यूज 18' की रिपोर्ट में कहा गया है कि जज थेनमोझी ने एक्टर रवि मोहन की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने साफ रूप से कहा कि आरती के साथ सुलह संभव नहीं है और वह तलाक चाहते हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि आरती रवि ने कथित तौर पर एक जवाबी याचिका दायर की है। इसमें कहा गया कि उन्हें अलग होने के बाद वित्तीय सहायता के रूप में हर महीने 40 लाख रुपये की जरूरत है। अदालत ने मामले में सुनवाई 12 जून तक के लिए स्थगित की है।



# "लीलो और स्टिच" का नया ट्रेलर रिलीज

वो नन्हा, प्यारा, और थोड़ा शरारती एलियन अब आपके दिल चुराने और इस गर्मी में मस्ती का तूफान लाने के लिए तैयार है, क्योंकि डिज़्नी की लीलो और स्टिच जल्द ही आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म का नया ट्रेलर अब सभी भाषाओं में उपलब्ध है।लीलो और स्टिच एक बेहद मज़ेदार और दिल को छू लेने वाली कहानी है — एक अकेली हवाईयन लड़की और एक फरार एलियन की, जो उसकी टूटी हुई फैमिली को फिर से जोड़ने में मदद करता है। इस फिल्म का निर्देशन किया है अवॉर्ड-विनिंग निर्देशक डीन फ्लाइशर कैंप ने। पटकथा लिखी है क्रिस केकानिओकालानी ब्राइट और माइक वैन वेस ने। फिल्म में अभिनय कर रहे हैं सिडनी एलिज़ाबेथ अगुडॉन्ग, बिली मैगनसैन, टिया कैरेर, हैना वाडिंगहैम, क्रिस सैंडर्स, कोर्टनी बी. वेंस, और ज़ैक गैलीफिआनाकिस, और नई कलाकार माया कीआलोहा की पहली फिल्म है यह। डिज़्नी की एनिमेटेड क्लासिक का यह लाइव-एक्शन रूपांतरण भारत में 23 मई 2025 को रिलीज़ होगा — अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में।



# अदनान सामी ने पाक आर्मी चीफ की उड़ाई खिल्ली

पाकिस्तानी आर्मी के चीफ जनरल आसिम मुनीर का मंगलवार को प्रमोशन कर दिया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद अब वह फील्मड मार्शल की रैंक पर हो गए हैं। यह फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लिया है। खबर वायरल होने के बाद आसिम मुनीर को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। पहले पाकिस्तान के नागरिक रह चुके अदनान सामी ने भी ट्विटर पर आसिम मुनीर का मजाक उड़ाया है। अदनान ने इनडायरेक्टली उन्हें गधों का सरताज बोला है। अदनान सामी ने वीडियो पोस्ट करके लिखा है, 'जनरल आसिम मुनीर का फील्ड मार्शल बनने के बाद पाकिस्तान सरकार को संबोधित करते हुए दिया गया एक्सेप्टेंस स्पीच'।

इस क्लिप में शख्स बोल रहा है, 'मेरे दोस्तो, मेरे भाइयों मुझे खुशी हुई है कि आप लोगों ने मुझे अपनी अंजुमन का सदर बनाया है। मैं आप लोगों को यकीन दिलाता हूं कि इंसान बनने के बावजूद मैं दुनियाभर के तमाम गधों के हुकूक की हिफाजत करूंगा, तमाम जानवरों के हुकूक की हिफाजत करूंगा और उन इंसानों के हुकूक की भी हिफाजत करूंगा जो इस दुनिया में जानवरों से बदतर जिंदगी जी रहे हैं। मेरे दोस्तों इंसानों ने हमेशा आपको गलत समझा है। आपने कभी सोचा? ऐ पागल दे पुत्रों जरा सोचो, तुम लोग इंसान को बड़ी शय समझते हो लेकिन ये कभी नहीं सोचा कि इंसान बड़ा चालाक है, वो जरूरत के लिए हमको बाप भी बना लेता है।' अदनान सामी का जन्म यूके में हुआ था और उनके पिता पाकिस्तानी थे। अदनान की मां भारत की थीं। साल 2001 में वह भारत आ गए। करीब दस साल तक विजिटिंग वीजा पर यहां रहे।



# सुनील शेट्टी को 'हेरा फेरी 3' से परेश रावल के बाहर होने पर लगा धक्का

बॉलीवुड एक्टर परेश रावल फिल्म हेरा फेरी 3 का हिस्सा नहीं होंगे। हाल में खुद एक्टर ने इस बारे में जानकारी दी कि उन्हें अपने रोल में कुछ खास नजर नहीं आ रहा है इसलिए वो फिल्म में बाबूराव गणपतराव आप्टे यानी बाबू भैया का किरदार निभाते नहीं दिखेंगे। अब इस पर फिल्म में श्याम का किरदार निभाने वाले एक्टर सुनील शेट्टी ने अपना रिएक्शन दिया है। एक्टर ने बताया उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी। बाद में उन्हें बच्चे अहान और अथिया ने उन्हें मैसेज कर परेश रावल की एग्जिट की खबर दी। इंडिया टुडे से बातचीत में जब सुनील शेट्टी से फिल्म हेरा फेरी 3 से परेश रावल के बाहर होने पर सवाल किया गया तो एक्टर ने कहा, "हम अगले साल शूटिंग शुरू करने वाले थे। हमने पहले ही शुरू कर दिया था। हमने एक प्रोमो शूट किया। यह बहुत बड़ी बात है। यह बहुत चौंकाने वाला है। मैं इसका कोई मतलब नहीं निकाल सकता। और आप जानते हैं कि इसे किसने भेजा?



अथिया और अहान दोनों ने इसे मुझे 15 मिनट के अंदर मैसेज भेजा, जिसमें पूछा गया था 'पापा यह क्या है?'। और मैं यहां अपने इंटरव्यू कर रहा था, और मुझे ऐसा लगा जैसे 'हे भगवान'।" एक्टर ने आगे कहा, "मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह बिल्कुल चौंकाने वाला है। मैंने पहले उन्हें मैसेज करने के बारे में सोचा, और फिर मैंने सोचा कि मैं उनसे मिलूंगा और इस बारे में बात करूंगा। मैंने इस बारे में किसी से कुछ नहीं कहा।